Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-288
रायपुर, मंगलवार 10 जून 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

## क्विक न्यूज

### आतंकवाद से निपटने में बेल्जियम के समर्थन का जयशंकर ने किया स्वागत



**नयी दिल्ली/ ब्रूसेल्स।** विदेश मंत्री एस जयशंकर यूरोप की अपनी एक सप्ताह की यात्रा के पहले चरण में बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री प्रीवॉट मैक्सिम के साथ बैठक की और आतंकवाद से निपटने में भारत के प्रति बेल्जियम के समर्थन और एकजुटता का स्वागत किया। जयशंकर की बेल्जियम के नेता के साथ ब्रूसेल्स में हुई इस बैठक के बारे में सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि मैक्सिम के साथ मिल कर उन्हें खुशी हुई। उन्होंने आतंकवाद से निपटने में बेल्जियम के समर्थन और एकजुटता का स्वागत किया।

### ज्ञानेश कुमार ने स्वीडन में भारतीय प्रवासियों के साथ की चुनाव पर चर्चा



**नयी दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्वीडन में रह रहे प्रवासी भारतीयों से मुलाकात में भारत में चुनाव व्यवस्था पर खुल कर चर्चा की जो आयोग के अनुसार-'एक यादगार चर्चा रहेगी।' कुमार स्टॉकहोम में चुनाव की सत्यनिष्ठा विषय पर मंगलार को शुरू हो रहे तीन दिन के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए स्वीडन पहुंचे हैं। आयोग की यहां सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार 'कुमार ने स्वीडन में प्रवासी भारतीयों के साथ बातचीत की जो यादगार रहेगी।'

### शेयर बाजार में चौथे दिन तेजी

**मुंबई।** अमेरिका और चीन के बीच लंदन में होने वाली व्यापार वार्ता से वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने की उम्मीद से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार लगातार चौथे दिन तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 256.22 अंक की छलांग लगाकर 82,445.21 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) कि निफ्टी 100.15 अंक उछलकर 25103.20 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,570.16 अंक और स्मॉलकैप 1.19 प्रतिशत मजबूत रहकर 54,074.88 अंक हो गया।

# आईईडी विस्फोट में एएसपी आकाश राव शहीद, चन्द्राकर और सोनल घायल

पायनियर संवाददाता ‹ सुकमा
www.dailypioneer.com

सुकमा जिले में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर पुलिस अधिकारी की गाड़ी को उड़ा दिया है। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आकाश राव गिरपुन्जे शहीद हो गए। वहीं एसडीओपी व टीआई समेत दो लोग घायल हो गये। जानकारी अनुसार कोंटा-गोलापल्ली मार्ग पर नए कैंप की स्थापना कर पुलिस अधिकारी लौट रहे थे। इस दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने एएसपी गिरपुन्जे गंभीर रूप से घायल हो गये उन्हें कोंटा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिए। अतिरिक्त एसपी आकाश क्षेत्र में पैदल गश्त ड्यूटी पर थे। ताकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी (भाकपा-माओवादी) की ओर से 10 जून को भारत बंद के आह्वान के



शहीद एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे

मददेनजर किसी भी प्रकार की नक्सली घटना को रोका जा सके। आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने बताया कि कोंटा-एर्राबोरा मार्ग पर डोंड्रा के पास आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से एएसपी कोंटा संभाग, जिला सुकमा, आकाश राव गिरिपंजे गंभीर रूप से घायल हो गये थे और उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। विस्फोट में कुछ अन्य अधिकारी और जवान भी घायल हुए हैं। सुंदरराज पी



घायल कोंटा थाना प्रभारी सोनल ग्वाला

द्वारा जारी बयान में बताया कि 10 जून को नक्सलियों द्वारा भारत बंद के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरीपुंजे, उप पुलिस अधीक्षक कोंटा भानुप्रताप चंद्राकर तथा निरीक्षक सोनल गवाला और अन्य जवानों के साथ कोंटा थाने क्षेत्र में गश्त पर पैदल निकले थे। जैसे ही कोंटो एर्राबोर मार्ग पर ग्राम डोंडरा के पास पहुंचे नक्सलियों द्वारा लगाए गए बारूदी सुरंग के चपेट में आने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अधिकारियों को कोंटा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां उपचार के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव शहीद हो गए वहीं उप पुलिस अधीक्षक कोंटा भानुप्रताप चंद्रकार तथा निरीक्षक सोनल ग्वाला घायल हो गए प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें बेहतर उपचार के लिए हेलिकाप्टर से रायपुर रवाना किया जा रहा है। सुंदरराज ने बताया कि आकाश राव गिरपून्जे (42), रायपुर जिले के निवासी थे और 2013 बैच के सीधी भर्ती डीएसपी थे। वे वर्ष 2024 से कोन्टा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवा दे रहे थे। वे छत्तीसगढ़ पुलिस के सबसे साहसी योद्धाओं में से एक थे, जिन्होंने मानपुर-मोहला और सुकमा जैसे वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दीं।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे के निवास पहुंचकर दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे के राजधानी रायपुर स्थित निवास पहुंचकर उनके पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री साय ने शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे के शोकसंतप्त परिवारजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे ने अपने कर्तव्य के प्रति अदम्य साहस, निष्ठा और समर्पण दिखाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमें उन पर गर्व है। सरकार इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री के साथ पहुंचे वन मंत्री केदार कश्यप और गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा ने भी शहीद गिरपुंजे को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा के कोंटा में हुई नक्सल घटना के मददेनजर अपना राजनांदगांव का प्रस्तावित दौरा स्थगित करते हुए मंत्रालय महानदी भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गृह विभाग के अधिकारियों की हाई लेवल बैठक में इस घटना की जानकारी ली। मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों से सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट के विषय में अधिकारियों से जानकारी ली और नक्सल ऑपरेशन्स की समीक्षा की।

## सुशासन से विभिन्न क्षेत्रों में आया बदलाव, प्रगति के साथ जीवन में सुगमता बढी : मोदी

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश ने 140 करोड़ लोगों की सामूहिक भागीदारी से सुशासन के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा है, जिससे तेजी से प्रगति हुई है और 'जीवन में सुगमता' आयी है। मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु परिवर्तन और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में राजग सरकार के केन्द्र की सत्ता में आने के बाद मोदी ने पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा,' सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत से प्रेरित होकर राजग सरकार ने तेजी से और संवेदनशीलता के साथ युगांतकारी परिवर्तन किए हैं। मोदी ने कहा है कि आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, सरकार ने जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि भारत आज न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी है।

## देश मे कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या 6491 पहुंची



**नयी दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या 6491 पहुंच गयी और राहत की बता यह है कि इसके संक्रमण से पिछले 24 घंटों के दौरान किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सोमवार सुबह आठ बजे तक 358 नए संक्रमण के मामले सामने आए, जिससे कोविड-19 के कुल मामलों की संख्या 6,491 हो गई। राहत की बात यह है कि पिछले 24 घंटों में कोरोना से संबंधित किसी अन्य मरीज की मौत नहीं हुई और मृतकों की संख्या 65 पर स्थिर है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश के दस राज्यों में कोरोना सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के दो पत्रकारों को दी गिरफ्तारी से राहत

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश में एक पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में कथित तौर पर मारपीट और जान के खतरे की आशंका के खिलाफ दायर दो पत्रकारों की याचिकाओं पर गिरफ्तारी से अंतरिम राहत देते हुए उन्हें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की सोमवार को अनुमति दी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता दोनों पत्रकारों -शशिकांत जाटव और अमरकांत सिंह चौहान को गिरफ्तारी से तो राहत दी, लेकिन किसी अन्य प्रकार की राहत के लिए उनकी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और उन्हें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जाने को कहा। पीठ ने कहा,'हम याचिका पर विचार नहीं कर रहे हैं। हालांकि, आरोपों को देखते हुए, हम याचिकाकर्ताओं को आज से (नौ जून 2025) दो सप्ताह के भीतर संबंधित उच्च न्यायालय जाने की अनुमति देते हैं। इस बीच जब तक याचिकाकर्ता उच्च न्यायालय नहीं जाते तब तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। याचिकाकर्ताओं ने अधीक्षक असित यादव सहित भिंड पुलिस पर हिरासत में हिंसा, जाति-आधारित दुर्व्यवहार और जान को लगातार खतरा होने का आरोप लगाया है।

## अवैध रेत खननः पत्रकारों को रेत माफियाओं ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



गरियाबंद जिले के पितईबंद घाट (पैरी नदी) में रेत माफियाओं ने पत्रकारों पर हमला बोल दिया। सोमवार को पितईबंद घाट पर अवैध खदान की कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों पर खदान संचालक के गुर्गो ने जानलेवा हमला कर दिया। गुर्गो ने न सिर्फ पत्रकारों के कैमरे और पहचान पत्र छीन लिए, बल्कि उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। जान बचाने के लिए पत्रकारों को खेतों और खलिहानों में जाकर छिपना पड़ा। दरअसल पितईबंद घाट पर अवैध रेत खनन की जानकारी मिलने के बाद पत्रकार इमरान मेमन, थानेश्वर साहू, जितेंद्र सिन्हा और अन्य मीडियाकर्मी मौके पर कवरेज के लिए पहुंचे थे। मौके पर रेत का अवैध परिवहन करते वाहन मिले, जिसकी सूचना पत्रकारों ने तत्काल जिला खनिज अधिकारी को दी। लेकिन खनिज विभाग की टीम तो नहीं पहुंची, कुछ देर बाद खदान संचालक के 7-8 गुर्गे वहां आ धमके। पहले उन्होंने पत्रकारों से बहस की, फिर कैमरा और आईडी छीन लिए और मारपीट शुरू कर दी। जब पत्रकारों ने भागकर जान बचाई, तो गुर्गे बाइक और स्कूटी से उनका पीछा करते रहे। घटना के तुरंत बाद पत्रकार इमरान मेमन ने मीडिया और प्रशासनिक अधिकारियों के ग्रुप में एक वीडियो संदेश भेजा था। पत्रकारों ने भागकर किसी तरह से अपनी जान बचाई। इसके बाद जिले के पत्रकार अवैध रेत खनन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे है। दरअसल अवैध रेत खनन का मामला राज्य में खूब फल-फूल रहा है। शासन-प्रशासन की बैठके सिर्फ एसी हाल की चार दीवारों तक ही सीमित है। प्रदेश के हर हिस्से में अवैध रेत खनन निरंतर जारी है। यह कोई पहली घटना नही है। इसके पहले रेत माफियाओं ने पुलिस जवान को कुचलकर मार दिया था। अब पत्रकारों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया।

## मोदी सरकार ने 11 साल में सिर्फ सपने बेचेः राहुल गांधी

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 साल के कार्यकाल को कमजोरों पर हिंसा, अपमान और भेदभावपूर्ण बताते हुए कहा है कि इस दौरान कहीं जवाबदेही नहीं रही और न कहीं कोई बदलाव हुआ है लेकिन प्रचार जमकर चलता रहा है। गांधी ने कहा कि 11 साल तक बिना किसी जवाबदेही के काम करने वाली मोदी सरकार सिर्फ बातें कर खूब प्रचार करती है और जुमलेबाजी करती रही है। हालात यह है कि सरकार अब 2025 पर बात करना छोड़, 2047 के सपने बेच रही है। इस दौरान दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के लिए अपमान, हिंसा और भेदभाव से भरे रहे। इन्हें संस्थागत रूप से दोयम दर्जे का नागरिक बनाने और मुख्यधारा से दूर रखने की साजिश चलती रही है। इस सरकार के 11 साल देश के करोड़ों गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के लिए अपमानजनक रहे और उन्हें सिर्फदोयम दर्जे का नागरिक बनाने का ही प्रयास हुआ है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में 19 साल के पंकज प्रजापति को सिर्फ़ इसलिए सरेआम गोली मार दी गई - क्योंकि उसने दलित होकर अपने हिस्से का हक़ मांगा। प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई, पोस्टमार्टम टाल दिया गया -क्योंकि गुनहगार नेता सत्ता की गोद में बैठा है और सत्ता मनुवादी और बहुजन विरोधी भाजपा की है। उन्होंने दोषियों की तुरंत गिरफ्तार उन्हें कड़ी सज़ा देने की मांग की और कहा कि वह प्रजापति परिवार और देश के हर बहुजन के साथ खड़े हैं।

## 'ऑपरेशन विजय' के शहीदों के परिजनों को उनके निवास पर जाकर सम्मानित करेगी सेना

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




सेना 26वें करगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में करीब डेढ महीने तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी और शुरूआती कार्यक्रम में करगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले योद्धाओं के परिजनों को इस सप्ताह उनके निवास पर ही सम्मानित किया जायेगा। सेना के अनुसार ये कार्यक्रम विजय दिवस यानी 26 जुलाई तक आयोजित किये जायेंगे और इनमें देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले नायकों की अदम्य भावना, बलिदान और साहस का सम्मान किया जाएगा। सेना ने इस सप्ताह एक विशेष संपर्क अभियान की योजना बनाई गई है जिसमें कारगिल युद्ध के दौरान राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले युद्ध नायकों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। अपनी तरह के इस पहले अभियान में सेना के प्रतिनिधि शहीदों के 545 निकटतम परिजनों से मिलेंगे और उनके निवास स्थान पर उनका सम्मान किया जाएगा। सेना कर्मियों की एक टीम सेना की ओर से आभार पत्र, एक स्मृति चिन्ह, विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकार एजेंसियों द्वारा अधिकृत लाभों का विवरण लेकर 25 राज्यों, दो केंद्र शासित प्रदेशों तथा नेपाल का दौरा करेगी और युद्ध नायकों के परिवारों से बातचीत कर उनकी किसी भी समस्या के बारे में पूछताछ करेगी। सेना शहीदों के परिवारों की सहायता के साथ-साथ इस अवसर का इस्तेमाल निकटतम परिजनों की शिकायतों को दूर करने के लिए भी करेगी। सेना विरासत को संरक्षित करने के लिए यादगार चीजें भी एकत्र करेगी और इन्हें कारगिल युद्ध स्मारक, द्रास में सम्मानजनक स्थान देगी। ये कार्यक्रम 26 जुलाई को करगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि समारोह के साथ समाप्त होंगे, जो देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों के सम्मान और आदर का प्रतीक है। डेढ महीने से भी अधिक समय तक चलने वाला यह स्मरणोत्सव न केवल अतीत का सम्मान करेगा, बल्कि वर्तमान और भावी पीढ़ियों को सेवा तथा बलिदान के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित भी करेगा।

### मुख्यमंत्री ने कहा- कैरियर निर्माण में अपनी क्षमता का बेहतर उपयोग करें युवा

## छत्तीसगढ़ में कृषि के साथ-साथ उद्योगों के विकास के लिए है अनुकूल वातावरण

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में खनिज, वन सहित अन्य प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। इसके फलस्वरूप कृषि के साथ-साथ उद्योग-धंधों सहित प्रत्येक क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी मौजूदा क्षमताओं का सही ढंग से उपयोग कर प्रदेश और देश के नव निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विगत दिवस नवा रायपुर स्थित आईआईएम परिसर में दंतेवड़ा के नवोदित उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि दंतेवाड़ा जिले के 50 युवाओं का एक बैच देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान आईआईएम में उद्यमिता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री साय ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह प्रशिक्षण उनके कैरियर निर्माण एवं जीवन संवारने में अत्यंत कारगर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जब कोई युवा उद्यमी अपने सपनों को साकार करता है, तो वह अनेक युवाओं के लिए प्रेरणा और अवसर का द्वार खोलता है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि आप सभी बस्तर क्षेत्र से हैं और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। आज बस्तर को सबसे संभावनाओं वाला क्षेत्र माना जा रहा है। प्रशिक्षण में आपने उद्यमिता से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें सीख ली हैं। अब उन्हें लागू कर अपने उद्यम को आरंभ कीजिए। शासन की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कृषि क्षेत्र के साथ-साथ उद्योगों के विकास के लिए भी अनुकूल वातावरण है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के समग्र विकास के लिए हम निरंतर नवाचार, अनुसंधान तथा उद्यमिता को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए हमने 'नई औद्योगिक नीति 2024-30' लागू की है। इस नीति का मूल मंत्र हैः न्यूनतम शासन, अधिकतम प्रोत्साहन। इसके तहत उद्योग स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए 'सिंगल विंडो 2.0' व्यवस्था लागू की गई है, जिसके माध्यम से सभी आवश्यक क्लीयरेंस सुलभता से प्रदान किए जा रहे हैं। नई औद्योगिक नीति में प्रदेश के पिछड़े माने जाने वाले बस्तर और सरगुजा अंचल को सर्वाधिक निवेश प्रोत्साहन क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है, ताकि उनका त्वरित विकास सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री साय ने चर्चा के दौरान यह भी बताया कि नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत बस्तर में उद्योग स्थापित करने पर विशेष अनुदान का प्रावधान किया गया है। बस्तर के विकास का रोडमैप भी गत माह तैयार किया गया है, जिसमें कृषि, वनोपज आधारित व्यवसाय और पर्यटन सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों के लिए योजनाएं बनाई गई हैं। बस्तर की कनेक्टिविटी अब उत्कृष्ट हो गई है,। जिससे उद्यमियों के उत्पाद देश भर के बाजारों तक आसानी से पहुँच सकें। सड़कों के सशक्त जाल के माध्यम से विकास को प्रोत्साहन मिलता है। मुख्यमंत्री साय से मुलाकात के दौरान युवा अत्यंत उत्साहित नजर आए और उन्होंने भी अपने अनुभव साझा किए।

## महाराष्ट्र के मुंब्रा स्टेशन पर लोकल ट्रेन से कई यात्रियों के गिरने से पांच की मौत, सात घायल

एजेंसी ‹ मुंबई
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र के मुंब्रा रेलवे स्टेशन पर कसारा से आने वाली एक भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरने से सोमवार को पांच लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे ने यह जानकारी दी। शिंदे ने कहा, यह दुर्घटना सुबह करीब नौ बजे हुई और हमें सवा नौ बजे सूचना मिली और हम मौके पर पहुंचे तो पाया कि करीब सात लोग घायल हैं और कम से कम पांच लोगों की मौत हो चुकी है। घायलों और मृतकों को तुरंत नजदीकी छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल, कलवा ले जाया गया, जिनमें से चार घायल खुद जुपिटर अस्पताल चले गए। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि घटना के दौरान 10 से 12 यात्री ट्रेन से गिरे थे। अधिकारियों ने दुर्घटना का मुख्य कारण अत्यधिक भीड़ बताया है, कथित तौर पर उस समय कई यात्री ट्रेन के दरवाजों पर लटके हुए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद रेलवे अधिकारी और पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। दुर्घटना की परिस्थितियों की जांच अभी चल रही है। इस दुर्घटना से प्रभावित मार्ग पर लोकल ट्रेन सेवाएं बाधित हो गयी हैं। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि पांच लोगों की मौत हो गई है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी भी लंबित है।

## हिमाचल सरकार की टैक्सी राष्ट्रीय परमिट 15 वर्ष के लिए देने की मांग

वार्ता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर टैक्सियों के राष्ट्रीय परमिट की अवधि 15 साल करने की मांग की। अग्निहोत्री ने केंद्रीय मंत्री से कहा कि परमिट की अवधि फिलहाल 12 वर्ष है और इसे बढ़ाकर 15 वर्ष करने के संबंध में टैक्सी ऑपरेटर मांग कर रहे हैं और इस आशय का प्रस्ताव राज्य सरकार ने गडकरी के समक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि वाहनों के संचालन की सीमा को 15 वर्ष है जिसके दृष्टिगत अखिल भारतीय टैक्सी परमिट की अवधि को 15 वर्ष तक किया जाना चाहिए। राज्य के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी सोमवार को यहां गडकरी से मुलाकात की और भूभुजोत सुरंग सहित घटासनी-शिल्हा-बधानी-भूभुजोत-कुल्लू सड़क के सामरिक महत्व के दृष्टिगत इसे राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के साथ ही ढली से रामपुर तक एनएच-05 के फोरलेन के निर्माण कार्य को प्राथमिकता प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इस अनुरोध पर गडकरी ने सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया और आश्वासन दिया कि वह इस मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय मंत्री से हिमाचल प्रदेश को पुराने वाहनों को हटाने के लिए प्रोत्साहन के लिए विशेष सहायता योजना के तहत 7.63 करोड़ रुपये शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया। केंद्रीय परिवहन मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत धनराशि जारी करने के निर्देश दिए।

# मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल में 26 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे: जोशी

एजेंसी ‹ हुबली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल की कई बड़ी उपलब्धियों में से एक प्रमुख उपलब्धि 26 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उभारने की रही है। जोशी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की परिवर्तनकारी प्रगति को उजागर करने के लिए खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के अंतिम वर्ष में विस्तृत प्रेस मीटिंग और राष्ट्रव्यापी प्रचार अभियान आयोजित किए जाएंगे। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ष 2013-14 में 21.9 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे थे जो अब 5.18 प्रतिशत रह गये हैं। इसका मतलब है कि लगभग 26 करोड़ भारतीय केवल एक दशक में अत्यधिक गरीबी से बाहर आ गए हैं। यह हाल के वर्षों में अभूतपूर्व है। उन्होंने जोर देकर कहा कि डेटा की पुष्टि विश्व बैंक द्वारा की गई थी। उन्होंने इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय मोदी सरकार की व्यापक कल्याणकारी योजनाओं, मजबूत आर्थिक विस्तार, त्वरित बुनियादी ढांचे के विकास और विशेष रूप से निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में वृद्धि को दिया। जोशी ने कहा कि अब केवल पांच प्रतिशत आबादी ही गरीबी रेखा से नीचे है, जो लाखों भारतीयों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में निरंतर प्रयासों को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार मोदी सरकार की 11 साल की यात्रा गरीबी उन्मूलन और आर्थिक सशक्तीकरण में ठोस प्रगति द्वारा चिह्नित की गई है, जिसने भारत के विकास की कहानी में एक नया मानदंड स्थापित किया है।

## तेलंगाना में 36.3 करोड़ रुपये की जलापूर्ति परियोजना का शिलान्यास

**करीमनगर।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने चोपडांडी शहर के नल्लालाबावी में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 36.3 करोड़ रुपये की जल सुधार परियोजना की आधारशिला रखी। कुमार ने स्थानीय विधायक मेडिपल्ली सत्यम और पूर्व विधायक बोडिगे शोभा के साथ इस परियोजना का उदघाटन किया, जिसमें 46.21 किलोमीटर पाइपलाइन नेटवर्क, 1500 किलोलीटर का ऊंचा जलाशय और जल पंप सुविधाओं का निर्माण शामिल है। इस परियोजना से 2,800 परिवारों को लाभ प्राप्त होने की उम्मीद है। इस अवसर पर कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि इस पहल का उद्देश्य चोपडांडी नगरपालिका के प्रत्येक घर में सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत पूरे देश में 2.99 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जिसमें 76,760 करोड़ रुपये केंद्र का हिस्सा है और बाकी राज्यों और नगर पालिकाओं का योगदान है। अकेले तेलंगाना में अमृत-1 और 2.0 के अंतर्गत 6,876 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जिसमें केंद्र का योगदान 3,591.72 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि करीमनगर जिले के लिए, अमृत योजना के दोनों चरणों में 852.11 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

## किशन रेडडी ने एआई-संचालित, टिकाऊ खनिज अन्वेषण का किया आह्वान

**हैदराबाद।** केंद्रीय कोयला और खान मंत्री एवं तेलंगाना प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किशन रेडडी ने विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए खनिज अन्वेषण में विज्ञान, स्थिरता और उभरती प्रौद्योगिकियों के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। हैदराबाद स्थित भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान (जीएसआईटीआई) में सोमवार को नेक्स्ट-जेन जियोफिजिक्स 2025: अनलॉकिंग अर्थ्स हिडन ट्रेजर्स सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए रेडडी ने राष्ट्रीय भूस्खलन पूर्वानुमान केंद्र की स्थापना और आपदा तैयारियों को बढ़ाने के लिए इटली के साथ समझौता ज्ञापन सहित प्रमुख पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने जीएसआई की 175 साल की विरासत की प्रशंसा की और भूवैज्ञानिकों से सटीक अन्वेषण के लिए एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे अत्याधुनिक उपकरणों को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने 10,300 करोड़ रुपये के भारत एआई मिशन और 6,000 करोड़ रुपये के राष्ट्रीय क्वांटम मिशन को नवाचार के उत्प्रेरक के रूप में उद्धृत किया। दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, रूस, अमेरिका, पोलैंड, मलेशिया और सिंगापुर के प्रतिभागी शामिल हैं। एजेंडे में कृत्रिम बुद्धिमता -एकीकृत अन्वेषण मॉडल, उच्च-रिज़ॉल्यूशन सबसरफ़ेस इमेजिंग और सतत खनिज विकास रणनीतियाँ शामिल हैं। आधिकारिक बयान के मुताबिक जीएसआई के वरिष्ठ अधिकारी, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि और भूवैज्ञानिक विशेषज्ञ इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं, जो भूविज्ञान और नवाचार में भारत की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति को रेखांकित करता है।

# भोपाल रेल मंडल को मई माह में मिला 163.05 करोड़ रुपए का राजस्व



पायनियर संवाददाता ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com

पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) के भोपाल रेल मंडल ने मई माह में 163.05 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता ने बताया कि भोपाल रेल मंडल द्वारा रेल सेवाओं की गुणवत्ता सुधार और राजस्व में वृद्धि की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। भोपाल रेल मंडल की वाणिज्य विभाग की टीम के समन्वित प्रयासों से रेलवे को मई माह में 163.05 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसमें यात्रियों से हुई आय का प्रमुख योगदान रहा, जिसमें लगभग 35.85 लाख यात्रियों से 78.28 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त माल परिवहन से 65.32 करोड़ रुपए, अन्य कोचिंग सेवाओं से 6.75 करोड़ रुपए और विविध स्रोतों से 12.70 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है। उन्होंने बताया कि यह दर्शाता है कि भोपाल रेल मंडल ने यात्री सुविधाओं और माल ढुलाई के क्षेत्रों में संतुलित रूप से बेहतर प्रदर्शन किया है। रेलवे यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और शिकायत रहित रेल सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। राजस्व वृद्धि के लिए आधुनिक तकनीकों, बेहतर ग्राहक सेवा और व्यावसायिक रणनीतियों के माध्यम से सतत कार्य किया जा रहा है।

# शिमला जिले में गुर्दे के रोग बने गंभीर चिंता का विषय

एजेंसी ‹ शिमला
www.dailypioneer.com

भारत में विशेष तौर पर हिमाचल प्रदेश में 'गंभीर गुर्दा रोग' (सीकेडी) के बढ़ते मामले गहरी चिंता का कारण बन रहे हैं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अनुसंधान विभाग के प्रोफेसर डॉ आर एस रांटा की देखरेख में मेडिकल छात्रों द्वारा हाल ही में किये गये एक सर्वेक्षण के अनुसार इस रोग के सबसे ज्यादा मामले शिमला जिले में सामने आये हैं। यहां इस रोग के सबसे अधिक 39.9 प्रतिशत मामले दर्ज किये गये हैं। वर्ष 2014 से 2023 के बीच इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) शिमला में इलाज कराने वाले 2,609 रोगियों के आंकड़ों पर आधारित यह अध्ययन आईजीएमसी के छात्रों ने नेफ्रोलॉजी विभाग के सहयोग से किया गया है। आईजीएमसी में नेफ्रोलॉजी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ कामाक्षी ने बताया कि सीकेडी मुख्य रूप से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, रक्त में यूरिया के स्तर में वृद्धि और मूत्र में प्रोटीन रिसाव के कारण होता है। शिमला के अलावा सीकेडी के मामले मंडी (14.5 प्रतिशत), सोलन (10 प्रतिशत), और कुल्लू (8.6 प्रतिशत) में भी सामने आये हैं। इसके विपरीत लाहौल-स्पीति में इस रोग का अभी ज्यादा प्रकोप नहीं फैला है। यहां इसका सबसे कम प्रतिशत दर्ज किया गया। एकत्रित आंकड़ों ने क्षेत्र में लिंग असमानता को भी उजागर किया, जिसमें 60.2 प्रतिशत रोगी पुरुष और 39.8 प्रतिशत महिलाएँ थीं। इस रोग का प्रकोप 57 वर्ष से अधिक आयु के रोगियों में ज्यादा पाया गया और इनका प्रतिशत 68 प्रतिशत से अधिक रहा। चौंकाने वाली बात यह है कि 17 प्रतिशत रोगियों का इलाज उनके गुर्दे के काम करना बंद करने के अंतिम चरण में किया गया। इस बीच, डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अनियमित जीवन शैली, इलाज में देरी और जागरूकता की कमी के कारण सीकेडी विकराल रूप में सामने आ रही है। डॉ कामाक्षी ने बीमारी के प्रभाव को कम करने के लिए प्रारंभिक जांच, बेहतर आहार संबंधी आदतों और समय पर इलाज के महत्व पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने सीकेडी के मामलों में लगातार वृद्धि के कारण स्वास्थ्य विभाग से इसके रोकथाम के उपायों पर ध्यान देने और इस बाबत जागरूकता अभियान शुरू करने का आग्रह किया है।

## आईआरसीटीसी करायेगी भारत गौरव ट्रेन से सात ज्योतिर्लिंगों की यात्रा




**गोरखपुर।** इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कार्पोरेशन लि (आईआरसीटीसी) 30 जून से 11 जुलाई के बीच भारत गौरव विशेष ट्रेन से सात ज्योतिर्लिंगों की यात्रा करायेगा। पूर्वोत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि उज्जैन में स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंमकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, गुजरात में द्वारिकाधीश, भेटद्वारिका नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, सिग्नेचर ब्रिज, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नासिक में त्रियंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, पंचवटी, कालाराम मंदिर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, औरंगाबाद में घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं स्थानीय मंदिर के दर्शन के लिये यात्रा कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि इस ट्रेन में चढ़ने उतरने की सुविधा गोरखपुर जं, मनकापुर जं,अयोध्या कैंट,सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज संगम, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, ओरई, झांसी तथा ललितपुर में उपलब्ध है।

## ईडीआईआई में पीजीडीएम-ई के लिए प्रवेश प्रयिा शुरू

एजेंसी ‹ अहमदाबाद
www.dailypioneer.com


भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने शैक्षणिक सत्र 2025-27 के लिए अपने दो वर्षीय पूर्णकालिक पीजीडीएम (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट) कार्यक्रमों, पीजीडीएम एंटरप्रेन्योरशिप (पीजीडीएम-ई) और पीजीडीएम इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर डेवलपमेंट (पीजीडीएम-आईईवी) के लिए प्रवेश प्रयिा शुरू कर दी है। ईडीआईआई के डायरेक्टर जनरल डॉ. सुनील शुक्ला ने यहां जारी अपने बयान में कहा कि एआईसीटीई अनुमोदन द्वारा समर्थित, पीजीडीएम-ई और पीजीडीएम-आईईवी कार्यम इच्छुक उद्यमियों, इनोवेटर्स और भावी बीजनेस लीडर्स के लिए एक सशक्त प्रारंभिक मंच के रूप में तैयार किया गया हैं, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता को व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ते हैं। ईडीआईआई का उद्यमिता पर केंद्रित दृष्टिकोण इसके पूर्व छात्रों की उपलब्धियों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है, जहां लगभग 78 प्रतिशत स्नातक उद्यमिता को अपने करियर के रूप में चुनते हैं। इनमें से 54 प्रतिशत ने अपने पारिवारिक व्यवसाय में भागीदारी की है या उसे आगे बढ़ाया है, 23 प्रतिशत ने स्वतंत्र रूप से अपने उद्यम शुरू किए हैं, और एक प्रतिशत ने सामाजिक उद्यमों की स्थापना की है।

## असारवा-आगरा कैंट स्पेशल ट्रेन के समय में आंशिक परिवर्तन

**अहमदाबाद।** असारवा-आगरा कैंट स्पेशल ट्रेन के समय में आंशिक परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है। मंडल रेल प्रवक्ता ने बताया कि रेल प्रशासन द्वारा परिचालन कारणों से 12 जून से ट्रेन संख्या 01920 असारवा-आगरा कैंट स्पेशल के समय में आंशिक परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है, इसका विवरण निम्नानुसार है। ट्रेन संख्या 01920 असारवा-आगरा कैंट स्पेशल 12 जून से असारवा से 1800 बजे के स्थान पर 1750 बजे प्रस्थान करेगी तथा आगमन-प्रस्थान का समय हिम्मतनगर स्टेशन पर 1910/1912 बजे, डुंगरपुर स्टेशन पर 2035/2040 बजे एवं जावर स्टेशन पर 2140/2142 बजे रहेगा तथा अन्य स्टेशनों पर आगमन-प्रस्थान का समय यथावत रहेगा।

## सुक्खू ने सौरभ कालिया को दी श्रद्धांजलि

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अमर शहीद कैप्टन सौरभ कालिया के शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया और विनम्र श्रद्धांजलि दी। सुक्खू ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिये उनके अद्वितीय बलिदान को राष्ट्र सदैव याद रखेगा। उनका शौर्य और समर्पण आने वाली पीढ़ियों को देश सेवा की प्रेरणा देता रहेगा। कैप्टन सौरभ कालिया भारतीय सेना के एक अधिकारी थे, जो कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तान सेना द्वारा युद्ध बंदी के रूप में रखे जाने के दौरान मारे गये थे।



## सितारगंज में कुत्ते के विवाद में फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ‹ नैनीताल
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड की ऊधम सिंह नगर पुलिस ने पालतू कुत्तों के विवाद में कई राउंड फायरिंग करने वाले आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मणिकांत मिश्रा के अनुसार विगत आठ जून को सितारगंज के सिडकुल क्षेत्र निवासी जगपाल वर्मा और उनकी पत्नी धनदेई का पालतू कुत्तों को लेकर धरमवीर और उसकी पत्नी शांति कश्यप से विवाद हो गया था। आरोप है कि इस दौरान जगपाल वर्मा ने आवेश में आकर तमंचे से कई राउंड फ ायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि एक गोली शांति कश्यप के पेट में जा लगी। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने घायल महिला के परिचित दीपक की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को के पास से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा और दो गोलियां भी बरामद की गयी हैं। पुलिस ने फायरिंग की घटना के बाद मौके से छह खोखे भी बरामद किये हैं।

## पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल वी एन शर्मा के खुलासों के बाद अब कांग्रेस कहां मुंह छिपाएगी: प्रो. सरचंद

एजेंसी ‹ अमृतसर
www.dailypioneer.com



पंजाब भाजपा के प्रवक्ता प्रो सरचंद सिंह ख्याला ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के संबंध में किये गये महत्वपूर्ण और बड़े खुलासों के लिए पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल वी एन शर्मा की प्रशंसा की है, जो ऑपरेशन ब्लू स्टार की शुरुआत के समय सैन्य संचालन निदेशालय में अतिरिक्त महानिदेशक सैन्य संचालन के पद पर कार्यरत थे। जनरल शर्मा ने ऑपरेशन को राजनीति से प्रेरित बताया था और उस समय डीजीएमओ ने तत्कालीन सेनाध्यक्ष जनरल ए एस वैद्य को दरबार साहिब में सेना न भेजने की सलाह दी थी। प्रो सरचंद सिंह ने कहा कि पूर्व सेनाध्यक्ष द्वारा किये गये ऐतिहासिक खुलासों से यह स्पष्ट हो गया है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान का उल्लंघन किया और अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए भारतीय सेना का बेशर्मी से अपने ही लोगों पर दुरुपयोग किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी दरबार साहिब पर 'हमला' करने पर आमादा थीं, जिसके लिये उन्होंने तत्कालीन सेना प्रमुख की बात को नजरअंदाज करके पश्चिमी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल के सुंदर को दरबार साहिब के अंदर सेना भेजने का आदेश दिया। प्रो सरचंद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जून 84 में दरबार साहिब पर किये गये ऑपरेशन को 10 अगस्त 2023 को लोकसभा में 'हमला' करार दे चुके हैं। तानाशाही व्यवहार और सिखों को सबक सिखाने के विचार से दरबार साहिब पर किया गया, यह हमला इंदिरा गांधी की सबसे बड़ी ऐतिहासिक भूल थी, जो अपेक्षा से कहीं अधिक महंगी और विनाशकारी साबित हुई। पंजाब और सिखों के हितों के लिए आयोजित धर्म युद्ध मोर्चा जैसे जनांदोलन को दबाने और राजनीतिक लाभ के लिए कांग्रेस की इंदिरा सरकार ने जून 1984 में अपने ही लोगों के खिलाफ बेशर्मी से सेना का इस्तेमाल किया। इसमें हजारों निर्दोष लोगों की जान चली गयी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार चाहती, तो इस आपदा को टाल सकती थी। छब्बीस मई 1984 को अकाली नेताओं की केंद्र सरकार के साथ 14वीं अंतिम बैठक हुई, जिसमें लिये गये फैसलों से इंदिरा गांधी को अवगत कराया गया, लेकिन उन्होंने असहमति जताते हुए सैन्य कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी।

## ठाकुर ने केलवी गांव में आयोजित पालिका प्रतिष्ठा समारोह में की शिरकत

एजेंसी ‹ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल तहसील के अंतर्गत केलवी गाँव में देवता 'रैठी बनाड़' की नवनिर्मित पालकी की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरकत की। गौरतलब है कि देवता रैठी बनाड़' बढ़ाल, बटाड, कठासु, और देवघार (सोज़ला, केलवी सुंटा)चार गाँव के संयुक्त आराध्य देवता है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने बताया कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि के नाम से पूरे भारत में विख्यात है और यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता मनमोहक है। उन्होंने बताया कि रैठी बनाड़ देवता उनके आराध्य देवता है और वह अपने को भाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें इस आयोजन में आने का और देवता का आशीर्वाद लेने का सुअवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने इस आयोजन में आये हुये सभी श्रद्धांलुओं और ग्रामवासियों को बधाई और शुभकामनायें दीं। ठाकुर ने बताया कि ग्राम पंचायत बरथाटा, कठासु, बटाड़ और इस सम्पूर्ण क्षेत्र से उनका एक भावनात्मक और पारिवारिक सम्बन्ध है और पिछले दो वर्षों से अधिक समय के कार्यकाल में इस क्षेत्र में समुचित विकास सुनिश्चित हुआ है जिसमें कि विभिन्न सड़कें और भवनों का निर्माण शामिल है। इन विकास कार्यों से यहाँ के निवासियों को मूलभूत सुविधायें सुलभ हुई हैं और भविष्य में भी यह प्रयिा निरंतर जारी रहेगी। इस अवसर पर गांव के बुजुर्गों ने बताया कि देवता रैठी बनाड़ की नवनिर्मित पालकी को लगभग चार दशकों के बाद दुबारा बनाया गया है, जिसमें सभी चार गाँव के लोगों ने सहयोग दिया गया है। इस निर्माण कार्य को किन्नौर ज़िला के निचार से आये कारीगरों द्वारा अंजाम दिया गया है।

## वीआईपी सड़क का नाम बदल कर साहिबजादा बाबा जुझार सिंह मार्ग किया: हरजोत बैंस

**आनंदपुर साहिब।** पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने कहा कि तख्त केसगढ़ साहिब को जाने वाली सड़क का नाम वीआईपी रोड़ से बदलकर साहिबजादा बाबा जुझार सिंह मार्ग कर दिया गया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि नगर परिषद द्वारा एक प्रस्ताव पारित किया गया है, जिसमें तख्त केसगढ़ साहिब को जाने वाली वीआईपी सड़क का नाम बदलकर साहिबजादा बाबा जुझार सिंह मार्ग कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस साहिबजादा बाबा जुझार सिंह मार्ग का सौंदर्यीकरण के साथ ही उसे चौड़ा करके और अधिक सुंदर बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके सर्वपक्षीय विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम शुरू कर दिया गया है।



## विज ने शुरू करवाया बंद पड़ा ऑल वेदर स्विमिंग पूल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी के वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में बंद पड़े ऑल वेदर स्वीमिंग पूल को खेल मंत्री गौरव गौतम से बात कर खुलवाने का दावा किया। विज ने यहां जारी बयान में कहा कि उन्हें शिकायत मिली थी कि स्विमिंग पूल बंद है, जिसके बाद उन्होंने खेल मंत्री से बात की। उन्होंने कहा कि गौतम ने उन्हें आश्वासन दिया कि स्विमिंग पूल शाम तक शुरू कर दिया जायेगा। श्रम मंत्री ने कहा कि उन्होंने खेल मंत्री से स्विमिंग पूल बंद होने और उसका टेंडर जारी न होने पर जिला खेल अधिकारी के खिलाफकार्रवाई के लिये भी कहा।

## रघुवंश मामले में मेघालय पुलिस न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी ‹ शिलांग
www.dailypioneer.com




मेघालय पुलिस ने कहा कि मध्य प्रदेश के पर्यटक राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में सफलता 'ईमानदारी, व्यावसायिकता और दृढ़ता के साथ न्याय' करने की प्रतिबद्धता के कारण संभव हो पायी है। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने सनसनीखेज मामले को सुलझाने के लिए मेघालय पुलिस को बधाई दी है। सहायक पुलिस महानिरीक्षक डॉ. सचेंग आर. मारक ने कहा, इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है इनमें दो मध्य प्रदेश के इंदौर और एक उत्तर प्रदेश ललितपुर निवासी हैं। ये गिरफ्तारियां राजा रघुवंशी की दुखद मौत के इर्द-गिर्द की परिस्थितियों को उजागर करने में एक निर्णायक घटनाम को दर्शाती हैं। मारक ने कहा कि राजा रघुवंश की पत्नी सोनम ने कथित तौर पर उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के नंदगंज पुलिस थाने में आत्मसमर्पण किया है और वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश पुलिस की हिरासत में है। उन्होंने कहा कि उनके स्थानांतरण और औपचारिक बयान के लिए आवश्यक कानूनी प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने कहा, इस मामले में यह सफलता निरंतर जांच प्रयासों और बहु-राज्य समन्वय के बाद हासिल हुई है। मारक ने कहा, हम इस जटिल जांच के दौरान उनके सहयोग और समर्थन के लिए परिवारों, मेघालय के नागरिकों और हमारे अंतर-राज्यीय समकक्षों के प्रति बहुत आभारी हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा, मेघालय पुलिस की विशेष जांच टीम द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रतियिा बल, राज्य आपदा प्रतियिा बल, स्थानीय खुफिया इकाइयों और कई राज्यों में कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा समर्थित चौबीसों घंटे प्रयासों का परिणाम है। मारक ने कहा, भौगोलिक और तार्किक चुनौतियों और निरंतर सार्वजनिक और मीडिया जांच के बावजूद, हमारी टीमें कानून के शासन को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ रहीं। हत्या का मामला दर्ज किया गया है और एक विशेष जांच दल राजा की निर्मम हत्या की जांच कर रहा है। मध्य प्रदेश के इंदौर के इस जोड़े की 11 मई को विवाह हुआ था और वे 21 मई को हनीमून पर मेघालय की राजधानी शिलांग पहुंचे थे। नवविवाहित दम्पति अपने हनीमून के लिए 22 मई को मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले में सोहरा तक अपने किराए के दोपहिया वाहन से गया, जो धरती पर सबसे अधिक बारिश वाला स्थान है।

## वसंत मूंगफली जे 87 ने लाभकारी, पर्यावरण अनुकूल फसल होने की अपनी क्षमता साबित की

**फगवाड़ा।** पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) कपूरथला ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू) लुधियाना के विस्तार शिक्षा निदेशालय के तहत सोमवार को गांव मोथावाल में वसंत मूंगफली किस्म जे-87 पर एक फील्ड डे का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यम का उद्देश्य किसानों के बीच टिकाऊ और लाभदायक फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना था, जिसमें पंजाब के बदलते कृषि परिदृश्य के लिए मूंगफली को एक आशाजनक वैकल्पिक फसल के रूप में उजागर किया गया। राज्यसभा सदस्य और प्रसिद्ध पर्यावरणविद् संत बलबीर सिंह सीचेवाल ने पंजाब की कृषि प्रणालियों में सिंचाई जल के संरक्षण के महत्व पर बात की। उन्होंने मूंगफली की कम सिंचाई और न्यूनतम उर्वरक आवश्यकताओं के लिए सराहना की और कहा कि यह पर्यावरण अनुकूल फसल पर्यावरणीय मुद्दों को कम करने और क्षेत्र में टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने में मदद कर सकती है।

# मणिपुर के लोगों के लिए यह महत्वपूर्ण समय: बीरेन

एजेंसी ‹ इंफाल
www.dailypioneer.com



मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि राज्य के लोगों के लिए यह एक महत्वपूर्ण समय है। वह अरंबाई टेंगोल के एक नेता की गिरफ्तारी के बाद राज्य की स्थिति पर चर्चा करने के लिए नयी दिल्ली के लिए रवाना हुये। पूर्व मुख्यमंत्री ने हालांकि अपनी यात्रा का ब्यौरा नहीं दिया, लेकिन इंफाल हवाई अड्डे पर मीडियाकर्मियों से कहा कि सभी को कोई भी कदम उठाते समय सभी पक्ष-विपक्ष पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बोलने का समय नहीं है और अगर कोई बोलना चाहता है तो उसे हर शब्द को नाप-तोल कर बोलना चाहिए। मणिपुर में बाढ़ से तबाही मचने के बाद, सीबीआई द्वारा अपने एक नेता की गिरफ्तारी के विरोध में अरंबाई टेंगोल ने रविवार से 10 दिनों की हड़ताल की थी। राज्य के विधायकों ने सभी से पार्टी लाइन से ऊपर उठकर राज्य में शांति एवं सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए मिलकर काम करने की अपील की है। मणिपुर भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष ए शारदा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं का एक दल भी केंद्रीय नेताओं के साथ स्थिति पर चर्चा करने के लिए इस समय नयी दिल्ली में है। गौरतलब है कि तीन मई, 2023 को संकट शुरू होने के बाद से लेकर अब तक प्रधानमंत्री ने राज्य भाजपा नेताओं या विपक्षी दलों को मिलने का समय नहीं दिया है।

# जिला अस्पताल के मातृत्व एवं शिशु अस्पताल में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच





पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला कोण्डागांव के सभी विकासखंड के शासकीय और गैर शासकीय अस्पतालों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम वाले लक्षणों की पहचान कर विशेषज्ञ तथा प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण संपूर्ण प्रबंधन सुनिश्चित करना है। उच्च जोखिम श्रेणी में आने वाली गर्भवती महिलाओं का समुचित प्रबंधन एवं सुनियोजित कर जिला में मातृ मृत्यु अनुपात को कम किया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक माह की 09 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस अंतर्गत समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों जैसे जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा चिन्हांकित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित किया जाता है। जिला अस्पताल के मातृत्व एवं शिशु अस्पताल में सुबह से ही गर्भवती माताओं का कतार लगी हुई थी। कांउसलर के द्वारा गर्भवती माताओं की प्रसवपूर्व देखभाल के तहत वजन, रक्तचाप, हिमोग्लोबिन, सिकलिंग आदि जांच के साथ-साथ काउंसलिंग का कार्य किया गया। हाई रिस्क गर्भवती माताओं का सोनोग्राफी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रीता गेडाम के द्वारा किया गया। इसके साथ ही गैर शासकीय संस्था भंज हॉस्पिटल, नेताम क्लिनिक, केएनएच हॉस्पिटल, जीवन हॉस्पिटल, के द्वारा भी उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का सोनोग्राफी कर इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह के द्वारा जिले के जन समुदाय से अपील किया गया है कि प्रत्येक माह के 09 एवं 24 तारीख को उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं को शासकीय एवं गैर शासकीय अस्पतालों में जांच कराया जाए ताकि स्वास्थ्य और सुरक्षित संस्थागत प्रसव हो सके एवं मातृ मृत्यु दर कम किया जा सके।

# फरसगांव पुलिस ने ऑपरेशन तलाश के तहत् एक ही दिन में 2 गुम महिलाओं को किया दस्तयाब

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



प्रार्थी दिपेश सलाम पिता आसमन सलाम उम्र 28 वर्ष निवासी बरकई ने 6 जून को थाना उपस्थित आकर गुम इंसान की सूचना दर्ज कराया कि प्रार्थी के पत्नि शांति सलाम पति दिपेश सलाम उम्र 25 वर्ष ने 4 जून को घर से बिना बताये निकली थी। जो शाम रात तक वापस घर नही आने से आस पास एवं परिजनों के यहाँ पता तलाश किया गया। कहीं नहीं मिलने पर प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना फरसगांव में गुम इंसान क्रमांक 23/2025 6 जून को कायम कर पता तलाश में लिया गया तथा प्रार्थी भुनेश मरकाम पिता लक्ष्मण मरकाम उम्र 30 वर्ष निवासी बकरई ने 6 जून को थाना उपस्थित आकर गुम इंसान की सूचना दर्ज कराया कि प्रार्थी के पत्नी शिवबती मरकाम पति भुनेश मरकाम उम्र 28 वर्ष ने 4 जून को घर से बिना बताये निकली थी। जो शाम रात तक वापस घर नहीं आने से आस पास एवं परिजनों के यहाँ पता तलाश किया गया। कहीं नहीं मिलने पर प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना फरसगांव में गुम क्रमांक 24/2025 6 जून को कायम कर पता तलाश में लिया गया। गुम इंसान दोनों महिला होने से मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए ऑपरेशन तलाश के तहत् गुम दोनों महिला की पतासाजी हेतु प्रभारी पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव शंकर लाल बघेल (भा.पु.से) के सख्त आदेश पर एडिशनल एसपी कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फ रसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी संजय सिन्दे के नेतृत्व में लगातार हर संभव पता तलाश की जा रही थी। पता तलाश के दौरान दोनों गुम महिला का सूचना ग्राम जैतपुरी थाना सिहावा जिला धमतरी क्षेत्र में मिलने पर ग्राम जैतपुरी जाकर दोनों गुम इंसान शांति सलाम, शिवबती मरकाम को दस्तयाब बाद सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। फरसगांव पुलिस के सहयोगात्मक एवं सराहनीय कार्य से परिजन गुम इंसान को अपने बीच पाकर खुशी से थाना फरसगांव पुलिस को दिये धन्यवाद।

# किरंदुल में 27 जून को रथयात्रा पर्व मनाई जाएगी

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



विगत 18 वर्षों से श्री जगन्नाथ सेवा समिति, उत्कल समाज के तत्वाधान में लौह नगरी के नगरपरिवार द्वारा एकजुट होकर भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष विक्रम संवत 2082 में बुधवार, 11 जून को स्नान पूर्णिमा की पावन तिथि में भगवान जगन्नाथ जी, बलभद्र जी, सुभद्रा जी के पवित्र स्नान के साथ यह रथ महोत्सव प्रारम्भ होकर, अनासारा, पूजन ततपश्चात् आषाढ़ शुक्ल द्वितीया तिथि 27 जून को श्री जगन्नाथ मंदिर, श्री राघव मंदिर परिसर से गुंडिचा मंदिर तक रथ यात्रा, पूजन, भंडारा, 8 दिन मौसीजी के यहां रुकने के पश्चात फिर वापसी की बहुड़ा यात्रा के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु जगन्नाथ सेवा समिति द्वारा नगर के समस्त सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं के प्रबुद्धजनों,पत्रकार बंधुओं से विचार विमर्श हेतु रविवार रात गुंडिचा मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। उत्कल समाज के अध्यक्ष आर सी नाहक, सचिव देवराज लिंका ने कहा कि प्रतिवर्ष इस भव्य आयोजन में सभी सामाजिक संस्थाओं के साथ नगर वासियों का भी विशेष योगदान रहा है। जिनके बिना इतना भव्य कार्यक्रम करना संभव ही नहीं है। और हम इस 19वें वर्ष के आयोजन में भी समस्त नगर वासियों से अपील करते हैं कि इस रथ महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में आप सभी तन मन धन से सहयोग प्रदान करें। सभी समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने-अपने विचार रखें। इस बैठक में उत्कल समाज से दीपक मोहंती, प्रतिहारी, ब्रजेश मिश्रा, शैलेश रथ, सुधीर प्रधान सहित समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति रहीं।

# किरन्दुल तालाब पारा में सीसी रोड निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल वार्ड क्रमांक 03 तालाब पारा में संतोषी माता मंदिर से लेकर तपन पाल के घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु अधोसंरचना मत से 3.5 लाख की लागत से 100 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य करवाई जाएगी। जिसके लिए सोमवार किरन्दुल नगरपालिका अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह एवम जनप्रतिनिधियों द्वारा भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशिभूषण महापात्र, नगरपालिका उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी, वार्ड पार्षद देवकी ठाकुर, के साजी, राजकुमार सोनी उपस्थित थे।



# अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के संबंध में किरन्दुल पालिका परिषद द्वारा एनएमडीसी सीजीएम को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल नगरपालिका अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में एनएमडीसी भर्ती को लेकर प्रशिक्षण प्रदान करने के संबंध में सोमवार एनएमडीसी सीजीएम संजीव साही को जनप्रतिनिधियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में स्थानीय बेरोजगार अभ्यर्थियों को एल 01 एल 02 भर्ती परीक्षा हेतु प्रशिक्षण देने भवन प्रदान करने हेतु मांग रखी गई।एनएमडीसी सीजीएम ने भी तत्काल भवन उपलब्ध कराने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी,सीएमओ शशिभूषण महापात्र एवं पार्षदगण उपस्थित थे।

# वार्ड 12 में 23 लाख की लागत से बनेगा क्रांकीट सड़क नपा अध्यक्ष अशोक जैन एवं पार्षद ने किया भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 12 में रिसदा मुख्य मार्ग से वृद्धाश्रम एवम वार्ड क्रमांक 11 जाने के लिए कांक्रीट सड़क निर्माण किये जाने भूमि पूजन किया गया, उक्त कार्य हेतु नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के द्वारा घोषणा की गई थी, निर्माण कार्य हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित कार्य योजना के अनुरूप अधोसंरचना मद से 23 लाख राशि स्वीकृत होने उपरांत विकास कार्य पूर्ण कराए जाने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा भूमि पूजन किया गया व विधिवत पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर कर कुदाल चलाकर कार्य आरंभ कराया गया, साथ में वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद गौतम चौहान सहित सभापति जितेंद्र डड़सेना, पार्षद सलमान शेख, सुरेश घृतलहरे भी भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए व पूजा अर्चना की गई। नपा अध्यक्ष जैन द्वारा तैयार कार्य योजना के अनुरूप अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ कराए जाने निर्देशित किया गया एवं शासन के द्वारा नगर में विकास कार्य हेतु हर संभव सहयोग किये जाने की बात कही गई तथा वार्ड का भ्रमण कर वार्ड वासियों से चर्चा की गई। भूमिपूजन के इस अवसर पर नगरपालिका के उप अभियन्ता विनोद यादव, वार्ड क्रमांक 12 के पवन नायक भाजपा नेता पूर्व मंडी सचिव योगेश अग्रवाल, मोहम्मद जिलानी, मनी कोसले, बाजारू कोसले, महफूज़ अंसारी, संतोषी कसेर, विनय पंजवानी, रामबाबू यादव, प्रकाश सिंह चौहान, रज्ज़ाक खान, मेहरून निशा, कौशर परवीन, सुशील कसार, सोनी सेन गुरुदत्त तिवारी, सहित वार्ड क्रमांक 12 के नागरीकरण व जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

# मुक्तिधाम की गरिमा से खिलवाड़ नहीं सहन होगा : अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी





पायनियर संवाददाता ◄ मंदिर हसौद
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद अंतर्गत स्थित सिंघानिया खदान द्वारा मुक्तिधाम की भूमि पर अवैध रूप से रास्ता बनाए जाने की जानकारी मिलते ही नगर पालिका प्रशासन हरकत में आ गया* नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी एवं क्षेत्रीय पार्षदों के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया और तत्काल प्रभाव से उस अवैध रास्ते को बंद करवाया। अध्यक्ष चतुर्वेदी का स्पष्ट संदेश नगर की आस्था और परंपरा से जुड़े पवित्र स्थलों की गरिमा से खिलवाड़ करने वाले खदान संचालकों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। जो भी खदानें नियमों की धज्जियाँ उड़ाएँगी, उन पर प्रशासनिक व कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका ने इस मामले की जानकारी राजस्व विभाग, खनिज विभाग एवं कलेक्टर कार्यालय को दी है।आवश्यकता पड़ने पर अतिक्रमण के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ में उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, PIC सदस्य एकता अवधेश मिश्रा, बिंदु भूषण बघेल, हेमराज बंजारे, तारणी पिंटू निर्मलकर पार्षद पीतांबर सोनवानी, दिनू यादव, अनुज मिश्रा, उत्तम साहू, सुरेश यादव साथ में विनीत पांडे, कमलेश भारती, जितेंद्र चतुर्वेदी, लालदास अन्य जनप्रति निधि उपस्थित थे। नागरिकों ने नगर पालिका की इस त्वरित और प्रभावशाली कार्रवाई की सराहना की है।

## पॉलिटेक्निक पूर्व छात्र मिलन समारोह 2025

# जहां यादें हों ताजा और रिश्ते हों फिर से गहरे

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





धमतरी पॉलिटेक्निक एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा एक भव्य और आत्मीय वातावरण में पूर्व छात्र मिलन समारोह 2025 का आयोजन किया गया। वर्षों बाद अपने साथियों से मिलने की खुशी, गुरुजनों के प्रति सम्मान और संस्थान से पुनः जुड़ने का उत्साह इन सब भावनाओं से कार्यक्रम स्थल जीवंत हो उठा। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर रामू रोहरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाते हुए महापौर रोहरा ने अपने प्रेरणास्पद उद्बोधन में कहा धमतरी पॉलिटेक्निक केवल एक शिक्षण संस्था नहीं, बल्कि यह एक ऐसा स्थान है जहाँ युवाओं के सपने आकार लेते हैं। पूर्व छात्र मिलन, उन सुनहरी यादों को फिर से जीने का माध्यम है जहाँ दोस्ती, संघर्ष और उपलब्धियों की अनगिनत कहानियाँ बसती हैं। आज यहाँ आकर मुझे गर्व हो रहा है कि यह संस्थान न केवल उत्कृष्ट शिक्षा का केंद्र रहा है, बल्कि समाज को समर्पित सशक्त नागरिक भी दे रहा है। कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। पुराने दिनों की स्मृतियों को ताज़ा किया और एक बार फिर संस्था के विकास में सहभागी बनने का संकल्प लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सम्मान समारोह और अनौपचारिक संवाद सत्रों ने इस आयोजन को और भी अविस्मरणीय बना दिया। प्राचार्य, शिक्षकों, एलुमनाई एसोसिएशन के पदाधिकारियों और विद्यार्थियों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी गरिमामयी स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम का उददेश्य केवल पुनर्मिलन नहीं था, बल्कि संस्था और समाज के बीच एक सेतु निर्माण करना था, जो आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन, प्रेरणा और सहयोग प्रदान कर सके।

# पुलिस द्वारा जुआ के खिलाफ कार्यवाही जारी, बिरेझर में भी पकड़ाया जुआ

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी पुलिस चौकी बिरेझर द्वारा मुखबिर के बताये जगह जाकर ग्राम सिर्री सिवनी के बीच खार में आम जगह पर ताश खेल रहे जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा गया, जो रूपये पैसे से हारजीत का दांव लगाकर ताश काट पत्ती नामक जुआ खेल रह थे। मिलने पर 05 जुआरियों के कब्जे से नगदी रकम 19500 रू एवं 52 पत्ती ताश जप्त कर चौकी बिरेझर थाना कुरूद में अप.क्र.150/25 धारा 03-2 छग जुआ प्रतिशेध अधिनियम एवं जुआ पकड़ने के दौरान जुआरियों द्वारा हुड़दंग कर शांति भंग करने पर उनके विरुद्ध प्रतिबंधक धाराओं 170, 125, 135 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। जुआरियों का नाम अमित कुमार साहू पिता छोटूराम साहू उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम अंटग थाना कुरूद, घनश्याम ध्रुव पिता स्व. बुधराम ध्रुव उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम अंटग, टेंकुराम साहू पिता नंदकुमार साहू उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम अंटग, पन्नालाल साहू पिता स्व. पतिराम साहू उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम अंटग, गिरीश चंद्राकर पिता बुद्धदेव चंद्राकर उम्र 37 वर्ष सभी निवासी ग्राम अंटग के नाम शामिल हैं। धमतरी पुलिस द्वारा जुआ, सटटा के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी रहेगा। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी बिरेझर उनि अजय सिंह, प्रआर. हेमु साहू, शेष नारायण पाण्डे सहित चौकी बिरेझर पुलिस स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# रूर्बन मिशन-रिपा में लाखों की मशीनरी खरीदी

## जीएसटी पंजीयन सस्पेंड, बावजूद सीईओ से मिलीभगत कर लाखों की सप्लाई

पायनियर संवाददाता ⮜ धमतरी
www.dailypioneer.com

रूर्बन मिशन को आधिकारिक तौर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन एसपीएमआरएम के रूप में जाना जाता है। यह भारत सरकार का एक मिशन है जिसका उद्देश्य आर्थिक, सामाजिक और भौतिक बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना है, जिससे अंततः टिकाऊ और संतुलित क्षेत्रीय विकास हो सके। मिशन का ध्यान रूर्बन क्लस्टरों की पहचान करने और उन्हें विकसित करने पर केंद्रित है, जो भौगोलिक दृष्टि से एक दूसरे से सटे हुए गांव हैं, जिनकी जनसंख्या लगभग 25,000 से 50,000 है। केंद्र सरकार की तर्ज पर प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा रीपा योजना भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। स्मार्ट शहरों की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों को भी पूर्ण विकसित, सर्वसुविधायुक्त बनाने के उद्देश्य से रूर्बन मिशन योजना शुरू की गई थी जिसमें धमतरी जिले को दो क्लस्टर में विभाजित किया था जिसके तहत धमतरी ब्लॉक से लोहरसी एवं कुरूद ब्लॉक के रामपुर को क्लस्टर बनाया गया था और उक्त दोनों क्लस्टर अंतर्गत आने वाले 30 ग्रामों को विकसित करने के लिये करोड़ों रूपये की राशि आबंटित की गई थी जिसमें सीसी रोड, तालाब सौंदर्यीकरण, युवाओं को आत्म निर्भर बनाने मशीनरी सामान शामिल किये गये थे। उसी प्रकार की व्यवस्थाएं करने के उद्देश्य से लाखों, करोड़ों रूपये का फंड आबंटित किया गया था। लेकिन ऐसे कार्यों में अधिकारियों ने मिलकर दबाव कर सरपंचों के माध्यम से लाखों, करोड़ों रूपये का बोगस भुगतान निकाला है। यही नहीं एक जिम्मेदार अधिकारी के द्वारा यह जानते हुए भी कि संबंधित फर्मों का जीएसटी पंजीयन वर्ष 2021 में खत्म हो चुका है, इसके बाद भी अपने परिचित को लाभ पहुंचाने के उददेश्य से सारे नियम कानून को बलाये ताक रखते हुए लाखों रूपये की सप्लाई वर्ष 2022-23 में करवाई गई है, जिसकी कलई खुलने पर अब यह मामला जिले की विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में चर्चित है। यह मामला रूर्बन मिशन के अंतर्गत जिले में बने दो क्लस्टर रामपुर, लोहरसी में देखा जा सकता है। हालांकि रूर्बन मिशन योजना को केंद्र सरकार द्वारा इस योजना में मिल रही भ्रष्टाचार, अनियमितता की शिकायतों के चलते बंद कर दिया गया है। केंद्र सरकार द्वारा 2024 के बाद इस योजना के तहत कोई भी राशि नहीं दी गई एवं 2025 में इस योजना को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि संबंधित फर्म द्वारा जीएसटी नंबर सस्पेंड होने के बावजूद रूर्बन मिशन के अलावा रीपा योजना में भी मशीनरी सप्लाई किया गया। रूर्बन मिशन के तहत रामपुर, लोहरसी क्लस्टर में करोड़ों रूपये के विकास



कार्य कराये जाने थे जिसमें मशीनों की भी सप्लाई आदि शामिल है। ऐसे योजनाओं में जिला पंचायत के तत्कालीन सीईओ द्वारा सरपंचों पर अनावश्यक दबाव डालते हुए लाखों रूपये की मशीन खरीदी उस फर्म से करवाई गई जिसका जीएसटी पंजीयन वर्ष 2021 में समाप्त हो चुका है। खबर है कि तत्कालीन सीईओ ने जीएसटी पंजीयन समाप्त होने के बाद भी ऐसे सप्लायर को लाखों रूपये का मशीन प्रदाय किये जाने की सहमति प्रदान की है जिनके आदेश पर जनपद पंचायत के अनेक ग्राम पंचायतों में सरपंचों के माध्यम से इसकी खरीदी दर्शाई गई है। हद तो यह है कि ये मशीनें अपने निर्धारित अवधि में रहने के बाद भी जर्जर में स्थिति में होकर खराब हो चुकी है जिसे लेकर संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने चिंता जाहिर करते हुए इस संपूर्ण मामले को लेकर अपने संगठन में इसका विरोध किये जाने का निर्णय लिया है। जानकारी के मुताबिक इस संपूर्ण सप्लाई में जिले में पदस्थ तत्कालीन सीईओ का बहुत बड़ा हाथ है जिन्होंने जनपद पंचायतों के माध्यम से दबावपूर्वक यह सप्लाई को स्वीकार किये जाने का जिम्मा जनपद के सीईओ को सौंपा था जिन्होंने सरपंचों को इसके लिये तैयार किया और न चाहते हुए इस सप्लाई को स्वीकार किया गया है। जिला पंचायत के तत्कालीन सीईओ ने अपने कार्यकाल के दौरान लाखों, करोड़ों रूपये की इस खरीदी में भारी स्वार्थपूर्ति की है। यही नहीं इस स्वार्थपूर्ति में जनपद पंचायत कुछ मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी शामिल हैं जिनके द्वारा अपने अधिकारी के निर्देश पर शासन को निम्न स्तर के मशीनरी इत्यादि सामानों को सप्लाई करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लाखों रूपये से खरीदी गई यह मशीन कबाड़ के रूप में तब्दील हो चुकी है जिसे लेकर पंचायत क्षेत्रों में भी भारी नाराजगी देखी जा रही है। कहा तो यह भी जा रहा है कि जो मशीन बाजारों में 1 लाख रूपये में मिलती है, उसे 5 लाख रूपये तक का बोगस बिल बनाकर राशि आहरित की गई है। तत्कालीन सीईओ द्वारा अपने परिचित सप्लायर को कंसलटैंसी फीस के रूप में ढाई से तीन लाख रूपये का भुगतान किया गया है जो कि नियम विरूद्ध बताया जा रहा है। शासन के इस रूर्बन मिशन के तहत कुरूद विखं के अंतर्गत ग्राम रामपुर आता है, इस क्लस्टर में 15 ग्राम आते हैं जबकि धमतरी विखं के अंतर्गत ग्राम लोहरसी में भी 15 ग्राम क्लस्टर में शामिल हैं। इन गांवों में रूर्बन मिशन के तहत प्रदाय की गई राशि की उच्च स्तरीय जांच की मांग अब बलवती हो रही है। इस मामले को लेकर सरपंच संघ द्वारा इसकी शिकायत भी किये जाने का निर्णय लिया गया है। शासकीय प्रायोजनों के लिये किसी भी सप्लाई, ठेका भुगतान इत्यादि के लिये जीएसटी का पंजीयन कराया जाना संबंधित सप्लायर और ठेकेदार को जरूरी है। इसी के तहत सारे बिलों का भुगतान किया जाता है। लेकिन तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ ने शासन के इस आदेश को धत्ता बताते हुए अपने परिचित सप्लायर को यह जानते हुए भी कि उसका जीएसटी पंजीयन वर्ष 2021 में समाप्त हो चुका है, इसके बाद भी वर्ष 2022-23 में इसे लाखों रूपये का काम दिया गया है जिसके बिलों में जीएसटी का कहीं उल्लेख नहीं है। जितनी भी सप्लाई रूर्बन मिशन के दोनों क्लस्टर में तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ के दबाव पर जनपद के कुछ मुख्य कार्यपालन अधिकारियों ने सरपंचों को आधार बनाकर भारी भरकम खरीदी की है, उसे लेकर कहा जा रहा है कि सरकार की मंशानुरूप बड़े शहरों की तर्ज पर वह सारी सुविधाएं इन दोनों क्लस्टर के ग्रामों को दिलवाये जाने को लेकर जो निर्देश दिये गये थे, उसमें बड़ा भ्रष्टाचार करते हुए इन क्लस्टर के ग्रामों के साथ तत्कालीन अधिकारियों ने बहुत बड़ी ज्यादती की है और अब यह मामला तूल पकड़ते जा रहा है। खबर के मुताबिक इसे लेकर संबंधित ग्राम क्षेत्र के जागरूक लोग अतिशीघ्र इसकी शिकायत मुख्यमंत्री, ईओडब्ल्यू से करने की तैयारियां कर रहे हैं। इस मामले को लेकर वर्तमान जिला पंचायत सीईओ आईएएस रोमा श्रीवास्तव के मोबाईल नंबर 7011152403 से संपर्क उनका पक्ष लिये जाने का प्रयास किया गया परंतु उन्होंने मोबाईल रिसीव नहीं किया जिसकी वजह से उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

---

## युक्ति युक्तकरण से युवा रोजगार से वंचित हो जाएंगे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ा : सुशील शर्मा

पायनियर संवाददाता ⮜ भाटापारा
www.dailypioneer.com



कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने भाजपा सरकार के युक्ति युक्तकरण निर्णय को शिक्षकों और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की साजिश बताते हुऐ कहा कि इस निर्णय से शिक्षा क्षेत्र में भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी को बढ़ावा मिलेगा, शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी, लगभग 10463, स्कूलों में तालाबंदी हो जाएगी और लगभग 45000 हजार से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे साथ ही साथ प्रत्येक स्कूल के स्वीपर, रसोइया सहित महिला स्व सहायता समूह भी मध्यान भोजन के कार्य से वंचित हो जाएंगे, इस नीति से महिला शिक्षकों को अपने निवास स्थान से दूरस्थ पदस्थ किया जायेगा, पति और पत्नी को अलग अलग स्थान पर स्थानांतरण करने की साजिश रची जा रही है, जिलाशिक्षाअधिकारी के द्वारा नियमों की अवहेलना कर काउंसलिंग में जल्दीबाजी करना शिक्षकों के साथ अन्याय है और शिक्षा क्षेत्र को कमजोर करने का कुटिल षड्यंत्र प्रतीत होता है, भाजपा ने विधानसभा चुनाव के समय 58000 हजार शिक्षकों की रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती करने का वादा किया था उस वादा को पूरा नहीं कर पा रही है, जबकि वर्तमान नीति से शिक्षकों के पद ही समाप्त हो जाएंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने आगे कहा कि प्रदेश और जिला कांग्रेस के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी 9 जून से 11जून के मध्य इस तुगलकी फरमान के खिलाफ पूरे जिले के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करेगी, शिक्षको और छात्रों के हित में कांग्रेस पार्टी किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ सड़क की लड़ाई लड़ने तैयार है, इस सत्तासीन भाजपा के सरकार में पूरे प्रदेश में पाठशाला बंद हो रही है और मधुशाला खुल रही है है, ऐसे सरकार के तुगलकी फरमान को जनता जनार्दन कदापि बर्दाश्त नहीं करेगी, याचना नहीं अब रण होगा महाभीषण संग्राम होगा।

## पालना क्रेश कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 20 जून तक

**बलौदाबाजार।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बलौदाबाजार एकीकृत बाल विकास परियोजना में पालना क्रेश कार्यकर्ता के 2 एवं सहायिका के 2 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। पालना क्रेश कार्यकर्ता के 2 पद के लिए शहीद सुशील कुमार मसीह वार्ड-2 एवं संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार शामिल हैं।इसी तरह पालना क्रेश सहायिका के 2 पदों के लिए शहीद सुशील कुमार मसीह वार्ड-2 एवं संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार शामिल है। आवेदन करने के अंतिम तिथि 20 जून तक कार्यालयीन समय में सायं 5.30 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के पते पर अपना आवेदन पत्र पंजीकृत डाक, सामान्य डाक एवं व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकते है।

## लम्बे समय से ऑटो संघ एवं बस एसोसिएशन के मध्य चल रहे मतभेद का हुआ समाधान

पायनियर संवाददाता ⮜ भाटापारा
www.dailypioneer.com

लम्बे समय से ऑटो संघ एवं बस एसोसिएशन के मध्य चल रहे मतभेद का समाधान संवाद, सहयोग एवं संयम की त्रिवेणी से संभव हो सका। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मार्गदर्शन, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के समन्वयपूर्ण प्रयासों तथा दोनों पक्षों की सकारात्मक सोच और परस्पर विश्वास ने इस जटिल विषय को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का मार्ग प्रशस्त किया। इस समाधान की दिशा में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के समन्वयकारी प्रयासों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। उनके नेतृत्व में दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों से खुले विचार-विमर्श और निष्पक्ष वार्ता का



वातावरण तैयार हुआ, जिससे समन्वय का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस सराहनीय पहल के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए ऑटो संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्हें यह विश्वास भी दिलाया गया कि भविष्य में भी जनहित एवं परिवहन सुविधा से जुड़े विषयों पर पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा। यह समाधान न केवल दो संगठनों के बीच समन्वय का प्रतीक है, बल्कि भाटापारा की यातायात व्यवस्था में स्थिरता, सुचारु संचालन और आमजन की सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी है। सभी संबंधित पक्षों द्वारा प्रदर्शित संयम, सहभागिता और परिपक्वता ने सामूहिक प्रयास को सफलता में परिणत किया है।

> परिवहन व्यवस्था किसी भी नगर की जीवनरेखा होती है। ऑटो संघ और बस एसोसिएशन के बीच उत्पन्न स्थिति को शांति और विश्वास के साथ सुलझाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी थी। सभी पक्षों ने परिपक्वता दिखाई और संवाद के माध्यम से समाधान को अपनाया, इसके लिए सभी धन्यवाद के पात्र हैं। जनहित में हम सदैव तत्पर हैं और भविष्य में भी ऐसी सकारात्मक पहल जारी रहेगी।
>
> **- अश्वनी शर्मा**

---

## बलौदा बाजार की सिमरन सेट परीक्षा में सफलता पाई



**बलौदाबाजार।** शहर की होनहार छात्रा सिमरन ने हाल ही में आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा में सफलता प्राप्त कर बलौदा बाजार का नाम रोशन किया है। बलौदाबाजार नगर के गुरु चरण सिंह एवं किरण चावला की सुपुत्री सिमरन चावल ने महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक पद की पात्रता परीक्षा में सफलता हासिल की है यह सफलता उन्होंने बगैर कोचिंग के हासिल की है पूर्व में उन्होंने यूजीसी नेट की भी परीक्षा उत्तीर्ण की है वह शुरू से मेघावी छात्रा रही है। सेट परीक्षा शिक्षण क्षेत्र में व्याख्याता पद हेतु एक आवश्यक योग्यता परीक्षा है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करना कठिन माना जाता है, लेकिन सिमरन चावल ने अपनी मेहनत और लगन से यह सफलता प्राप्त की है। उनकी इस सफलता पर परिवार, गुरुजन और मित्रों ने उन्हें बधाई दी है। सिमरन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया।

## स्थानांतरण के लिए 13 जून तक स्वीकार किए जाएंगे आवेदन, 14 जून से 25 जून तक होंगे स्थानांतरण

पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा स्थानांतरण नीति वर्ष 2025 के लिए सभी विभागों, विभागाध्यक्षों, संभाग आयुक्तों और कलेक्टरों को पत्र जारी किया गया है जिसके अनुसार 6 जून से 13 जून 2025 तक आवेदन स्वीकार और 14 जून से 25 जून तक स्थानांतरण किए जाएंगे। जारी पत्र अनुसार, राज्य शासन द्वारा पूर्व में जारी स्थानांतरण नीति को अधिक्रमित करते हुए स्थानातरण नीति 2025 प्रक्रिया निर्धारित की गई है। यह स्थानांतरण नीति गृह (पुलिस) विभाग, आबकारी विभाग, खनिज साधन विभाग, परिवहन विभाग, वाणिज्यकर विभाग, पंजीयन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षकीय कार्य में पदस्थ शिक्षकगणों तथा राज्य के निगम, मण्डल, आयोगों एवं स्वायत्त संस्थाओं पर लागू नहीं होगे। जिला स्तर पर स्थानांतरण 14 जून, से 25 जून तक जिला स्तर पर तृतीय श्रेणी (गैर-कार्यपालिक) तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के स्थानांतरण जिले के प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से जिला कलेक्टर द्वारा किये जा सकेंगे। स्वैच्छिक स्थानांतरण हेतु आवेदन 06 जून, से 13 जून तक संबंधित विभाग के जिला कार्यालय में प्राप्त किये जाएंगे। कलेक्टर यह सुनिश्चित करेंगे कि स्थानांतरण किये जाने वाले पद जिला संवर्ग का है तो उनका जिले के अंदर ही हो तथा स्थानांतरण आदेश तद्नुसार प्रसारित होगे। विभाग के जिला कार्यालय प्रमुख द्वारा स्थानांतरण प्रस्ताव तैयार कर जिला कलेक्टर को प्रस्तुत किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा प्रस्ताव के परीक्षण उपरांत उस पर जिले के प्रभारी मंत्री का अनुमोदन प्राप्त किया जाकर स्थानांतरण आदेश जारी किया जाएगा। तृतीय श्रेणी के कर्मचारियो के मामलों में उनके संवर्ग में कार्यरत कर्मचारियो की कुल संख्या के अधिकतम 10% एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के मामलों में अधिकतम 15 तक स्थानांतरण किये जा सकेंगे। परस्पर सहमति से स्वयं के व्यय पर किये गए स्थानांतरणों की गणना उक्त सीमा हेतु नहीं की जाएगी। परस्पर सहमति से स्थानांतरण हेतु दोनो आवेदकों द्वारा आवेदन पत्र संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित होना आवश्यक है। स्वयं के व्यय पर स्थानांतरण हेतु व्यक्तिगत रूप से किये गए आवेदन पर किया गया कोई भी स्थानांतरण परस्पर सहमति से किये गए स्थानांतरण की श्रेणी में नहीं आएगा। ऐसे शासकीय सेवक जो एक ही स्थान पर दो या उससे अधिक कालावधि से पदस्थ हो परस्पर सहमति हेतु उन्हीं के आवेदन स्थानांतरण हेतु प्रस्तावित किये जाएंगे। परस्पर सहमति के आधार पर स्थानांतरण भी दो वर्ष या उससे अधिक कालावधि से पदस्थ शासकीय सेवकों के लिए लागू होगा। राज्य स्तर पर स्थानांतरण 14 जून से 25 जून तक राज्य स्तर पर विभाग द्वारा स्थानांतरण किये जा सकेंगे। स्वैच्छिक स्थानांतरण हेतु आवेदन 06 जून से 13 जून तक संबंधित विभाग में प्राप्त किये जायेंगे। स्थानांतरण, विभाग के विभागीय मंत्री के अनुमोदन से ही किये जा सकेंगे।विभागों का यह दायित्व होगा कि यदि अनुसूचित क्षेत्रों के शासकीय सेवक का गैर-अनुसूचित क्षेत्र में स्थानातरण करने के प्रस्ताव है तो उसके एवजीदार का भी प्रस्ताव (जो गैर-अनुसूचित क्षेत्र से हो) अनिवार्यतः रखा जाए। शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रिक्तियों का जो असंतुलन है उसे संतुलित करने का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी परिस्थिति में न्यूनता वाले स्थान से आधिक्य वाले स्थान में स्थानांतरण नहीं किया जाएगा ताकि संतुलन बना रहे एवं कमी वाले क्षेत्रों में पदो की पूर्ति हो सके। 1 जून की स्थिति में एक साल से कम अवधि में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारियों का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा।जिला कैडर के कर्मचारियों का स्थानांतरण जिले के भीतर एवं संभाग कैडर के कर्मचारियों का स्थानांतरण संभाग के अंतर्गत ही संभव होगा।

## महिला के ईलाज हेतु एक लाख की आर्थिक सहायता मंजूर



पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

गरीब व ईलाज कराने में अक्षम के ईलाज हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किए जाने के अंतर्गत नगर के वार्ड क्रमांक 11 पहांदा रोड की पीड़ित महिला के इलाज हेतु 1,00000 की राशि स्वीकृति हुई थी, मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि प्रदाय हेतु कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा की अनुशंसा पर जो पीड़ित व्यक्ति ईलाज करा पानें में सक्षम नहीं है ऐसे गरीब परिवार को सहयोग प्रदाय करने में कोई कमी नहीं की जाती, इसी के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के प्रयास से केजिया बाई सेन पिता दुखुराम सेन को कैंसर के ईलाज हेतु घर पहुंच कर एक लाख का चेक प्रदान किया गया, ज्ञात हो कि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा अति संवेदनशील एवं सेवा कार्य के परिचायक भी हैं, कोई भी पीड़ित मरीज या इलाज करने में सक्षम नहीं होने वाले व्यक्ति व परिवार को रायपुर से साधन उपलब्ध करा कर अस्पताल तक ईलाज हेतु लेकर जाने वह अन्य कार्यों में सहयोग प्रदान करने की व्यवस्था भी रखी गई है।

---

## सर्व आदिवासी समाज बोला-योग्य नहीं तो हमसे ले सरकार : रूपेश नागवंशी

पायनियर संवाददाता ⮜ भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रदेश में भाजपा सरकार को सत्ता संभाले सवा साल से ज्यादा हो गया है, लेकिन आज तक अनुसूचित जनजाति आयोग को अध्यक्ष नहीं मिल पाया है। नतीजा यह कि आदिवासी समाज से जुड़े सैकड़ों प्रकरण लंबित हैं और पीड़ितों को न्याय मिलना मुश्किल हो गया है। सरकार की इस चुप्पी और निष्क्रियता पर अब आदिवासी समाज ने नाराज़गी जताई है। सर्व आदिवासी समाज ने तीखे शब्दों में कहा है- अगर सरकार को योग्य व्यक्ति नहीं मिल रहे हैं, तो हम समाज के जमीनी नेतृत्व को सामने लाते हैं, सरकार हमसे अध्यक्ष बनाए।

इस मुद्दे पर सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश मीडिया सचिव रूपेश नागवंशी ने सीधा बयान देते हुए कहा- अगर सरकार के पास योग्य व्यक्ति नहीं हैं, तो मुझे अनुसूचित जनजाति आयोग का अध्यक्ष बना दे। मैं समाज के बीच से आया हूं, न्याय के लिए हर दरवाजा खटखटाया है, और मैं हर आदिवासी की आवाज़ को मंच दूंगा। उन्होंने कहा कि सरकार की खामोशी से अब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि आदिवासी समाज की प्राथमिकता इस शासन में नहीं है।

**बिना अध्यक्ष के आयोग का अस्तित्व खोखला –** अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन संविधान और आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए किया गया था, लेकिन अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के बिना यह संस्था सिर्फ नाम की रह गई है। पिछले एक साल से आयोग सिर्फ खानापूर्ति कर रहा है, न सुनवाई हो रही है न फैसले आ रहे हैं।

**सरकार की प्राथमिकता पर सवाल –** राज्य में 32% से ज्यादा आदिवासी आबादी है, ऐसे में आयोग की नियुक्ति में देरी साफ दर्शाती है कि सरकार की प्राथमिकता में आदिवासी समाज पीछे है।

**रूपेश नागवंशी ने कहा–** यह सिर्फ नियुक्ति नहीं, बल्कि हमारी अस्मिता, अधिकार और न्याय का सवाल है। अगर सरकार जल्द निर्णय नहीं लेती, तो पूरे राज्यभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा। हर जिले में बैठकें होंगी, रणनीति तय की जाएगी।

**आदिवासी समाज की चेतावनी: अब चुप नहीं रहेंगे –** सर्व आदिवासी समाज ने साफ कहा है कि अगर सरकार आदिवासी समाज की अनदेखी करती रही, तो जल्द ही पूरे प्रदेश में आंदोलन की चिंगारी फैलेगी, और यह लड़ाई सिर्फ अनुसूचित जनजाति आयोग की नियुक्ति तक सीमित नहीं रहेगी।

न्याय में देरी, अन्याय के बराबर होती है। अनुसूचित जनजाति आयोग को नेतृत्व दो, नहीं तो समाज आवाज़ उठाएगा और अबकी बार बहुत ऊंची।

## छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन तिहार मना रही है तो दूसरी तरफ विद्युत मंडल कोई अप्रिय घटना का इंतजार कर रही है : लक्ष्मी साहू




पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदा नगर के व्यस्ततम मार्ग मंडी रोड बाजार क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत तार वार्ड क्रमांक 13 विद्युत प्रवाह पुल 571 से 572 के बीच तक का मुख्य तार नीचे काफी झुक चुका है जिससे कभी भी अप्रियघटना घट सकती है एवं जान माल की हानि हो सकती है यह कहा जाए तो विद्युत मंडल कोई बड़ा घटना होने का इंतजार कर रहा है। विदित हो की मंडी रोड के व्यापारी द्वारा कनिष्ठ यांत्रिक छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल शहर को 5.12.2024 को एक लिखित शिकायत आवेदन दिया गया था और यह की आवेदन दिए गए हुए करीब 6 माह बीत चुके हैं। विद्युत मंडल द्वारा अभी तक तार ऊंचा उठाने का कार्य नहीं किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार के तहत नगर भवन में 21/5/2025 को दूसरा आवेदन कलेक्टर के नाम से दिया गया था। पोल के लटके हुए तार को विद्युत मंडल द्वारा तत्काल ऊंचा नहीं करने की स्थिति पर मंडी रोड व्यापारी द्वारा शीघ्र विद्युत मंडल के समक्ष धरना प्रदर्शन करने हेतु बाधित होंगे अगर किसी प्रकार की अप्रिय घटना होगी तो इसकी जवाबदारी विद्युत मंडल की होगी। छत्तीसगढ़ शासन सुशासन तिहार मना रही है तो दूसरी तरफ विद्युत मंडल कोई अप्रिय घटना का इंतजार कर रही। यह बात लक्ष्मी साहू अध्यक्ष पीड़ित व्यापारी संघ ने कही। मंडी रोड व्यापारी विक्की साहू राजेश सोनी विनोद पंजवानी अजय गुप्ता सुनील अग्रवाल परेश अग्रवाल लकी जैन आशु अग्रवाल नीरज जैन आदि पीड़ित व्यापारियों ने शासन से निवेदन किया है शीघ्र ही तार को ऊंचा उठाने का कार्य किया जाए।

## पर्यावरण सरंक्षण के प्रति समर्पित गृहिणी स्वयं सेवी संस्था



पायनियर संवाददाता ⮜ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पर्यावरण को सरंक्षित एवं सम्वर्धित करने हेतु गृहिणी स्वयं सेवी संस्था ने विगत 4 मई 2023 से प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए एक अनुठा तरीका अपनाया, जिसमें बलौदाबाजार जिले के 9 मणिकंचन केन्द्रों की 142 से अधिक महिलाओं के माध्यम से 485 टन प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर उसे सुव्यवस्थित ढंग से सीमेंट संयंत्र के किलन में ईंधन के रुप में प्रयोग किया गया। जिससे 1261 टन सीओ2 उत्सर्जन की मात्रा को कम किया गया एवं मणीकंचन केन्द्र के महिलाओं को लगभग 5 लाख 17 हजार रुपये की रोजगार सृजन हुआ। संस्था द्वारा संचालित अर्थसेवर परियोजना को 5 मई 2023 को तत्कालीन जिला कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर प्रारम्भ किया जिसमें बलौदाबाजार नगर पालिका एवं न्यु विस्टा सीमेंट संयंत्र के सीएसआर का विशेष सहयोग रहा है। यह संस्था केवल प्लास्टिक कचरे के निपटान तक ही सीमित न रहकर प्लास्टिक कचरा इकठ्ठा करने वाली महिलाओं को स्वास्थ्य पर्यावरण सरंक्षण पर भी समय समय पर जागरुक प्रषिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करती रहती है। बलौदाबाजार जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु यह अनुठा प्रयास आगे भी जारी रहेगा और अधिक से अधिक कार्यक्षेत्र के प्लास्टिक वेस्ट को इकठ्ठा कर पर्यावरण सरंक्षण एवं सम्वर्धन के प्रति संस्था प्रतिबध्द रहेगी। उपरोक्त जानकारी गृहिणी स्वयं सेवी संस्था की अध्यक्ष रुपा श्रीवास्तव ने दी।

# आरटीई के तहत अन्य स्कूल में प्रवेश दिलाने अभिभावक ने दिया आवेदन, जनदर्शन में 160 आवेदन प्राप्त हुए

## गांव के बीच संचालित मुर्गी फार्म को हटाने ग्रामीणों ने जनदर्शन में लगाई गुहार

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जनदर्शन कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर मती सिल्ली थॉमस एवं हितेश पिस्दा भी उपस्थित थे। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 160 आवेदन प्राप्त हुए। पोलसाय पारा दुर्ग निवासी एक अभिभावक ने आरटीई (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) के तहत अपने पुत्र को दूसरे स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र पहले ड्रीम इंडिया स्कूल, सिंधी कॉलोनी में आरटीई के तहत पढ़ाई कर रहा था, लेकिन स्कूल बंद हो जाने के कारण अब उसका भविष्य अंधकारमय हो गया है। अभिभावक ने कहा कि उनकी आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं है कि वे किसी अन्य निजी स्कूल में शुल्क देकर बच्चे का दाखिला करवा सकें। पुत्र को घर के समीप आरटीई के तहत किसी अन्य प्राइवेट इंग्लिश मीडियम स्कूल में दाखिला दिलाने गुहार लगाई। इस पर अपर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

अहिवारा के वार्डवासियों ने नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 15 बानबरद क्षेत्र में हो रहे अवैध कब्जे की शिकायत की। उनका कहना है कि कुछ लोगों ने करीब 52 एकड़ शासकीय भूमि पर कब्जा कर लिया है, जिसे लीज पर दिया गया था, लेकिन अब बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के उस भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। इस शिकायत पर अपर कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी अहिवारा को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। वहीं ग्राम थनौद वार्ड क्रमांक 08 के निवासियों ने गांव के बीच संचालित मुर्गी फार्म को स्थानांतरित करने की मांग की। उन्होंने बताया कि फार्म से लगातार दुर्गंध फैलती है, जो बरसात के दिनों में और अधिक बढ़ जाती है। इससे मक्खियों की भरमार हो जाती है और बर्ड फ्लू जैसी गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। फार्म गांव के एक जमींदार का होने के कारण ग्रामीण खुलकर विरोध नहीं कर पा रहे हैं। इस पर अपर कलेक्टर ने एसडीओ दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। इसके साथ ही ग्राम चंगोरी तहसील पाटन निवासी एक किसान ने भारत माला सड़क परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित की गई भूमि का उचित मुआवजा न मिलने की शिकायत की।

उन्होंने बताया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम बठेना में स्थित है, जो पाटन से जामगांव होते हुए रायपुर मुख्य मार्ग से लगी हुई है। इस परियोजना के तहत उनकी जमीन अधिग्रहित की गई, लेकिन उसका उचित मूल्यांकन नहीं किया गया, जिससे उन्हें निर्धारित मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई। किसान ने भूमि का पुनर्मूल्यांकन कर सही मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस पर अपर कलेक्टर ने एसडीएम पाटन को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# महापौर की दो टूक : ठेकेदार गुणवत्ता से कार्य करे अन्यथा नहीं होगा भुगतान

## रिसाली महापौर का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता रिसाली
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा ने विजिट के दौरान ठेकेदारों को दो टूक कहा है कि खराब गुणवत्ता वाले कार्य पर निगम भुगतान नहीं करेगा। दरअसल वे निगम क्षेत्र में निर्माणधीन कार्य का निरीक्षण लगातार कर रही है। इस दौरान उन्होंने निगम क्षेत्र में बनने वाले रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को भी देखा। महापौर शशि सिन्हा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि खराब गुणवत्ता वाले कार्यो की फाइल को आगे न बढ़ाए। जांच में प्रथम, द्वितीय किस्त जारी करने पर सीधे अधिकारी के खिलाफ गुणदोष के आधार पर कार्यवाही करने उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण कार्य कई जगह पर चल रहा है। इस कार्य को अधिकारी सूक्ष्मता से देखे। महापौर शशि ने स्थल चयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दी। उन्होंने महापौर परिषद के सद्स्य जहीर अब्बास, संजू नेताम, अनिल देशमुख के साथ वार्ड 17 शिव पारा, वार्ड 19 विजय चौक, वार्ड 20 शंकर पारा, वार्ड 26 अवधपुरी में निर्माणधीन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निरीक्षण की।

**300 चयनित स्थानों में 85 पर काम आरंभ**-निगम क्षेत्र में भूमिगत जल स्त्रोत को बढ़ाने और बारिश के पानी को सहेजने लगभग 300 स्थानों का चयन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने किया गया है। उक्त कार्य अनुराग शर्मा और मेसर्स रविन्द्र भगत द्वारा किया जा रहा है। दोनो ही एजेंसी अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 85 चिन्हित स्थानों पर कार्य आरंभ किया है।

# नेशनल ट्रेन इन्क्वायरी सिस्टम (एनटीईएस) भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की गई एक ऑनलाइन सेवा

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




नेशनल ट्रेन इन्क्वायरी सिस्टम (एनटीईएस) भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की गई एक ऑनलाइन सेवा है, जिसके माध्यम से यात्री देशभर में चल रही ट्रेनों की वास्तविक स्थिति जैसे आगमन, प्रस्थान, देरी, रद्दीकरण, मार्ग परिवर्तन आदि की जानकारी रियल टाइम में प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवा वेबसाइट के साथ-साथ मोबाइल ऐप के रूप में भी उपलब्ध है। एनटीईएस ऐप गूगल प्ले स्टोर पर निःशुल्क डाउनलोड के लिए उपलब्ध है और यह यात्रियों के लिए एक भरोसेमंद सहायक बन गया है। वर्तमान में दक्षिण पूर्व रेलवे सहित देश के कई रेलवे ज़ोन में आवश्यक रखरखाव एवं अधोसंरचना विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिसके कारण कुछ ट्रेनें अपने प्रारंभिक स्टेशनों से ही विलंब से चल रही हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अपने नेटवर्क में ट्रेनों के संचालन को यथासंभव समयबद्ध बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। जैसे ही ट्रेनें कटनी, नागपुर, झारसुगुड़ा, लखोली जैसे प्रमुख रिसीविंग स्टेशनों पर इंटर होती हैं, उनका परिचालन बेहतर तरीके से संचालित करने का प्रयास किया जाता है। यात्रीगण अपनी यात्रा के लिए स्टेशन आने से पहले एनटीईएस ऐप या वेबसाइट के माध्यम से अपनी ट्रेन की वास्तविक स्थिति अवश्य जांच लें, इससे असुविधा एवं अनावश्यक रूप से प्लेटफॉर्म पर देर तक प्रतीक्षा करने से बचा जा सकेगा। हालांकि रेलवे द्वारा यात्रियों को ट्रेनों की स्थिति की सूचना उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भेजी जाती है, साथ ही स्टेशनों पर पैसेंजर एनाउंस सिस्टम के माध्यम से भी नियमित उदघोषणा भी की जाती है। एनटीईएस का उपयोग यात्रियों की यात्रा को और अधिक सुविधाजनक, समयबद्ध और सटीक बनाता है।

# ऑपरेशन के दौरान निकाले गए लगभग 15 किलोग्राम वजन का ट्यूमर

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



ग्राम बिटाल की 39 वर्षीय महिला, पिछले तीन महीनों से पेट में तेज दर्द और एक बढ़ती हुई गांठ से परेशान थीं। जब वह दल्लीराजहरा के शहीद अस्पताल पहुँचीं, तो डॉक्टरों ने देखा कि पेट का लगभग पूरा हिस्सा एक ठोस मांस से भरा हुआ था। जांच के दौरान सीटी स्कैन में 31.15.24 सेंटीमीटर का एक विशाल गांठ पाया गया, जो सामान्य आकार की तुलना में कई गुना बड़ा था। 10 फरवरी को की गई अल्ट्रासोनोग्राफी में यह मास retroperitoneal क्षेत्र में कुछ भागों के साथ देखा गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 08 जून को मरीज की E&ploratory Laparotomy के साथ TAH और बाईं ओवरी को हटाने की प्रक्रिया की गई। यह जटिल और जोखिमपूर्ण ऑपरेशन डॉ. शीला ( स्त्री रोग विशेषज्ञ) के मार्गदर्शन और डॉ.शैबाल जाना के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें डॉ. प्रीती अधिकारी, डा.नरेश उइके, बंसाला एवं डा.कीर्तन ने सहायक भूमिका निभाई। ऑपरेशन के दौरान निकाले गए ट्यूमर का वजन लगभग 15 किलोग्राम था। सर्जरी पूरी तरह सफल रही और महिला रोगी अब स्वस्थ हैं। ट्यूमर के सैंपल को आगे की पुष्टि के लिए हिस्टोपैथोलॉजिकल परीक्षण (HPE) हेतु भेजा गया है। डॉ.जाना ने बताया, इतना बड़ा फाइब्रॉइड बहुत ही दुर्लभ होता है, और इसकी समय रहते पहचान और सर्जिकल हस्तक्षेप ने रोगी की जान बचाई जा सकती है। यह सफलता स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं की दक्षता और समर्पण को दर्शाती है। शहीद अस्पताल प्रबंधन ने सर्जन व उनकी टीम को इस जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक संपन्न करने पर बधाई दी है।

# बाल आरक्षक से बनी आरक्षक एसएसपी रामकृष्ण साहू ने सौंपा नियुक्ति पत्र



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बेमेतरा में एक भावुक क्षण का साक्षी बना, जब वर्ष 2013-14 में अनुकंपा आधार पर बाल आरक्षक पद पर नियुक्त की गई श्वेता साहू को आरक्षक (जीडी) के पद पर नियुक्ति आदेश प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने श्वेता साहू को उनके परिश्रम और पात्रता के आधार पर आरक्षक पद पर नियुक्ति आदेश सौंपे। इस अवसर पर श्वेता अपने भाई सरद साहू और छोटी बहन स्वाती साहू के साथ उपस्थित थीं।

**नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्णतः** आत्मीय और संवेदनशील वातावरण में सम्पन्न किया गया। श्वेता एवं उनके परिजनों ने इस सहयोग और मानवीय दृष्टिकोण के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। श्वेता साहू के पिता, स्व. वासुदेव साहू, 4थी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, माना रायपुर में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे। उनके निधन के उपरांत, शासन ने अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया को गंभीरता से लिया और शीघ्र कार्रवाई कर श्वेता को बाल आरक्षक के पद पर नियुक्त किया गया।

# कलमकार स्मृति सम्मान प्राप्त डॉ. गुलाब चंद का किया महाविद्यालय में अभिनन्दन



पायनियर संवाददाता शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

विगत दिनों राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान प्राप्त छत्तीसगढ़ कलमकार मंच द्वारा यादें साझा संकलन में महत्वपूर्ण अवदान देनें एवं मार्गदर्शक मंडल के सदस्य के रूप में महती योगदान के लिए शासकीय लक्ष्मनेश्वर स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गुलाब चंद भारद्वाज को सत्य, समता, सारोकार समिति छत्तीसगढ़ कलमकार मंच मस्तूरी, बिलासपुर द्वारा कलमकार स्मृति सम्मान 2025 एवं मेडल देकर सम्मानित करने पर महाविद्यालय परिवार ने आत्मीय स्वागत किया है! यह कलमकार मंच की उन्नीसवां साझा काव्य संग्रह है! इस महत्वपूर्ण साझा संकलन में डॉ. भारद्वाज ने अपने तीन अनमोल कृति साझा की है। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक और विद्यालय के अध्यापक बहुत अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# जनजातियों को विकासमूलक योजनाओं का मिले शत प्रतिशत लाभ : कलेक्टर

## गांवों में सर्वे करा कर विभिन्न योजनाओं से प्राथमिकता से लाभान्वित करने के दिए निर्देश धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 15 जून से 30 जून तक 'धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान' चलाया जाएगा। इसी कड़ी में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने अभियान के सफल आयोजन के लिए कार्य योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी ली और धरती आबा अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं से जनजातीय समुदाय के लोगों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कुमार ने कहा कि गांवों में धरती आबा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों के गैप आइडेंटिफिकेशन के लिए सर्वे कराएं तत्पश्चात शिविरों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने इस अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को विभिन्न शिविरों के नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को चिन्हांकित गांवों का दौरा करने तथा अभियान का प्रभावी प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस अभियान को केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता बताते हुए पूरी संवेदनशीलता के साथ जिले के चिन्हांकित ग्राम पंचायतों में शिविरों के आयोजन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासकीय योजनाओं से वंचित परिवारों और ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करना है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय ने बताया कि धरती आबा अभियान के तहत 35 आदिवासी गांवों में विकास की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविरों के माध्यम से जनजातीय समुदाय के लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की 25 प्रमुख योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर शिविर के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास लक्ष्मी प्रसाद पटेल ने बताया कि आदिवासी क्षेत्रों के समग्र विकास और वहां निवास करने वाले जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के उददेश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ 02 अक्टूबर 2024 को किया गया था। यह अभियान पीएम जनमन योजना की तर्ज पर तैयार किया गया है, जिसके अंतर्गत 17 मंत्रालयों द्वारा संचालित 25 गतिविधियों को समन्वित रूप से आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में लागू किया जा रहा है।

### आय,जाति, निवास, आधार कार्ड सहित 25 योजनाओं का मिलेगा लाभ

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। आमजनों को आय, जाति, निवास आधार एवं आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजना, आयुष्मान कार्ड, वन अधिकार पट्टा, आवास, सड़क जलापूर्ति सहित 25 योजनाओं एवं गतिविधियों का लाभ एक छत के नीचे दिया जाएगा। इस पहल के माध्यम से बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामाजिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अंतरालों की पहचान कर अभिसरण और संतृप्तिकरण के माध्यम से विकास सुनिश्चित किया जाएगा। यह अभियान को जनजातीय समाज को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है और जिले के आदिवासी गांवों में विकास की नई रोशनी पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगा।

### 22 हजार से अधिक लोग होंगे योजनाओं से लाभान्वित

सहायक आयुक्त लक्ष्मी प्रसाद पटेल ने जानकारी दी कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से जिले के तीनों विकासखंडों के 22 हजार से अधिक लोग शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिले की ग्राम पंचायतों में मनाया गया रोजगार दिवस

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में नियमित रूप से प्रति माह आयोजित किया जा रहा है। रोजगार दिवस के आयोजन का उद्देश्य ग्रामीणों, विशेषकर जॉब कार्डधारी परिवारों को मनरेगा की योजनाओं, दिशा-निर्देशों और उनके अधिकारों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक और सशक्त बनाना है।

कार्यक्रम में मनरेगा के अंतर्गत श्रमिकों को आधार आधारित भुगतान, एनएमएमएस ऐप, ई-एम.बी ऐप मास्टर की एंट्री सहित विभिन्न डिजिटल प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि कैसे वे इन माध्यमों से पारदर्शी और समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित कर सकते हैं।

**जल संरक्षण और वृक्षारोपण पर विशेष जोर**-रोजगार दिवस के दौरान मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण के उपाय भी साझा किए गए। ग्रामीणों को वर्षा का बूंद-बूंद जल संग्रहण, रिचार्ज पिट, सोक पिट निर्माण, डबरी, कच्ची-पक्की नाली और कुआं निर्माण जैसी जल संचयन तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। इसी के साथ एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की जानकारी भी दी गई, जिसके माध्यम से हर व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने की कोशिश की जा रही है।

**महिलाओं और किसानों को विशेष जानकारी**-कार्यक्रम में विशेष रूप से महिलाओं को मातृत्व भत्ता, गोदी योजना, श्रम कार्ड, आधार मैपिंग जैसी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मनरेगा मजदूरी की दर 261 रुपये (जो अप्रैल 2025 से लागू है), जॉब कार्ड में नाम जोड़ने, लंबित भुगतान, आवेदन प्रक्रिया और आवास योजना के अंतर्गत 90 दिवस मजदूरी भुगतान की भी विस्तृत जानकारी साझा की गई।

**ग्राम पंचायतों में हुआ व्यापक आयोजन**-रोजगार दिवस का आयोजन जनपद पंचायत दुर्ग के ग्राम पंचायत ढाबा, नगपुरा, मतवारी, ननकट्टी, खपरी (कु.), उमरकोटी, पउवारा, अंजोरा (ख) में किया गया। इसी तरह जनपद पंचायत पाटन के सांतरा, कोटना, तरवाए, अकतई, तर्रा, टेमरी, ओदेगहन और जनपद पंचायत धमधा के पथरिया (स), चेटुआ, बिरोदा ग्राम पंचायतों में भी रोजगार दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर 26 जून तक जिलेभर में होंगे

**मुंगेली।** शासन के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर जिले में नशा उन्मूलन हेतु जन-जागरूकता पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने संबंधित अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने, नियमित समीक्षा करने एवं इसकी प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान जिले को नशामुक्त मुंगेली की दिशा में सार्थक पहल साबित हो सकता है। कलेक्टर ने कहा कि नशा उन्मूलन केवल सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि सामाजिक भागीदारी से ही संभव है।

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा करायें अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 ) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | मांग सूचना की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **पुरूषोत्तम साहू**, दिव्या भारती<br>जमानतदार : ईश्वर साहू<br>खाता सं. LNRAI00322-230248855 | 6 जून 2025<br>₹ 1317548/-<br>4 जून 2025 | सम्पत्ति खसरा नं. 16/105, स्थित मौजा-बिरगांव ( बंजारी नगर ), आर.एन.एम.-रायपुर-17, तहसील व जिला - रायपुर ( सी.जी ). **क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट** |
| **मनोज निर्मलकर**, बिंदू निर्मलकर<br>खाता सं. LNDUR00622-230284348 | 6 जून 2025<br>₹ 938626/-<br>4 जून 2025 | खसरा नं. -471/22 संपत्ति का भाग, मौजा-जामूल स्थित, वार्ड नं. -05, गणेश नगर, पी.एच. नं. -13, आर.एन.एम.-दुर्ग-1, एन.पी.पी जामूल तहसील व जिला - दुर्ग ( सी.जी ). **क्षेत्रफल 1089 वर्ग फीट** |
| **पूनम देवांगन**, हेमलता देवांगन<br>खाता सं. LNDHM17423-240334113 | 6 जून 2025<br>₹ 1696527/-<br>4 जून 2025 | खसरा नं. -242/3 संपत्ति स्थित मौजा- मातावदामोदी, जी.पी- मतवाड़ा ( लाल ) पी.एच. नं.- 24, आर.एन.एम.-कांकेर, आर.आई.सी- कांकेर, जिला- कांकेर, तहसील - कांकेर, सीजी 494334 **क्षेत्रफल 0.036 वर्ग हेक्टेयर** |

स्थान : जयपुर दिनांक 10.06.2025 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)**
**( जल जीवन मिशन )**

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य - पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र ''ए'' में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां. विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर) आमंत्रित की जाती है। **ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें।** आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है - सरल क्रमांक 02 एवं 03 **(Risk & Cost)**

| क्र. | निविदा क्रमांक / दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकास खण्ड | ग्राम | कार्य की लागत (रू. लाख) | निविदा कॉल | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 41/02.06.2025 | **169703** | BHAIRAMGARH | TUMNAR (G.P. Kondroji) | 30.60 | 1st call | 22950/- |
| 2 | 42/02.06.2025 | **169705** | BIJAPUR | KACHILWAR (G.P. Kaika) | 15.99 | 1st call | 11993/- |
| 3 | 43/02.06.2025 | **169706** | BHAIRAMGARH | ADEWADA (G.P. Tushwal) | 11.33 | 1st call | 8498/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date) **30.06.2025** तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि (Bid start date) **05.06.2025** से है। निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

G-252601430/4

## संपादकीय

# बेंगलुरू त्रासदी...

**बैंगलुरू त्रासदी** से महत्वपूर्ण सबक लिए जाने चाहिए। मृतकों के परिवार जवाबदेही की मांग कर रहे हैं, इसलिए तत्काल कठोर सुरक्षा प्रोटोकाल बनाने की आवश्यकता है। 4 जून को बैंगलुरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में त्रासद भगदड़ के कारण पूरा शहर आघात से दु:खी है। 18 साल में रायल चैलेंजर्स बैंगुलरू-आरसीबी की पहली विजय के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल समारोह विनाशकारी विभीषिका में बदल गया जिसमें 11 निरपराध प्रशंसकों की मौत हो गई तथा बहुत से घायल हो गए। इस आयोजन में स्टेडियम में 2.5 लाख लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई जिसकी अधिकतम क्षमता केवल 33,000 थी। इससे यह आयोजन घातक भगदड़ में बदल गया जिसका कारण खराब प्रबंधन, राजनीतिक लाभ प्राप्त करने की इच्छा तथा समन्वय की कमी थी। स्टेडियम में गेट नंबर 3 के बाहर भगदड़ मची जहां भारी भीड़ के दबाव से गेट टूट गया। यह केवल प्रशंसकों की अति-उत्साही भीड़ के कारण नहीं, बल्कि ढांचागत कमी तथा प्रशासनिक विफ्लता के कारण था जिसके लिए क्रिकेट संगठन और राज्य प्रशासन की विफलता जिम्मेदार है। प्राथमिक जांच से पता चलता है कि यह त्रासदी कानून-व्यवस्था भंग होने तथा संवाद एवं जिम्मेदारी में कमी के कारण थी। आरसीबी ने 4 जून को सवेरे सोशल मीडिया के माध्यम से एक विजय परेड की घोषणा की थी, जबकि इसके लिए कर्नाटक पुलिस कानून के अंतर्गत अनिवार्य अनुमति भी नहीं प्राप्त की गई थी। इसके पहले रात में उसके द्वारा परेड की प्रार्थना को पुलिस ने खारिज कर दिया था क्योंकि इसमें भारी भीड़ आने का खतरा था। लेकिन इसके बावजूद क्रिकेट संगठन ने यह घोषणा कर दी और सवेरे 9 बजे तक विभिन्न प्लेटफार्मों पर यह घोषणा वाइरल हो गई थी जिससे दसियों हजार प्रशंसक सड़कों पर आ गए थे। इसके साथ ही कर्नाटक सरकार ने विधान सौध में आरसीबी टीम के अभिनन्दन की अपनी योजना घोषित की। स्टेडियम से केवल एक किलोमीटर दूर यह आयोजन भी लगभग उसी समय होना था। इसके परिणामस्वरूप बैंगलुरू पुलिस पर बहुत दबाव पड़ा जो उसकी क्षमता से बाहर था।

आईपीएल फाइनल के कारण अधिकारी पहले ही देर रात ड्यूटी से लौटे थे और अब उनसे टीम के हवाईअड्डे पर पहुचंने पर सुरक्षा, विधान सौध तक परिवहन तथा स्टेडियम के आयोजन की सुरक्षा की उम्मीद की जा रही थी। यह काम बहुत जल्दी और सीमित क्षमता के बावजूद किया जाना था। लापरवाही के लिए आरसीबी, कर्नाटक राज्य क्रिकेट असोसियेशन-केएससीए और एक निजी इवेंट मैनेजमेंट कंपनी 'डीएनए' के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कर्नाटक सरकार ने मामले की पूरी जांच के आदेश दिए हैं। उच्च न्यायालय ने भी त्रासदी का स्वत: संज्ञान लेकर सभी संबंधित पक्षों से स्पष्टीकरण मांगा है। लेकिन राजनेता भी इस त्रासदी की जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं। टीम के स्वागत की पहल करने वाले उप-मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने सरकारी और स्टेडियम आयोजनों में भाग लिया था। इस त्रासदी को एक चेतावनी की तरह देखा जाना चाहिए। इससे बिना समुचित सुरक्षा जांचों, समन्वय और भीड़ प्रबंधन के आयोजन करने के खतरे स्पष्ट होते हैं। 4 जून को जो कुछ हुआ वह एक दुर्घटना नहीं थी, बल्कि इस विभीषिका को रोका जा सकता था जिसका कारण प्रशासनिक अर्थव्यवस्था तथा परस्पर विरोधी आकांक्षायें थीं। कोई भी सार्वजनिक आयोजन बिना अच्छे नियोजन, समुचित संप्रेषण तथा सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से मानव जीवन का सम्मान किए बिना नहीं होना चाहिए। क्रिकेट टीम की विजय एकजुटता, प्रगति और प्रेरणा का माध्यम बननी चाहिए और इसे 'शोक दिवस' में नहीं बदलना चाहिए। हालांकि, कर्नाटक सरकार ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है तथा मुख्यमंत्री ने अपने राजनीतिक सलाहकार को भी हटा दिया है, पर सरकार और आयोजकों से जनता की नाराजी इसके बावजूद बनी हुई है। इस त्रासदी से राज्य सरकार की छवि को गहरा धक्का लगा है। आशा है कि बैंगलुरू की त्रासदी से समुचित सबक सीखा जाएगा तथा इसके लिए पुलिस व प्रशासन के स्तर पर जिम्मेदारियां तय की जाएंगी ताकि फिर ऐसी दु:खद घटना न हो।

# ऑपरेशन सिंदूर: सटीक हमले से दहला पाक

## तकनीकी शक्ति व रणनीतिक स्पष्टता का परिचय देते हुए भारत के आपरेशन सिंदूर ने आधुनिक युद्ध के मानक तय किए और पाकिस्तान को 80 घंटे के भीतर युद्धविराम की प्रार्थना को मजबूर कर दिया।



विनायक भट
(लेखक, सेवानिवृत्त कर्नल हैं)



**भारत** के निर्णायक आपरेशन सिंदूर के 80 घंटे के भीतर पाकिस्तान द्वारा अचानक युद्धविराम की प्रार्थना से अनेक विश्लेषक और रणनीतिज्ञ आश्चर्यचकित रह गए। पाकिस्तान ने अचानक अपने सैनिक आपरेशन 'बुनयान मरसूस', अर्थात 'शीशे की दीवाल' को वापस लेने की घोषणा कर लंबे युद्ध के बजाय सफेद झंडा लहरा दिया। ऐसे में सवाल है कि इस त्वरित यूटर्न का कारण क्या था? इसका जवाब भारतीय वायुसेना के सटीक निशाने थे जिन्होंने पाकिस्तान के सर्वाधिक सुरक्षित सैनिक ठिकानों को नष्ट कर दिया। इनमें खासकर सीमा से बहुत दूर स्थित हवाईअड्डों के कमांड और कंट्रोल सेंटर शामिल थे। इन सर्जिकल स्ट्राइकों से पाकिस्तान की आपरेशन क्षमता को भारी धक्का लगा और युद्ध जारी रखने की उसकी इच्छाशक्ति समाप्त हो गई। आपरेशन सिंदूर का कारण पहलगाम में हुआ भयानक आतंकी हमला था जो 2019 में पुलवामा धमाकों के बाद सबसे घातक था। इस हमले की जिम्मेदारी 'द रेजिस्टेंस फ्रंट'-टीआरएफ ने ली थी जो आतंकी संगठन लश्करे तैयबा-एलईटी से सीधे जुड़ा है। लश्करे तैयबा को पाकिस्तानी अवस्थापना का परोक्ष समर्थन प्राप्त है। विश्व स्तर पर व्यापक निन्दा के बावजूद पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उसके सेना प्रमुख पूरी बेशर्मी के साथ राज्य-प्रायोजित आतंकवाद पर खामोश हैं। भारत की प्रतिक्रिया बहुत तेज और सुनियोजित थी। 2019 में बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के भीतर बहुत दूर तक आतंकी ढांचों पर सर्जिकल सटीकता से हमला करने की अपनी क्षमता में व्यापक सुधार किया है जिसे अत्यधिक सटीक खुफिया सूचनाओं से सहायता मिलती है। इस बार 9 आतंकी ठिकानों पर निशाना लगाया गया जिनमें बहावलपुर में जैशे मुहम्मद-जेईएम का प्रशिक्षण शिविर तथा मुरिदके में लश्करे तैयबा-एलईटी का मुख्यालय शामिल हैं।

हालांकि, पाकिस्तानी जवाबी हमला भी व्यापक था, पर यह निष्प्रभावी रहा। ड्रोन हमले, सीमावर्ती गांवों पर गोलाबारी तथा पाकिस्तानी वायुसुना द्वारा लक्षित भारतीय सैनिक ठिकानों पर निशाना लगाने के विफल प्रयास इनमें शामिल हैं। इसके जवाब में भारत ने भी सटीक हमला करते हुए पाकिस्तानी के वायुरक्षा राडारों, सतह से हवा में मार करने वाली सैम मिसाइल साइटों, समन्वित हवाई रक्षा व्यवस्थाओं-आईएडीएस तथा 13 स्थानों पर पाकिस्तानी वायुसेना-पीएएफ के ठिकानों पर निशाना लगाया। ये हमले न केवल टैक्टिल, बल्कि क्षमता प्रदर्शित करने वाले थे जिनका उद्देश्य भारत की तकनीकी बढ़त दिखाना तथा जवाब देने या युद्ध का विस्तार करने की पाकिस्तानी क्षमता को ध्वस्त करना था। इन हमलों का एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण आयाम पाकिस्तान के बहुत गहराई में छिपे मजबूत ठिकानों-एचडीबीटी का विनाश करना था। इन भूमिगत ठिकानों का निर्माण हवाई और नाभिकीय हमलों से बचने के लिए किया गया था।

दुनिया भर की सेनायें अपने महत्वपूर्ण कमांड, कंट्रोल, कम्युनीकेशन व इंटेलीजेंस केन्द्रों को दुश्मन के हमलों से बचाने के लिए ऐसी व्यवस्थायें करती हैं। पाकिस्तान के नेटवर्क में कम से कम ऐसे 22 भूमिगत बंकर-एचडीबीटी शामिल थे जो उसके प्रमुख हवाई ठिकानों तथा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहरों जैसे इस्लामाबाद और कराची के निकट थे। इन सुविधाओं को कई पर्तों वाली कंक्रीट की दीवालों तथा स्टील रेबार से मजबूत किया गया था तथा इनमें उत्कृष्ट गर्मी पैदा करने, वेंटीलेशन और एयरकंडीशनिंग व्यवस्थायें लगाई गई थीं ताकि लंबे समय तक भूमिगत रहा जा सके। आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने सफलतापूर्वक दो महत्वपूर्ण एचडीबीटी नष्ट कर दिए जिनमें से एक चकलाला हवाईअड्डे के निकट इस्लामाबाद में था दूसरा पोटोहर पठार पर मुरिद हवाईअड्डे के निकट था। भारतीय सैनिक कार्रवाई महानिदेशक-डीजीएमओ एयरमार्शल ए.के. भारती ये कमांड तथा कंट्रोल एयर डिफेंस सेंटर थे। लेकिन इस लेखक के अनुसार वे व्यापक रूप से राडार डेटा, इंटेलीजेंस जानकारियों तथा हवाई कार्रवाइयों के बीच समन्वय स्थापित करने वाले सी41 केन्द्र थे।

चकलाला हवाईअड्डे पर हमला तकनीकी रूप से मास्टरस्ट्रोक था। चकलाला पर भूमिगत सुविधा का निर्माण 1990 के दशक में जनरल एलेक्ट्रिक कंपनी द्वारा किया गया था जो भूमिगत सैनिक ढांचागत संरचना बनाने में माहिर है। यह लगभग 750 वर्ग मीटर में फैला था और इसे पाकिस्तान का सर्वाधिक उत्कृष्ट वायुरक्षा केन्द्र माना जाता था। वास्तव में वीआईपी व विदेशी सैनिक प्रतिनिधिमंडल अक्सर इस बंकर को देखने आते थे और पाकिस्तानी स्वदेशी तकनीकी समन्वय की प्रशंसा करते थे। चकलाला पर भारतीय वायुसेना का निशाना अत्यधिक सटीक हमले का प्रदर्शन था। सेटेलाइट से मिली तस्वीर से स्पष्ट है कि बम ने बहुत छोटे एचवीएसी शैफ्ट से प्रवेश किया जो मुश्किल से 45 सेंटीमीटर चौड़ा था। इसका अर्थ है कि इसमें गलती की कोई संभावना नहीं थी और इसके लिए सटीक खुफिया सूचना, उचित कोआरडीनेट्स तथा सर्वोत्तम पाइलेटों व उपलब्ध हथियारों की तैनाती आवश्यक थी। इस बम का विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसने कंक्रीट की छत का एक बड़ा हिस्सा हवा में उड़ा दिया तथा पूरी भूमिगत सुविधा एवं भीतर मौजूद हर व्यक्ति को झकझोर दिया। इस हमले के बाद पाकिस्तान को मलबा साफ करने में कई दिन लगे और आखिरकार उसने वहां मृतक कर्मियों को दफन रहने देने का निर्णय किया क्योंकि वहां और कुछ बचा ही नहीं था। यह हमला संभवत: हवाई युद्ध के इतिहास में अपने किस्म का पहला हमला था जिसने इतने छोटे तथा बहुत गहराई में स्थापित ठिकाने पर पूरी सटीकता से प्रहार कर उसे पूरी तरह नष्ट कर दिया। मुरिद हवाईअड्डे की भूमिगत सुविधा और ज्यादा संवेदनशील थी। पाकिस्तान के स्पेशन वर्क्स डिपार्टमेंट ने पहले के निर्माणों से सबक लेते हुए एचवीएसी के शैफ्टों को दूर बनाया था ताकि वेंटीलेशन डक्टों द्वारा सटीक हमले से बचा जा सके। इस चुनौती का सामना करते हुए भारतीय वायुसेना ने बंकर के केन्द्रीय हिस्से पर सीधे निशाना लगाना तय किया। सेटेलाइट तस्वीरों से स्पष्ट है कि एक छोटे से छेद से बम ने भीतर प्रवेश किया और वह सतह के बजाय भीतर जाकर फटा। पाकिस्तान ने फौरन इस छेद को सीमेंट से बंद कर दिया ताकि वह सेटेलाइटों से प्रमाण छिपा सके।

इस प्रकार भारत ने सटीक खुफिया जानकारियों तथा सटीक हथियारों के माध्यम से पाकिस्तान द्वारा अपने महत्वपूर्ण कमांड सेंटरों को जमीन के भीतर छिपाने का प्रयास विफल कर दिया। सरगोधा और जकोकाबाद में अन्य हवाईअड्डों के विनाश के साथ ही इन दो एचडीबीटी के विनाश ने पाकिस्तान की वायु रक्षा कमांड और एयर आपरेशन्स ढांचे को कई महीनों के लिए विकलांग बना दिया है। इसके साथ ही भारतीय सेना ने दो बंकरों को नष्ट किया जिनमें से एक इस्लामाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निकट संभवत: पीएएफ चीफ आफ एयर स्टाफ के लिए था। अभी हाल ही में मार्च, 2025 में इन बंकरों को और मजबूत किया गया था, लेकिन इसके बावजूद इनको बरबाद कर दिया गया। इस प्रकार पाकिस्तान की हवाई क्षमता विखंडित और निष्प्रभावी हो गई। इसके कारण सीएएस के आदेश फील्ड कमांडरों या विमानों तक नहीं पहुंच सकते थे। इससे हवाई युद्ध छेड़ने या नाभिकीय विकल्प आजमाने की पाकिस्तान की क्षमता गंभीर रूप से प्रभावित हुई। भारतीय वायुसेना के सटीक हमलों का लक्ष्य पाकिस्तान द्वारा नाभिकीय धमकी को मूर्त रूप देने से रोकना तथा इसके साथ ही पाकिस्तान के सैनिक ढांचे पर विनाशकारी प्रहार करना था। यह विनाश इतना भयंकर था कि नाभिकीय विकल्प छोड़ कर पाकिस्तान की छवि मिट्टी में मिल गई। इस विनाश तथा और अपमान झेलने से बचने के लिए उसने मजबूरी में जल्दी युद्धविराम की प्रार्थना की। इसके साथ ही भारत ने कठोर राजनयिक दृष्टिकोण अपनाते हुए सिंधु जल संधि स्थगिम कर दी तथा आतंकवाद को समर्थन बंद करने तक पाकिस्ता का पानी बंद कर दिया। इस प्रकार हवाई हमलों से लेकर आर्थिक हमले तक बहुआयामी दबाव राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति एक नया और समन्वित दृष्टिकोण बन गया है। केवल 80 घंटे में भारतीय सेना ने वह उपलब्धि प्राप्त की जिसे असंभव माना जाता था।

# ईश्वर की तलाश की कोई उम्र नहीं

> ईश्वर की खोज कोई भविष्य का कार्य नहीं है। यह एक वर्तमान आमंत्रण है।

साक्षी सेठी
(लेखक एक काउंसलर और शिक्षक हैं)



**आज की** दुनिया में, जीवन कभी न खत्म होने वाली दौड़ है - अलार्म, डेडलाइन, ईमेल, मीटिंग, लक्ष्य और लगातार बढ़ती टू-डू लिस्ट। हम लगातार गति में रहते हैं, सफलता, पहचान और आराम की तलाश में। लेकिन इस सारी कोशिशों में, एक ज़रूरी सच्चाई अक्सर खो जाती है- बाकी सब कुछ इंतज़ार कर सकता है - सिवाय ईश्वर की आपकी खोज के। इसके बारे में सोचें। ज़्यादातर लोग नौकरी के लिए इंटरव्यू या डॉक्टर के पास जाने से चूकने का सपना भी नहीं देखते। फिर भी, ईश्वर के साथ समय? वह अक्सर टल जाता है, स्थगित हो जाता है या पूरी तरह से भूल जाता है। आध्यात्मिकता हमारी सूची में सबसे नीचे खिसक जाती है, ज़रूरी लेकिन अक्सर महत्वहीन चीज़ों के कारण किनारे हो जाती है। हम खुद से कहते हैं कि बाद में समय होगा - प्रोजेक्ट खत्म होने के बाद, बच्चों के बड़े होने के बाद, रिटायरमेंट के बाद। लेकिन जिंदगी कभी भी धीमी नहीं पड़ती। हमेशा एक और तूफ़ान, एक और मील का पत्थर, एक और विकर्षण होता है। समय एक खामोश चोर है। कोई भी अगले पल की गारंटी नहीं दे सकता। और सारी अव्यवस्था के नीचे, आत्मा चुपचाप पुकार रही है - हमारे अस्तित्व की गहराई से फुसफुसाते हुए, हमें याद दिलाते हुए कि हम अपनी दिनचर्या, अपनी उपलब्धियों या अपने सोशल मीडिया व्यक्तित्व से कहीं बढ़कर हैं।

हम आध्यात्मिक प्राणी हैं, जो जुड़ाव, शांति और अर्थ की चाहत रखते हैं। हम खुद को इस तरह के विचारों से शांत करते हैं, मैं बाद में भगवान पर ध्यान केंद्रित करूंगा। लेकिन बाद में अनिश्चित है। ईश्वर की खोज कोई भविष्य का कार्य नहीं है - यह एक वर्तमान आमंत्रण है। कल्पना कीजिए कि आप घने जंगल में खो गए हैं। क्या आप रास्ता खोजने से पहले रात होने का इंतजार करेंगे, या आप अभी भी रोशनी होने पर शुरू करेंगे? जवाब स्पष्ट है।

> ईश्वर की खोज आकाश में किसी आकृति को खोजने या मंदिर या वेदी खोजने के बारे में नहीं है। यह आंतरिक परिवर्तन के बारे में है - अधिक दयालु, अधिक धैर्यवान, अधिक प्रेमपूर्ण, अधिक जागृत बनना। जैसे-जैसे हम ईश्वर की खोज करते हैं, हम हर जगह पवित्रता को देखना शुरू करते हैं - अजनबियों में, दुख में, प्रकृति में और यहाँ तक कि खुद में भी।

यह आंतरिक यात्रा पूर्णता, अनुष्ठान या धार्मिक प्रदर्शन के बारे में नहीं है। यह उपस्थिति के बारे में है। ईश्वर हमसे दोषरहित होने के लिए नहीं कह रहा है। वह बस हमसे प्रकट होने के लिए कह रहा है - अपनी लालसा, अपनी ईमानदारी, अपनी टूटन, अपनी आशा के साथ। ईश्वर की ओर एक भी, ईमानदार कदम कभी व्यर्थ नहीं जाता। जैसा कि भगवद गीता हमें आश्वस्त करती है, सही दिशा में किया गया थोड़ा सा प्रयास भी कभी व्यर्थ नहीं जाता। हम गलती से मानते हैं कि हम समय को नियंत्रित करते हैं। लेकिन अप्रत्याशित नुकसान, बीमारियाँ या वैश्विक संकट जल्दी ही उस भ्रम को तोड़ देते हैं।

एक ऐसी दुनिया में जो लगातार कमज़ोर होती जा रही है, ईश्वर की खोज न केवल महत्वपूर्ण है - यह अत्यावश्यक है। परंपराओं और सदियों से, रूमी, रामकृष्ण, जीसस और बुद्ध जैसे आध्यात्मिक गुरुओं ने एक सुसंगत संदेश साझा किया है- अभी खोजो। कुछ हासिल करने के बाद नहीं। जीवन के स्थिर हो जाने के बाद नहीं। तूफान के गुज़र जाने के बाद नहीं। अभी खोजो। अभी क्यों? क्योंकि आत्मा तालियों, धन या छुट्टियों से तृप्त नहीं होती।

अहंकार प्रशंसा से तृप्त होता है; आत्मा मौन, समर्पण और पवित्रता से तृप्त होती है। वास्तविक शांति अधिक प्राप्त करने से नहीं बल्कि गहराई में जाने से आएगी - शांति में, प्रेम में, ईश्वर में। और ईश्वर की खोज आकाश में किसी आकृति को खोजने या मंदिर या वेदी खोजने के बारे में नहीं है। यह आंतरिक परिवर्तन के बारे में है - अधिक दयालु, अधिक धैर्यवान, अधिक प्रेमपूर्ण, अधिक जागृत बनना। जैसे-जैसे हम ईश्वर की खोज करते हैं, हम हर जगह पवित्रता को देखना शुरू करते हैं - अजनबियों में, दुख में, प्रकृति में और यहाँ तक कि खुद में भी।

यह बदलाव हमें अहंकार से जीने से सार से जीने की ओर ले जाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि ईश्वर दूर नहीं है। हम पहाड़ों या महासागरों से अलग नहीं हैं। जैसा कि पवित्र कुरान कहता है, हम आपकी गले की नस से भी ज्यादा करीब हैं। ईश्वर पहले से ही निकट है। यह हम ही हैं जो बह गए हैं। आध्यात्मिक यात्रा बस एक वापसी है - हमारे उस हिस्से की ओर जो पहले से ही प्रेम को जानता है, पहले से ही शांति को जानता है, पहले से ही सत्य को जानता है।

तो, रुकें। सांस लें। अपनी आँखें बंद करें। प्रार्थना करें, भजन गुनगुनाएँ, मोमबत्ती जलाएँ, या चुपचाप टहलें। जो भी आपको अंदर की ओर खींचता है, वह करें। शांति के उस पल को आपको याद दिलाएँ कि आपकी आत्मा स्रोत से अलग नहीं है। क्योंकि अंत में, बाकी सब कुछ - करियर, उपलब्धियाँ, संपत्ति - बीत जाएगा। जो बचता है वह है ईश्वर के लिए आत्मा की शाश्वत लालसा। यही एक ऐसा रिश्ता है जो कभी फीका नहीं पड़ेगा, एक ऐसा प्रयास जो बाकी सभी को अर्थ देता है। इसलिए इंतज़ार न करें। सही समय कल नहीं है - यह अभी, यहीं, अभी का क्षण है।

## आप की बात

### दिल्ली की उपलब्धियां

**देश की राजधानी** दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नीत सरकार द्वारा 100 दिनों की उपलब्धियां गिनाई गई हैं। इस अवसर पर भाजपा ने रेखा गुप्ता सरकार की सराहना की है जबकि विपक्ष ने सरकार की खामियों को जनता के समक्ष रखा है। यदि निष्पक्ष रूप से देखा जाए तो रेखा गुप्ता सरकार द्वारा आयुष्मान योजना को दिल्ली में लागू करना एक बड़ी उपलब्धि है जिसके माध्यम से देश के लोगों व खासकर 70 साल से अधिक आयु वाले बुजुर्गों के स्वास्थ्य की अच्छी देखभाल हो सकेगी। इसी प्रकार दिल्ली सरकार ने देवी नामक योजना से ग्रामीण परिवहन व्यवस्था को मजबूत किया है जो ग्रामीण इलाकों के लिए एक अच्छी शुरुआत है। सरकार का तीसरा कदम दिल्ली के नालों-नालियों की गहराई से सफाई करना है। हालांकि नालों से निकली गंदगी का ढेर अभी सड़कों पर पड़ा हुआ है जिस पर सरकार को अविलंब ध्यान देना जरूरी है। प्रदूषित यमुना को ठीक करने के लिए दिल्ली सरकार ने गंभीर प्रयास किया है हालांकि अभी इस प्रयास में सफ्लता मिलने में कुछ समय लगेगा। उम्मीद है कि दिल्ली में अब तीन इंजनों वाली सरकार इसे सचमुच देश की राजधानी के रूप में गौरवान्वित करने के साथ ही दुनिया में भी महत्वपूर्ण स्थान दिलाने की दिशा में प्रयास करेंगी।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### अव्यवस्था का परिणाम

**बेंगलुरु** की धरती पर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की प्रथम जीत का स्वप्निल उल्लास उस क्षण भयावह दु:स्वप्न बन गया जब जनसागर की अराजकता, प्रशासन की चूक और जन-उन्माद की अनियंत्रित ऊर्जा ने ग्यारह जिंदगियों को स्थायी मौन में बदल दिया और पचास से अधिक शरीरों को कराहते छोड़ दिया। जहाँ आयोजकों को था केवल प्रचार का लोभ, वहीं जनता को न था व्यवस्था का भरोसा। भीड़ की आकांक्षा और सुरक्षा की उपेक्षा ने मिलकर ऐसा कुचक्र रचा जिसने जश्न को जन-संहार में बदल डाला। सुरक्षा प्रबंधन के नाम पर जब योजनाएँ केवल कागज़ पर थीं और मार्गदर्शन केवल नारों में सीमित तब मैदान में न अनुशासन था न आपातकालीन निकासी की चेतना और यही बना जनविनाश का कारण। सरकारी घोषणाओं में सहायता राशियाँ आईं, कुछ लोगों की गिरफ़्तारी हुई, परंतु उन मासूम मृतकों की चीख, उन घायल बच्चों की सिसकी और उन परिजनों की खामोश पीड़ा को कोई मौद्रिक उपाय न शांति दे सका। यदि भारत को जन-उत्सवों की भूमि बने रहना है तो उसे जन-संवेदनशीलता और जन-सुरक्षा की वैज्ञानिक संस्कृति अपनानी होगी जिसमें प्रशिक्षित स्वयंसेवक, मार्गदर्शक संकेत तथा बहिर्गमन के स्पष्ट उपाय हों।

– **अवनीश कुमार गुप्ता**, आजमगढ़

### बच्चों का स्वास्थ्य

**वर्तमान दौर** में अच्छी सेहत के लिए संतुलित खान पान होना बेहद जरूरी है। हम किस तरह का भोजन कर रहे, इसका स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव होगा, यह चिंतन मनन जरुरी होता है। विशेषकर बच्चों की सेहत और खान-पान का विशेष ध्यान देना माता-पिता और परिजनों की कर्तव्य निष्ठा में शामिल होना चाहिए। बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर अमेरिकी सरकार की एक रिपोर्ट चिंता की लकीरें बढ़ाती नजर आती है! मेक अमेरिका हेल्दी अगेन शीर्षक सरकारी रिपोर्ट में मौजूदा पीढ़ी को अब तक की सबसे बीमार पीढ़ी बताया है! 7.3 करोड़ बच्चों में से 40 प्रतिशत से अधिक किसी न किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है! बच्चों की सेहत पर संकट मंडरा रहा है। खराब खान-पान शारीरिक और मानसिक फिटनेस को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है! मोटापा, खराब मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक अक्षमता के कारण 75 प्रतिशत युवा सैन्य सेवा के अयोग्य है। रिपोर्ट के अनुसार जंक फूड, केमिकल और गैर-जरुरी दवाएं बीमारियों की वजह बन रही है। बच्चों का स्वास्थ्य भारत में भी अच्छा नहीं हो। बड़ी संख्या में बच्चे मोटापे से ग्रस्त हैं जिससे उनमें डायबिटीज बढ़ने की आशंका है। बच्चों के स्वास्थ्य को सभी लोगों की ओर से प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह

### ट्रंप-मस्क अलगाव

**डोनाल्ड ट्रंप** और एलन मस्क की दोस्ती दुनिया भर में मशहूर थी। एक तरफ दुनिया के सबसे प्रभावशाली राजनेता और दूसरी तरफ सबसे अमीर उद्योगपति। लेकिन अब इन दोनों के बीच मतभेद उभरने लगे हैं जो जुबानी जंग का रूप ले चुके हैं। हाल ही में ट्रंप ने एलन मस्क की कंपनियों - टेस्ला और स्पेसएक्स के साथ सरकारी अनुबंधों में कटौती की घोषणा की। इसके जवाब में एलन मस्क ने सोशल मीडिया पर धमकी दी कि वह ड्रैगन कैप्सूल की सेवा बंद कर सकते हैं। यह कैप्सूल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक अंतरिक्ष यात्रियों और अन्य सामग्री को पहुंचाने के लिए इस्तेमाल होता है। यह विवाद ऐसे समय पर सामने आया है जब अमेरिकी सरकार की बोइंग कंपनी का स्टारलाइनर यान विफल हो गया। इससे यह स्पष्ट हो गया कि मस्क की यह तकनीक नासा के अंतरिक्ष अभियानों की रीढ़ बन चुकी है। इसके अलावा नासा ने कई सैन्य अभियानों में भी स्पेसएक्स की मदद ली है। मस्क ने एक पार्टी बनाने का इरादा जता कर ट्रंप से अलगाव और बढ़ा दिया है। यह अमेरिकी राजनीति की महत्वपूर्ण परिघटना है।

– **दत्तप्रसाद शिरोडकर**, मुंबई

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# छीतापार में 10 लाख की लागत से बन रहे सामुदायिक भवन में भारी अनियमितता, न बोर्ड, न गुणवत्ता, न निगरानी

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले के पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत छीतापार में 10 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन में घोर लापरवाही और गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण स्थल पर न तो लागत बोर्ड लगाया गया है, न ही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का कोई ध्यान रखा जा रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, भवन का निर्माण गौठान के पास किया जा रहा है, लेकिन सूचना बोर्ड न होने के कारण आमजन को यह जानकारी तक नहीं है कि निर्माण कार्य कब शुरू हुआ, कौन सी एजेंसी कार्य कर रही है, और निर्धारित समयसीमा क्या है। यह स्पष्ट रूप से सीपीडब्ल्युडी और पंचायत निर्माण मैनुअल के नियमों का उल्लंघन है, जिनके अनुसार सार्वजनिक निर्माण स्थलों पर कार्य से संबंधित समस्त जानकारी बोर्ड पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होता है।





## गुणवत्ता पर गंभीर सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि भवन निर्माण में मिट्टी युक्त रेत और कम मात्रा में सीमेंट का उपयोग हो रहा है, जिससे संरचना की मजबूती पर सीधा असर पड़ेगा। इसके अलावा 8एमएम और 10एमएम की सरिया का प्रयोग किया जा रहा है, जो भवन के भार और डिजाइन की दृष्टि से अपर्याप्त है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि सामग्री की अनुपात और गुणवत्ता मानक के अनुसार नहीं है, तो यह भवन भविष्य में जान-माल की हानि का कारण बन सकता है।

## पूर्व निर्माण कार्य भी गुणवत्ताहीन

स्थानीय लोगों ने उदाहरण देते हुए बताया कि करीब 10 माह पूर्व बनाए गए सीसी रोड में भी मिटटी युक्त रेत और घटिया सीमेंट के कारण सड़क उखड़ चुकी है और जगह जगह पर दरार दिखाई दे रहा है यदि सामुदायिक भवन के निर्माण में भी यही रवैया रहा तो जल्द ही यह भवन भी जर्जर अवस्था में आ जाएगा।

## सरपंच पर पक्षपात और राजनीतिक रंग देने का आरोप

ग्रामीणों ने सरपंच पर आरोप लगाया कि वे कार्य को राजनीतिक रंग देकर भाजपा कार्यकर्ता के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं, लेकिन पंचायती दायित्वों और जनहित की अनदेखी कर रहे हैं। निर्माण एजेंसी और पंचायत सचिव की मौन स्वीकृति भी इस लापरवाही को बढ़ावा दे रही है। संबंधित विभागीय अधिकारी भी अब तक स्थल निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचे हैं।

## नियम और दिशा-निर्देश क्या कहते हैं

भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय और राज्य लोक निर्माण विभाग के निर्देशानुसार हर सार्वजनिक निर्माण कार्य स्थल पर सूचना पट्ट लगाना अनिवार्य है जिसमें लागत, ठेकेदार का नाम, परियोजना अवधि और योजनांतर्गत विवरण स्पष्ट हो। निर्माण कार्यों में आईएसआई मानकों के अनुसार सामग्री का उपयोग करना अनिवार्य है। निर्माण स्थल पर इंजीनियर या तकनीकी पर्यवेक्षक की उपस्थिति अनिवार्य होती है। इन नियमों का पालन न होने पर निर्माण एजेंसी, सरपंच, और संबंधित तकनीकी विभाग पर कार्रवाई का प्रावधान है।

## ग्रामीणों की मांग, निष्पक्ष हो जांच

स्थानीय जनता ने निर्माण स्थल की तकनीकी जांच, मिटटी-सीमेंट के अनुपात की परीक्षण, तथा निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही सरिया की गुणवत्ता की लैब जांच कराने की मांग की है।

# खेत की मेड में मिट्टी डालने की बात को लेकर उपजा विवाद प्राणघातक हमला कर गंभीर चोट पहुचाने वाला 13 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



खेत की मेड में मिटटी डालने की बात को लेकर उपजा विवाद, प्राणघातक हमला कर गंभीर चोट पहुचाने वाला कुल 013 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने बताया कि 07.06.2025 को प्रार्थी बलराम टंडन उम्र 38 वर्ष, निवासी झांकी, थाना नवागढ, जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका घर व बाडी से लगा हुआ रमेश कुर्रे का मकान और खेत है। 05 जून को रमेश कुर्रे के खेत से लगा हुआ अपने खेत के मिट्टी को ट्रेक्टर रपोटनी से अपने लडके व अन्य के साथ निकालकर अपने मेड में चढा रहे थे उसी समय रमेश कुर्रे एवं अनके परिवार के अन्य लोग अपने-अपने हाथ में बांस का डंडा लेकर आये और कहा मिट्टी को मेड में चढाने नहीं देगें मिटटी मेरे खेत में गिर रहा है मेड को मेरे तरफ बढ़ा रहे हो कहकर विवाद करने लगा तो, वह काम बंद करके ट्रेक्टर को खेत से भेज दिया। उसके बाद उक्त व्यक्तियों के द्वारा खेत में गिरे हुए मिटटी को अभी तुरंत उठाओं कहकर अश्लील गाली गलौज कर मारपीट किया। कि 07 जून के सुबह 09:30 बजे वह अपने लडके एवं घर परिवार के लोगो के साथ उक्त मेड में पूर्व से लगे हुए जाली तार को खिचकर पोल में बांध रहे थे उसी समय रमेश कुर्रे एवं अन्य उनके घर परिवार के लोग अपने खेत में लकडी काट रहे थे जो वह लोग उनके पास आये और कहने लगे की हमारे जो खेत में मिटटी गिराये हो उसको उठाओं उसके बाद अपने जाली तार को बांधते रहना कहने पर, वह कहा कि पानी गिरने के बाद मिटटी को उठाकर मेड में रख दुंगा कहने पर रमेश कुर्रे एवं अन्य उनके घर परिवार के लोग प्रार्थी बलराम टंडन एवं उनके घर परिवार के लोगो को सभी मिलकर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का व डण्डा राड से हत्या करने के नियत से हम लोगो के उपर प्राणघातक हमला कर मारपीट कर गंभीर चोट पहुचाया हैं कि रिपोर्ट पर धारा 296, 351(3), 115(2), 190,191(2), 191(3),109 (1) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की जानकारी अधिकारियों को दी गई, जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नवागढ उप निरीक्षक अलील चंद के साथ चौकी स्टाफको विवेचना कार्यवाही में लगाया गया। आरोपी प्रतिपाल कुर्रे पिता रमेश कुर्रे उम्र 28 वर्ष, बिरेन्द्र कुमार कुर्रे पिता विष्णु प्रसाद कुर्रे उम्र 32 वर्ष एवं 01 अन्य सभी निवासी झांकी, थाना नवागढ़, जिला बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई हैं।

# 19 प्रकरण में कुल 5,900 रूपये लिया गया समन शुल्क

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह के मार्गदर्शन पर यातायात उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) राजेश कुमार झा आधी रात अपने टीम के साथ निकले और अनाधिकृत रूप से मालवाहक वाहनों में सवारी लेकर चलने से एवं शराब पीकर वाहन चलाने, सडक के किनारे बिना सूचक दिए रोड में गाडी खडी करने से होने वाली दुर्घटनाओं में रोक लगाने वाहनों की लगातार चेकिंग कार्यवाही की गई। इस दौरान चौक / चौराहों, हाटल, ढाबों के पास में अनाधिकृत रूप खडी वाहनो को लगातार पेट्रोलिंग कर वाहनों की चेकिंग किया जा रहा है। इस विशेष मोटर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पीकअप, मालवाहक, ओवरलोड वाहनों एवं रोड किनारे खडे वाहनो पर कार्यवाही किया गया तथा हॉटल/ढाबा के सामने रोड में वाहन खडी करने पर संचालको को पार्किंग बनाने एवं हॉटल/ढाबा के सामने वाहन खडी न करने एवं हॉटल/ढाबा संचालक को अपने ग्राहको को सामने रोड में वाहन न खडी करने हिदायत दिया गया। इस विशेष मोटर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान आमजनों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन करने की समझाईश दिया गया। यातायात नियमो के उल्लंघन करते पाये जाने पर बेमेतरा यातायात पुलिस ने 11 चालान में 11 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 01 चालान में 01 व्यक्ति, थाना बेरला 01 चालान में 01 व्यक्ति, चौकी मारो 06 चालान में 06 व्यक्ति, कुल 18 वाहन चालको के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें बिना हेलमेट, बिना लायसेंस, बिना सीट बेल्ट, तेज गति एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध 19 प्रकरण में 5,900/- रूपये समन शुल्क लिया गया। वाहनों की चेकिंग का उद्देश्य अपराधिक गतिविधि वाले व्यक्तियों पर अंकुश लगाना तथा शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाना है। बेमेतरा पुलिस आम नागरिको से अपील करता है कि यातायात नियमों का पालन करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाये, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाये, नो पार्किंग में वाहन खडी न करें। हाटल, ढाबा के समने रोड किनारे वाहन खडी ना करें, पार्किंग स्थल पर ही वाहन खडी करें। अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाये एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें।

# सेवा, सुशासन और अंत्योदय की 11 वर्षों की यात्रा, भारत को दी नई दिशा: भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जून को देश के सर्वोच्च पद पर सेवा, सुशासन और जनकल्याण को समर्पित 11 ऐतिहासिक वर्ष पूर्ण किए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह 11 वर्ष नवभारत के निर्माण, जनकल्याण, राष्ट्रसुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व के युग के रूप में इतिहास में दर्ज हो चुके हैं। भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व केवल राजनैतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण, आर्थिक सशक्तिकरण, नारी उत्थान, कृषक विकास और राष्ट्रीय गौरव की परिभाषा बन चुका है। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, और डिजिटल क्रांति से लेकर रक्षा क्षेत्र में सर्जिकल स्ट्राइक जैसे कदमों ने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की योजनाएं जैसे जनधन, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, पीएम आवास, पीएम किसान सम्मान निधि, स्टार्टअप इंडिया, स्वनिधि योजना, महतारी वंदन योजना और ड्रोन दीदी योजना ने देश के आम नागरिकों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। डिजिटल इंडिया के तहत भारत आज पेपरलेस, लाइनलेस और टाइमलेस अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुका है। धारा 370 की समाप्ति, राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक की समाप्ति, और अंतरिक्ष विज्ञान में ऐतिहासिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए विधायक बोहरा ने कहा कि ये सभी निर्णय भारत की राष्ट्रभक्ति और आत्मनिर्भरता का प्रमाण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 81 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन, 4 करोड़ से अधिक मकान, 12 करोड़ शौचालय, 15 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल, 77 करोड़ आयुष्मान हेल्थ अकाउंट, और 52 करोड़ मुद्रा ऋण जैसी योजनाएं सीधे आमजन की गरिमा और जीवन स्तर को ऊँचा उठाने में सहायक बनी हैं। भावना बोहरा ने अंत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह 11 वर्षीय कार्यकाल 'अंत्योदय से राष्ट्रोदय' तक की उस परिवर्तनकारी यात्रा की मिसाल है, जिसने 140 करोड़ देशवासियों के जीवन में विश्वास और आत्मबल का संचार किया है। यह भारत के विकसित राष्ट्र बनने की अमिट आधारशिला है।

# विकास का पहला पत्थर राजहरा की लौह अयस्क पहाड़ियों ने रखा गया



**दल्लीराजहरा।** राजहरा नगर के विकास का पहला पत्थर राजहरा की लौह अयस्क पहाड़ियों ने रखा था। लगभग सन् 2000 तक राजहरा नगर ने विकास के अपने वैभव को देखा है। मशीनीकरण की सरकारी नीति ने राजहरा के पतन का बीज बोया। लगभग 1 लाख की आबादी वाला नगर अपनी चौथाई जनसंख्या पर सिमट कर रह गया है। इस संबंध में राजहरा व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष रामलाल गुप्ता ने कहा कि दुर्भाग्य से किसी भी जनप्रतिनिधि ने राजहरा नगर के विकास में कोई गंभीर रुचि नहीं दिखाई। कोई भी सरकारी संस्थान अन्य औद्योगिक संस्थान, राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान, मेडिकल संस्थान या राजहरा के विकास को गति देने वाला कोई भी संस्थान, नगर को पिछले 50 वर्ष में भी नहीं मिला। इस संबंध में ट्रेड यूनियनों ने, राजनीतिक दलों एवं राजहरा व्यापारी संघ तथा अन्य सामाजिक संगठनों ने भी अपने स्तर से भरपूर प्रयास किया। दुर्भाग्य से राजहरा नगर को उसका कोई वाजिब हक तो आज तक नहीं मिला, इसके विपरीत राजहरा नगर को उजाड़ने के लिए, फोरलेन का प्रस्ताव, वह भी नगर के मध्य से इस नगर के लिए विनाश ही सिद्ध होगा। बेहतर होता बायपास रोड नगर के बाहर से बनाकर नगर को सुरक्षित रहने दिया जाए। वैसे भी बायपास रोड इस नगर की जनता की बहुत पुरानी मांग है, बायपास रोड के निर्माण से, खुद-ब-खुद विकास का एक नया अध्याय अवश्य खुल सकता है। राजहरा की जनता एवं व्यापारी संघ फोरलेन-चौड़ीकरण का भरपूर विरोध करते हैं। कारण स्पष्ट है कि, बड़ी गाड़ियों का बाजार के मध्य से परिचालन दुर्घटना की भारी संभावना को जन्म देगा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया



**दल्लीराजहरा।** शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान शिक्षकों, ऑफिस कर्मचारियों और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मिलकर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर फूलदार और फलदार वृक्ष लगाए। प्राचार्य डॉ. कविता सिंह ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया और उन्हें इस दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. कविता सिंह ने कहा, पर्यावरण संरक्षण हमारे भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वच्छ हवा, पानी, और मिटटी प्रदान करता है, जो हमारे जीवन के लिए आवश्यक हैं। हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना चाहिए और एक स्वस्थ और सुंदर भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ठाकुर सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. पी.के. सिंह, डॉ. अनुग्रहिता जॉन, डॉ. सरिता स्वामी, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, देवदत्त शर्मा, महावीर जैन और आफिस कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता दिखाई और वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।

# बेमेतरा पुलिस द्वारा गुमटी, ठेला, होटल, ढाबा, एवं वाहनों की जांच कार्यवाही जारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा गुमटी, ठेला, होटल, ढाबा, एवं वाहनों की सघन जांच, अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है। जिसके तहत बेमेतरा जिले के समस्त थाना/चौंकी प्रभारियो व स्टॉफ द्वारा गुमटी, ठेला, होटल, ढाबा, एवं वाहनों की सघन जांच की जा रही। पेट्रोलिंग पार्टिया भी गश्त में लगी है शहर के प्रमुख चौराहो में वाहनों की जांच की जा रही हैं।

# 42 हजार रूपये से अधिक का अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने वाला आरोपी पुलिस के गिरफ्त में

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



4 किलो 282 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, कीमती करीब 42 हजार 5 सौ रूपये के साथ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। 42 हजार रूपये से अधिक का अवैध मादक पदार्थ गांजा था। बेमेतरा जिले में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में एएनटीएफ बेमेतरा पुलिस टीम ने मादक पदार्थो की बिक्री में लिप्त अपराधियों पर कार्रवाई तेज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 42 हजार से भी अधिक की मादक पदार्थ गांजा को जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इसी क्रम में 08 जून को एएनटीएफ बेमेतरा पुलिस टीम को जरिये मुखबीर से सुचना मिला कि ग्राम तेन्दुआ नयापारा का राजेश पटेल अपने घर में अवैध रूप से बिक्री हेतु मादक पदार्थ गांजा रखा हैं कि सूचना पर उक्त सूचना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी देवरबीजा एवं एएनटीएफ बेमेतरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के अधार पर ग्राम तेन्दुआ नवापारा आरोपी का घर पहुच कर रेड कार्यवाही कर पकडा गया। आरोपी राजेश पटेल पिता रामवतार पटेल उम्र 34 वर्ष, निवासी तेन्दुआ नयापारा, पुलिस चौकी देवरबीजा, थाना व जिला बेमेतरा के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा कुल वजनी 04 किलो 282 ग्राम कुल कीमती 42,500/- रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही की गई हैं। इस संपूर्ण कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक रेशम लाल भास्कर, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, आरक्षक संजय पाटिल, पीलाराम साहू, नुरेश वर्मा, रेखन साहू, रमेश चंद्रवंशी, गजानंद पटेल, छोटु राम टेम्बुकर एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### समाज पर सकारात्मक प्रभाव

आरोपी पर कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अपराधियों को अब बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन ने समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।

**बेमेतरा पुलिस का संदेश**
**अब नहीं बख्शे जाएंगे अपराधी**

# किराना दुकान में हुए चोरी मामले में 05 लाख 20 हजार 6 सौ 80 रूपये सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सायबर सेल एवं थाना दाढी की संयुक्त टीम ने किराना दुकान से नगदी रकम चोरी के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चोरी गई नगदी रकम में से 05 लाख 20 हजार 6 सौ 80 रूपये बरामद की गई है। इस संपूर्ण कार्रवाई में सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय योगदान रहा। 25 जून के रात्रि 08:30 बजे प्रार्थी अपने किराना दुकान को बंद कर घर चला गया था, कि 25-26 जून की मध्यरात्रि को प्रार्थी महेन्द्र पटेल उम्र 38 वर्ष निवासी कठौतिया थाना दाढी जिला बेमेतरा की किरान दुकान काउंटर से अज्ञात चोर द्वारा काउण्टर के अंदर रखे नगदी रकम करीबन 50,000/- रूपये से ज्यादा हैं चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में थाना दाढी में अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की जानकारी अधिकारियों को दी गई, जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दाढी निरीक्षक रोशन लाल टोण्ड्रे एवं सायबर सेल बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना व सायबर सेल टीम को अज्ञात आरोपियों की पतातलास हेतु त्वरित टीम गठित कर माल, मुल्जिम पतासाजी में लगाया गया। विवेचना में सामने आया कि किराना दुकान का बिक्री रकम का हिसाब एवं बैंक से लिया गया केसीसी लोन 03 लाख 77 हजार रूपये कुल जुमला नगदी रकम 08 लाख रूपये का चोरी होना पता चला। अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए विवेचना के दौरान संदेही पोषण चंद्राकर, निलेश आडिल निवासी कठौतिया एवं अशोक निषाद निवासी मथानी कला को उक्त घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। पुछताछ में पता चला कि ये तीनों अपने एक और अन्य साथी के साथ मिलकर 25 मई 2025 के रात्रि में किराना दुकान में अंदर प्रवेश कर दुकान के सिटकिनी को तोड कर कांउटर में रखे नगदी रकम को चोरी करना। आरोपियों के कब्जे से चोरी गये नगदी रकम में से कुल जुमला रकम 5,20,680/- रूपये को जप्त कर बरामद किया गया। प्रकरण में फरार आरोपी की पता तलाश की जा रही हैं। आरोपियों द्वारा योजनाबद्ध तरिके से संगठित होकर किराना दुकान में रात्रि के समय चोरी की घटना को अंजाम दिया। अतः प्रकरण में धारा 111(1),3(5) बी.एन.एस. की वृद्धि की गई। आरोपी पोषण चन्द्राकर पिता चिन्ताराम चंद्राकर उम्र 19 वर्ष, निलेश आडिल पिता अघनूराम आडिल उम्र 21 वर्ष, दोनों निवासी कठौतिया, थाना दाढी, जिला बेमेतरा, अशोक निषाद पिता हुलाश निषाद उम्र 22 वर्ष, निवासी मथानी कला, थाना पिपरिया जिला कबीरधाम को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना दाढी प्रभारी निरीक्षक रोशन लाल टोण्ड्रे, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि गुहाराम वारे, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, लोकेश सिंह, विक्रम सिंह, आरक्षक संजय पाटिल, नुरेश वर्मा, जयकिशन साहू, पीलाराम साहू, विनोद सिंह राजपूत, संतोष धीवर, बिरेन्द्र चंद्रवंशी, कपील चंद्रवंशी, संजय चंद्राकर, अनिल सोनकर, धर्मेन्द्र साहू, चंद्रकुमार पटेल, खेमलाल निषाद, हेम प्रसाद साहू एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मां भद्रकाली जिला मानस संघ द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद जाँच शिविर

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




युं तो समय समय पर माँ भद्रकाली जिला मानस संघ के तत्वावधान मे निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद जाँच शिविर का आयोजन ग्राम खैरझिटी मे नेत्र विशेषज्ञ डॉ ओंकार चंद्राकर के नेतृव सैकड़ो की संख्या जनता ने नेत्र परीक्षण कराया, जिसका फ्री मोतियाबिंद के लिए जिला मुख्यालय को संघ ने पत्र प्रेषित किया है ग्राम के सरपंच पीतांबर पटेल ने कहा संघ के माध्यम से स्वास्थ्य के छेत्र मे इस प्रकार की विविध परिकल्पना बहुत ही सराहनीय है लोग मानस को पड़ते जरूर है पर जीते नही है लेकिन संघ बहुत ही मजबूती से अपने परिकल्पना के साथ आगे बढ़ रहा है स्वास्थ शिविर के पश्चात आवश्यक बैठक आयोजित कर क्रिया कलापो की समीक्षा किया गया जिसमे कु बेबी साहू नवागांव को तहसील बेमेतरा का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया वही पीतांबर पटेल एवं खेलन सिंह राजपूत को जिला संरक्षक के पद पर नियुक्ति किया गया पश्चात् विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा करते हुए आगामी दिवसो मे व्याख्यान माला का आयोजन खैरझिटी मे करने का निर्णय लिया गया। पश्चात सभी सदस्यों ने एक पेड़ माँ के नाम से पंचायत भवन मे कदम का पेड़ रोपित किया इस अवसर पर अध्यक्ष देवलाल सिन्हा ओंकार चंद्राकर बिहारी यादव राजकुमार ताम्रकार राजेश वैष्णव विष्णु साहू छगन साहू महेंद्र चौहान गुहाराम बेबी साहू ओम यदु ईश्वर चंद्राकर अजय यादव ईश्वर सिन्हा गजेंद्र वर्मा राम किशोर वैष्णव माखन साहू सोहन यदु दीपक सिन्हा रविदास मानिकपुरी अवध यदु विनोद यदु मनोज साहू सीताराम यदु सोहन यदु सहित बड़े मे मानस मंडली के सदस्य उपस्थित थे।

# ट्रिपल इंजन सरकार को बदनाम करने कौन कर रहा साजिश : विकास गुप्ता

## रामानुजगंज नगर पालिका क्षेत्र में अफसरो की मनमानी, भाजपा पार्षद ने ज्ञापन सौंप की कड़ी कार्रवाई की मांग

■ **एनएच 343 पर स्थिति एसडीएम कार्यालय के सामने अवैध शॉपिंग कंपलेक्स बनाने का मामला**

**पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज**
www.dailypioneer.com



एन एच 343 पर स्थित एसडीएम कार्यालय के सामने रामानुजगंज नगर पालिका परिषद ने अपनी विवेक हीनता का परिचय देते हुए दुकान निर्माण हेतु कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।जब की वहां पर स्कूल की खिड़की एवं रोशनदान स्थित है और वहां पर दुकान बन जाने के बाद खिड़की और रोशनदान से मिलने वाली रोशनी व ऑक्सीजन से विद्यार्थियों को वंचित रहना पड़ेगा।

उक्त निर्माण कार्य को तत्काल बंद करने के संबंध में रामानुजगंज नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद विकास गुप्ता जो भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता सहित अध्यक्ष-जनभागीदारी समिति शासकीय लरंगसाय अग्रणी महाविद्यालय, रामानुजगंज हैं जिन्होंने एसडीएम रामानुजगंज को एक ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई है। सौप गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 6 में स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल (बालक) के पीछे की ओर एन एच 343 की तरफ एसडीएम आफिस के सामने नगर पालिका परिषद रामानुजगंज द्वारा शॉपिंग कंपलेक्स की दुकानों का निर्माण किया जा रहा है इस संबंध में वहां पर स्थिति जिला एवं सत्र न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्तागन तथा विभिन्न शासकीय सेवको एवं वार्ड वासियों तथा नगर के गणमान्य जनों के द्वारा वार्ड के पार्षद होने के नाते मुझे उक्त स्थल पर बन रहे शॉपिंग कांप्लेक्स के निर्माण को हर दृष्टि से अनुचित बताते हुए निर्माण कार्य का स्थल बदले जाने हेतु समझाइए दी गई। मैं शासन एवं प्रशासन को होनी व अनहोनी के संबंध में अवगत करा सकूं।

**सौपे गए ज्ञापन में कई घटनाएं होने से कराया गया अवगत -** विकास गुप्ता का कहना है कि जीस स्थल पर शॉपिंग कंपलेक्स का निर्माण किया जा रहा है वह स्थल स्कूल की बाउंड्री की सीमा के अंदर हो रहा है तथा एन एच 343 से बिल्कुल लगा हुआ एसडीएम ऑफिस के बिल्कुल सामने जहाँ हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती हैं और आए दिन दुर्घटना होने की भी संभावना बनी रहेगी। व्ही एसडीम ऑफिस में निर्वाचन कार्य के समय तथा आए दिन होने वाले धरना प्रदर्शन के समय तथा शासकीय कार्य दिवस के दिनों में होने वाली भीड़भाड़ का दुकान बन जाने से बहुत ही कष्टकारी स्थिति पैदा हो जाएगी। जिला सत्र न्यायालय, एसडीम ऑफिस तहसील ऑफिस रजिस्ट्री ऑफिस इन सभी कार्यालय में अपने कार्य से आने वाले लोगों के वाहन अभी सड़कों के किनारे ही खड़े होते हैं। जबकि दुकान बनने के बाद एन एच 343 पर खड़ा करना पड़ेगा जो दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर सकता है।

उक्त स्थल के सामने ही नगर पंचायत का एक शॉपिंग कंपलेक्स एक वर्ष पहले ही बना हुआ है जिसमें लगभग 25 से अधिक दुकानें हैं जिसमें से कई दुकानें अभी भी खाली पड़ी हुई है। आने वाले दिनों में जिला एवं सत्र न्यायालय के होने वाले विस्तार के बाद लोगों के वाहन पार्किंग एवं बैठने के लिए सेटिंग बेंच वगैरा के उपयोग में आसपास के जगह का उपयोग किया जाना सर्वथा उचित रहेगा। विकास की दृष्टि से लरंगसाय चौक से शास्त्री चौक तक अगर रोड डिवाइडर बनाई जाए तो उसमें भी यह दुकान बाधक हो जाएगा। इन सभी महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखते हुए उक्त भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य को बंद करा कर तत्काल समकालीन कारण करने की मांग की गई है, और सौंप गए ज्ञापन की कॉपी का प्रतिलिपि रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 7 के विधायक एवं छत्तीसगढ़ कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम एवं कलेक्टर बलरामपुर को अवगत कराया गया है।

**बलरामपुर कलेक्टर ने लगाया गया था 6 माह पहले रोक -** जानकारों की माने तो 24 दिसंबर 2024 को उक्त निर्माण स्थल पर नगर पंचायत रामानुजगंज के उप निरीक्षक एवं प्रभारी सीएमओ सुधीर श्रीवास के द्वारा शासन प्रशासन के सारे नियम कानून को ताक पर रखते हुए बिना अनुमति का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था जिला एवं सत्र न्यायालय के बाउंड्री बाल से लगे हुए निर्माण के संबंध में अधिवक्ता गणों के द्वारा कलेक्टर बलरामपुर राजेंद्र कुमार कटारा को अवगत कराया गया कि एसडीएम कार्यालय रामानुजगंज के ठीक सामने एन एच 343 से लगे हुए मुख्य मार्ग पर अवैध निर्माण किया जा रहा है कलेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल रामानुजगंज एसडीएम देवेंद्र प्रधान को निर्देशित कर कार्य को बंद करते हुए उस भूमि को समतली कारण करने के निर्देश दिए गए। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। अब ठीक 6 महीने के बाद ऐसी कौन सी स्थिति निर्मित हुई कि उसी जगह पर फिर से कार्य प्रारंभ कर दिया गया यह पूरे नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। कई लोगों का यह भी कहना है कि जब एसडीएम कार्यालय के सामने शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण का कार्य किया जा रहा है और स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बने हुए हैं तो इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि रामानुजगंज क्षेत्र में भू माफिया किसके संरक्षण में पल रहे हैं यह एक बहुत बड़ा सवाल है?

**क्या सुशासन की सरकार में भी चलेगी मनमानी-**अब सवाल यह उठता है कि कांग्रेस शासन काल में नगर पंचायत ने क्या किया और क्या नहीं किया यह तो आए दिन पूरे नगर की जनता के जुबान पर चर्चा का विषय बना रहता है? लेकिन अब छत्तीसगढ़ प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सरकार की जब सुशासन चल रही है और इसकी प्रशंसा विगत 18 माह से राजनीतिक मंच प्रशासनिक मंच एवं अन्य मंचों से चिल्ला चिल्ला कर की जा रही है तो क्या रामानुजगंज में ट्रिपल इंजन सरकार होने के बावजूद किसके कहने पर उक्त अवैध निर्माण किया जा रहा है? प्रशासनिक तंत्र को इस बात की जानकारी बाकायदा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर देनी चाहिए ताकि सुशासन की सरकार के साख पर बट्टा लगाने वाले के वृद्धि सख्त से सख्त कार्रवाई किया जा सके।

**स्थानीय निकायों की भूमि हस्तांतरण का क्या है नियम -** भारत सरकार या किसी अन्य राज्य शासन को नजूल भूमि हस्तांतरित किए जाने की स्थिति में मामले की पूरी जाँच की एक रिपोर्ट राज्य शासन को आदेशों के लिए भेजी जानी चाहिए। व्ही नगर पालिका परिषद रामानजगंज द्वारा उक्त शासकीय भूमि पर निर्माण हेतु उक्त भूमि विधिनुसार लीज पर नही लिया गया है जबकि विधिनुसार शासकीय भूमि पर निर्माण के पूर्व स्थानीय निकाय को राजस्व पुस्तक परिपत्र के खण्ड 04 की कंडिका 37 के तहत आवंटन लीज की कार्यवाही करते हुए विधिनुसार लिखित अनुमति प्राप्त किया जाना भी आवश्यक है।

# बड़ी ग्यारस पर श्याम प्रेम मंदिर में वितरण किया गया शरबत

**पायनियर संवाददाता ◄ चांपा**
www.dailypioneer.com



बड़ी ग्यारस के उपलक्ष पर मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जोन-4 अमर सुल्तानिया के मार्गदर्शन एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी के निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल के नेतृत्व मे विश्व बड़ी ग्यारस के अवसर पर श्याम प्रेम मंदिर खोखासा फाटक के पास स्थित मंदिर में भीषण गर्मी को देखते हुए अमृतधारा के अंतर्गत शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का ताता लगा हुआ था सभी श्याम भक्तों द्वारा शरबत ग्रहण किया गया और शाखा का धन्यवाद किया गया। शाखा की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने कहा कि हमारी शाखा द्वारा लगातार ऐसे जनहित कार्य किया जा रहा है जो समाज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है इसी के तहत हमारे द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए बड़ी ग्यारस के उपलक्ष पर खोखसा फाटक के पास स्थित श्याम प्रेम मंदिर में अमृतधारा के अंतर्गत लगभग 200 लीटर रूअफज़ा एवं नींबू शरबत बनाकर वितरण किया गया जिसे श्रद्धालुओं द्वारा ग्रहण किया गया और शाखा का धन्यवाद ज्ञापित किया मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शाखा के समस्त सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर लायंस स्कूल में किया गया पौधारोपण

**पायनियर संवाददाता ◄ चांपा**
www.dailypioneer.com



लायंस इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल में लायंस शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन, प्रिंसिपल अजीता वी के, शिक्षक ओ पी पाण्डेय ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधा रोपण किया। इस अवसर पर चेयरमेंन लायन रामप्रपन्न देवांगन ने कहा कि वृक्षों का पृथ्वी पर अपना एक खास महत्व है, पर्यावरण संरक्षण में विशेष योगदान है, वृक्ष जहां एक ओर भूमि का बचाव करते हैं वही वृक्षों से हमें फल फूल और स्वच्छ वायु प्राप्त होता है, वाहन की अधिकता और उसमें उपयोग किए जाने वाले डीजल पेट्रोल के जलने से निकलने वाले विषैले गैस को अवशोषित कर वृक्ष हमें जीवन दायिनी ऑक्सीजन देते है । वृक्ष उगाने से ज्यादा उनका संरक्षण महत्व पूर्ण है। वृक्षों को कटने से बचाना चाहिए। प्रिंसिपल अजीता वी के ने शहर के अंदर वृक्षों के संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वृक्षों के महत्व व लाभ के बारे में बताया। लायंस स्कूल में महत्वपूर्ण दिवसों पर कार्यक्रम आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया जाता है।

# अब दवाई दुकानदार भी उतरेंगे सड़कों पर-मनमानी पर हुआ विरोध

■ **छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल ने रजिस्ट्रेशन एवं नवीनीकरण की फीस कर दी दोगुनी**

**पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती**
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल जहां विगत एक लंबे समय से अपनी कार्यशैली को लेकर विवादों में रहा है, तो वहीं फिर से छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल की संपन्न सामान्य सभा द्वारा पंजीयन एवं लाइसेंस नवीनीकरण की निर्धारित फीस में असंगत वृद्धि करते हुए कर दी गई है, तथा उपरोक्त सामान्य सभा की बैठक के दौरान काउंसिल के सदस्य डॉक्टर राकेश गुप्ता एवं भगत राम शर्मा ने इस वृद्धि का विरोध भी किया, किंतु इसके बावजूद काउंसिल के उपस्थित अधिकारियों ने मनमाने पूर्ण ढंग से सामान्य सभा की बैठक में बहुमत की बात कहते हुए इसे पारित कर दिया, तथा इस असंगत वृद्धि को लेकर डॉक्टर राकेश गुप्ता एवं भगत शर्मा ने छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य सचिव को इसकी शिकायत की है। सदस्यों ने कहा है कि अधिकारियों द्वारा अपने भत्ते एवं कार खर्चों की भरपाई के लिए पंजीयन फीस एवं नवीनीकरण की फीस में बेतहाशा वृद्धि की गई है, ऐसा नजर आता है, तथा अगर छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष एवं रजिस्टर के द्वारा बढ़ाई गई फीस को एक हफ्ते के अंदर वापस लेने का निर्णय नहीं लिया गया तो फार्मासिस्टों के हित में विरोध स्वरूप भूख हड़ताल की जाएगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्टेट फार्मेसी काउंसिल की होगी।

# भगवान बिरसा मुंडा की 125 वीं पुण्यतिथि जशपुर कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक रायमुनी भगत



■ **बिरसा मुंडा के कार्यों को याद कर उनके बताए मार्ग पर चलने लिया संकल्प**

**पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर**
www.dailypioneer.com

भगवान बिरसा मुंडा की 125 वीं पुण्यतिथि पर मुंडा समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर विधायक रायमुनी भगत शामिल हुई, यहां भगवान विधि विधान से भगवान बिरसा मुंडा का पूजा अर्चना कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया गया। ज्ञात हो कि जशपुर के भागपुर में मुंडा समाज द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 125 वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। इस कार्यक्रम में जशपुर विधायक मुख्य अतिथि के रूप में जबकि अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के अखिल भारतीय संगठन महामंत्री योगेश बापट, नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत मुंडा समाज के प्रदेश अध्यक्ष शंकर राम बालाजी, महेंद्र कुमार मुंडा, रीना बालाजी, आशुतोष राय उपस्थित रहे। कायक्रम का शुभारम्भ समाज के रीति रिवाज के अनुसार पूजा अर्चना कर किया गया।जिसके बाद भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुवे जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने भगवान बिरसा मुंडा के बातों का अनुशरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने अपील किया।


# खेल क्षेत्र से संबंधित विभिन्न पुरस्कारों एवं डाइट मनी के लिए आवेदन 26 जून तक आमंत्रित

**पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद**
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता हैं। शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान सहित मुख्यमंत्री ट्राफी एवं खेलवृत्ति डाइट मनी प्रदान करने के लिए खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदक निर्धारित प्रारूप में अपना व्यक्तिगत विवरण का लेख करते हुए 26 जून 2025 तक संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभ भाई पटेल, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, जी.ई. रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़ या जिला कार्यालय, खेल एवं युवा कल्याण गरियाबंद में अपना आवेदन सीधे जमा कर सकते हैं। यह पुरस्कार वर्ष 2023- 24 एवं 2024-25 के लिए दिया जायेगा। खिलाड़ी को पृथक-पृथक वर्षा के लिए पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप मय विज्ञापन खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ की वेबसाइट पर उपलब्ध है। खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग गरियाबंद ने बताया कि राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को ''शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार'' से अलंकृत किया जाएगा, जिनके द्वारा राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया है या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के उन खिलाड़ियों को ''शहीद कौशल यादव पुरस्कार'' से अलंकृत किया जाता है, जिनके द्वारा जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने विगत 05 वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग राष्ट्रीय चौम्पियनशीप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला, पुरूष खिलाड़ियों को ''शहीद पंकज विक्रम सम्मान'' से सम्मानित किया जाता है। प्रशिक्षकों/निर्णायकों को ''वीर हनुमान सिंह पुरस्कार'' से अलंकृत किया जायेगा। खेल से जुड़े 55 वर्ष से अधिक उम्र के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या संबंधित ने ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में की हो, जिसके आधार पर उन्हें सम्मानित किये जाने हेतु विचार किया जाए उन्हें ''शहीद विनोद चौबे सम्मान'' से अलंकृतत किया जावेगा। इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को ''मुख्यमंत्री ट्राफी'' प्रदान की जाती है। पुरस्कारों के नियम छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित किए गए है, नियमों के अंतर्गत पात्रता रखने वाले आवेदकों को पुरस्कार के लिए प्रावीण्यता के आधार पर चयन किया जाएगा। शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार हेतु 03 लाख रूपये, शहीद कौशल यादव पुरस्कार हेतु 01 लाख 50 हजार रूपये, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार हेतु 01 लाख 50 हजार रूपये, शहीद विनोद चौबे सम्मान एवं शहीद पंकज विक्रम सम्मान हेतु 25-25 हजार रूपये नगद पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे।

# वन परिक्षेत्र धमनी में 100 एकड़ भूमि हुआ अभिक्रमण मुक्त

**पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज**
www.dailypioneer.com



वन परिक्षेत्र धमनी रेंज में वन भूमि पर किए गए कब्जाधारियों से लगभग 100 एकड़ भूमि खाली कराया गया। रेंजर अजय कुमार वर्मा ने बताया कि भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 80 (ए) के तहत् जारी बेदखली आदेश के परिपालन में ग्राम सेमरवा में सुधु पिता डबल, राजकुमार पिता लल्लु ग्राम, गुठल आ.लक्षन, शनिचर आ. बालमुकुन्द, राम औतार आ.पाडु, नान्हु आ.पाडु, बुधन आ. चितामन एवं 01 अन्य निर्माणाधीन मकान गुलाबचन्द पण्डो को वन क्षेत्र कक्ष क्रमांक पी 923 में रकबा 100 एकड़ वनक्षेत्र से बेदखल किया गया। वहीं अन्य प्रकरण में ग्राम सेमरवा के सुदामा पिता केश्वर प्रसाद यादव, राजमोहन पिता लक्ष्मण पण्डो, ईश्वर पिता राजमोहन पण्डो, बलराम पिता राजदेव पण्डो को बेदखली कार्यवाही हेतु नोटिस जारी किया गया है। कार्यवाही के दौरान उप वन मण्डलाधिकारी, प्रशिक्षु ए.सी.एफथाना प्रभारी सनावल तहसीलदार रामचन्द्रपुर मौके पर उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि वन मण्डलाधिकारी आलोक कुमार वाजपेयी के द्वारा अतिक्रामकों के विरूद्ध वन कर्मियों को कड़े कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। कई अन्य स्थानों पर आगे भी बेदखली की कार्यवाही अनवरत् जारी रहेगी। ग्रामीण जनताओं से अपील की जाती है,कि वन भूमि में अतिक्रमण का प्रयास न करें।

## मीडिया जगत की जानी मानी हस्तियां हुई सम्मानित

# पत्रकारों ने कहा-अद्भुत रहा वक्ता मंच का सम्मान समारोह

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में वह गौरवशाली क्षण रहा, जब प्रदेश के मीडिया जगत की जानी-मानी हस्तियों को सम्मानित किया गया तथा इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि निश्चित ही यह सम्मान समारोह अद्भुत कार्यक्रम है, जिसके लिए पत्रकारों ने आयोजक सामाजिक संस्था को भी धन्यवाद ज्ञापित किया, पत्रकारिता हर दौर में चुनौतीपूर्ण रही है। उत्तण्ड मार्तण्ड से लेकर किसी भी कालखंड में यह सरल नहीं रही। डिजिटल युग ने पत्रकारिता को आम आदमी के हाथों तक पहुंचा दिया है। अब हर व्यक्ति न्यूज बना सकता है। इसलिए निष्पक्ष समाचारों को रोकने दबाव भी बढ़ा है जो चिंताजनक है। पिछले दिनों मेकाहारा में घटित प्रकरण अत्यधिक निंदनीय था, जागरूक समाज व आम नागरिको की एकजुटता ही लोकतंत्र के इस चौथे स्तंभ की रक्षा कर सकती है। पत्रकार वही व्यक्ति बनता है जो दुनिया से अलग और रचनात्मक होता है। लोकतंत्र में पत्रकारों भूमिका महत्वपूर्ण है। सजग और चौकस रहकर विश्वसनीय खबरों को देना आवश्यक है। इलेक्ट्रॉनिक चैनलों के बावजूद अखबारों की प्रसार संख्या में जारी वृद्धि से सिद्ध होता है कि पढ़ना भारतीयों के डी एन ए में शामिल है। मीडिया की विश्वसनीयता को बचाये और बनाये रखना हम सबका दायित्व है। 8 जून को राजधानी रायपुर के श्री वृंदावन हाल में आयोजित वक्ता मंच के सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों ने कहा कि वक्ता मंच का यह समारोह प्रदेश में स्वस्थ पत्रकारिता की दिशा व दृष्टिकोण को मजबूती प्रदान करनेवाला आयोजन है। यह कार्यक्रम लोकतंत्र को जीवंत बनाये रखने में योगदान देगा द्य इस सम्मान को प्राप्त करने के बाद पत्रकारों की जिम्मेदारी और बढ़ जायेगी। उपरोक्त विचार राजधानी के वरिष्ठ पत्रकारों ने कल रात्रि वक्ता मंच द्वारा संपन्न एक आयोजन में अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए द्य उल्लेखनीय है कि अग्रणी सामाजिक संस्था वक्ता मंच द्वारा8 जून की शाम राजधानी के वृन्दावन सभागृह में स्व. बंशीलाल शर्मा स्मृति पत्रकारिता गौरव सम्मान समारोह के माध्यम से प्रदेश के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व वेब मीडिया से चयनित 100 पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस भव्य समारोह में आसिफ इकबाल, प्रदीप जोशी, राजकुमार धर द्विवेदी, संदीप तिवारी, अनुराधा दुबे, पंडित पी के तिवारी, शिवशंकर सोनपिपरे, शोभा देवी शर्मा एवं डॉ मुकेश शाह मंच पर उपस्थित थे। अतिथियों ने लोकतंत्र का चौथा स्तंभः संभावनाये व चुनौतियां विषय पर परिचर्चा में अपनी बातें रखी द्य आरम्भ में आयोजक शोभा देवी शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए जानकारी दी कि स्व. बंशीलाल शर्मा की स्मृति को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिये परिजनों द्वारा वक्ता मंच के माध्यम से जन सरोकारों से जुड़े विविध आयोजन किये जाते है। सम्मानित हो रहे पत्रकारों ने इस अवसर पर कहा कि स्व. बंशीलाल शर्मा जी के जीवन मूल्यों व पत्रकारिता के प्रति उनके समर्पण की स्मृति में आज दूर दराज में पत्रकारिता की लौ जलाये रखनेवालों का सम्मान करने से हमें आश्वस्ति मिली है कि हमारी आवाज को सुना और समझा जा रहा है और हमारे सरोकारों को स्वीकार्यता मिल रही है। पत्रकारिता केवल समाचार संप्रेषण का माध्यम नहीं अपितु समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज को सामने लाने की प्रतिबद्ध जिम्मेदारी है। वक्ता मंच के इस आयोजन से प्रदेश के संपूर्ण पत्रकारिता जगत को नई ऊर्जा मिली है। आयोजन का कुशल प्रबंधन टीम वक्ता मंच की ओर से शुभम साहू, राजाराम रसिक, दुष्यंत साहू, देव मानिकपुरी, संजय देवांगन, रामचन्द्र श्रीवास्तव, डॉ भारती अग्रवाल, पूर्णेश डडसेना, डॉ उमा स्वामी, मनीष अवस्थी, अखिलेश तिवारी, राजेंद्र रायपुरी, रुनाली चक्रवर्ती, रत्ना पांडेय एवं ऋषभ देव साहू द्वारा किया गया था द्य कार्यक्रम के अंत में वक्ता मंच द्वारा घोषणा की गई कि यह आयोजन क्रमिक रूप से जारी रहेगा क्योंकि एक कार्यक्रम में प्रदेश के सभी उत्कृष्ट मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया जाना संभव नहीं है द्य वक्ता मंच के संयोजक शुभम साहू द्वारा प्रस्तुत आभार प्रदर्शन के साथ समारोह संपन्न हुआ।

# खनिज विभाग द्वारा जब्त गाड़ी का ताला तोड़कर फिर से करने लगे अवैध उत्खनन

**पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती**
www.dailypioneer.com

जिले में अवैध खनिज उत्खनन कारियो के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि शासन की कार्रवाई के बावजूद उसकी अवहेलना करते हुए कार्यो को गति दे रहे हैं, इसी श्रृंखला में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन व परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर तोपनो के निर्देशानुसार अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त जप्तशुदा चैनमाउंटेन मशीनों को लोड कर थाना बिर्रा के सुपूदर्गी में दिया जाकर अवैध उत्खनन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी (एफ.आई.आर) दर्ज कराया गया है। खनिज अधिकारी के. के. बंजारे से प्राप्त जानकारी अनुसार राजस्व एवं खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा ग्राम करही तहसील हसौद के महानदी में स्थित रेत घाट में रेत के अवैध उत्खनन की मौखिक सूचना प्राप्त होने पर 30/05/2025 को 02 चैन माउंटेन एवं 02/06/2025 को 01 चैनमाउंटेन को मौके पर अवैध खनिज उत्खनन करने पर जप्त किया जाकर ग्राम कोटवार विरेन्द्र कुमार चौहान पिता गुहाराम चौहान निवासी ग्राम करही के अभिरक्षा में दिया गया था। कोटवार विरेन्द्र कुमार चौहान से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त जप्तशुदा चैन माउंटेन मशीनों का चैन व ताला तोड़ कर राजेन्द्र तेंदुलकर आत्मज साखीराम, रंजीत साहू एवं गनपत बघेल द्वारा रात्रि में पुनः रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। जिस पर इनके विरूघ्द एफ.आई.आर दर्ज कराई गयी है।

# कवर्धा जिला कार्यालय में फर्जी डिप्टी कलेक्टर बन घुसपैठ की कोशिश, पुलिस ने तीन को दबोचा, प्रशासनिक तंत्र को गुमराह करने की साजिश नाकाम

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com




जिला प्रशासन और सुरक्षा तंत्र को गुमराह कर कवर्धा जिला कार्यालय में घुसपैठ की चौंकाने वाली कोशिश को कबीरधाम पुलिस ने समय रहते विफल कर दिया। बीती रात तीन व्यक्ति खुद को डिप्टी कलेक्टर और स्टेनो बताकर जिला कार्यालय में प्रवेश का प्रयास कर रहे थे, लेकिन सतर्क सुरक्षा गार्ड और त्वरित पुलिस कार्रवाई से उन्हें हिरासत में ले लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 08 जून की रात लगभग 9:30 बजे, जिला कार्यालय कवर्धा के मुख्य द्वार पर तैनात सुरक्षा गार्ड को तीन संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। वे खुद को वरिष्ठ अधिकारी बताकर परिसर में प्रवेश करना चाह रहे थे और ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों से अनुचित पूछताछ कर रहे थे।

**कार्रवाई, फर्जीवाड़ा उजागर**–सूचना मिलते ही कवर्धा थाना पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर तीनों को हिरासत में लिया। पूछताछ में उनकी पहचान सम्मी ठाकुर पिता कोमल सिंह ठाकुर, निवासी भिलाई, जिला दुर्ग (फर्जी डिप्टी कलेक्टर), शुभलाल राजपूत पिता देवी सिंह राजपूत, निवासी पटेवा, थाना घुमका, जिला राजनांदगांव (ड्राइवर), दुर्गेश सिंह राजपूत पिता लाल सिंह राजपूत, निवासी खैरबना कला, थाना कवर्धा (फर्जी स्टेनो)। प्रारंभिक जांच में यह साफ हो गया कि उक्त तीनों व्यक्तियों का किसी शासकीय पद या सेवा से कोई संबंध नहीं है। वे केवल झूठा परिचय पत्र और झूठे दावे के आधार पर प्रशासनिक तंत्र में भ्रम फैलाने और घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे।

**अधिकारियों को भी किया गुमराह, एफआईआर दर्ज**–इस पूरी घटना की रिपोर्ट सहायक जिला नाजीर अनमोल शुक्ला ने थाना कवर्धा में दर्ज कराई। इस आधार पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 248/2025 अंतर्गत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 319(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**प्रशासनिक सुरक्षा पर बड़ा सवाल**–गौरतलब है कि महज दो महीने पहले जिला कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल भी मिला था, जिसकी अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी। अब यह फर्जी अफसर घुसपैठ मामला प्रशासनिक सुरक्षा और सतर्कता व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। पुलिस को इस बार भी आवेदक की अनुपलब्धता के कारण कठिनाई हुई, और बमुश्किल सहायक नाजीर को आवेदनकर्ता बनाया गया।

**कबीरधाम पुलिस की अपील और चेतावनी**–यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, पंकज पटेल के मार्गदर्शन, एसडीओपी कृष्ण कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी कवर्धा के नेतृत्व में संपन्न हुई। कबीरधाम पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति झूठे पद का दावा करता है, संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त है या शासकीय प्रतिष्ठानों में अनधिकृत रूप से प्रवेश करता है, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# कोपरा स्वास्थ्य केंद्र में आरएचओ पूनम सिन्हा ने अकेले कराए एक घंटे में दो सुरक्षित प्रसव, जच्चा-बच्चा स्वस्थ

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपरा में रविवार तड़के रात्रिकालीन ड्यूटी पर तैनात महिला ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी पूनम सिन्हा ने एक घंटे के भीतर दो गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित और सफल सामान्य प्रसव अकेले संपन्न कराया। दोनों नवजात शिशु एवं माताएं पूरी तरह स्वस्थ हैं। इस पर प्रसूतियों के परिजनों ने आरएचओ पूनम सिन्हा का आभार जताया। गौरतलब है कि पूनम सिन्हा पूर्व में भी कई जोखिमभरे व जटिल प्रसवों को सफलतापूर्वक संभाल चुकी हैं। कोपरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का क्रिटिकल डिलीवरी मामलों को नार्मल डिलीवरी में बदलने का एक अच्छा रिकॉर्ड रहा है, जो यहां की चिकित्सा सेवाओं की दक्षता, अनुभव और संवेदनशीलता को दर्शाता है। सफल प्रसव और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए स्थानीय नागरिकों व स्वास्थ्य विभाग ने आरएचओ पूनम सिन्हा की सेवा भावना, कायकुशलता और निष्ठा की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि पहला मामला ग्राम सुरसाबांधा की 23 वर्षीय वंदना साहू (पति गजेंद्र साहू) का था, जिन्हें रात 1.20 बजे प्रसव पीड़ा के साथ स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। आरएचओ पूनम सिन्हा की निगरानी में वंदना ने रात 2 बजकर 46 मिनट पर 3.700 किलोग्राम वजनी स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। यह उनका प्रथम प्रसव था। इसके बाद ग्राम तर्रा निवासी 27 वर्षीय यज्ञा तारक (पति ओंकार तारक) को सुबह 03 बजे लाया गया। उनका यह द्वितीय प्रसव था, जिसमें उन्होंने 3 बजकर 58 मिनट पर 2.7 किलोग्राम वजनी स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। दोनों ही डिलीवरी पूर्णतः सामान्य एवं सुरक्षित रूप से संपन्न हुईं।

# परिवार नियोजन और आधुनिक गर्भनिरोधकों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए इंफ्लुएंसर्स और विशेषज्ञ एक मंच पर एकत्रित

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स, मीडिया प्रतिनिधियों , सामुदायिक रेडियो स्टेशनों, सरकारी प्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने ऑनलाइन क्षेत्रीय चर्चा परिवार नियोजन और आधुनिक गर्भनिरोधन पर बातचीत को आगे बढ़ानाष् में भाग लिया। यह एक सक्रिय और संवादात्मक कार्यशाला थी, जिसका उद्देश्य परिवार नियोजन (एफपी) से जुड़े जन चर्चा को सशक्त बनाना और जनजागरूकता बढ़ाना था। इस कार्यशाला ने तकनीकी विशेषज्ञों और कंटेंट क्रिएटर्स के बीच चर्चा और सहयोग को प्रोत्साहित किया, जिससे परिवार नियोजन के बारे में फै ली गलत धारणाओं को दूर किया जा सके और सटीक जानकारी का व्यापक प्रसार हो सके। ग्लोबल हेल्थ स्ट्रैटेजीज़ (जीएचएस) द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में झारखंड और छत्तीसगढ़ से 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, पत्रकार, सामुदायिक रेडियो स्टेशन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ तथा सरकारी प्रतिनिधि शामिल थे। इन सभी का साझा उद्देश्य यह था कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के एक अहम पक्ष के रूप में परिवार नियोजन पर सूचित और समृद्ध चर्चा को बढ़ावा दिया जा सके। डॉ. खेमराज सोनवानी, स्टेट नोडल ऑफिसर - कंट्रोल एंड डिमांड सेंटर. छत्तीसगढ़ ने भारत के परिवार नियोजन के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। साथ ही, एफपी2030 प्रतिबद्धता के तहत, समानता, युवाओं की भागीदारी और गुणवत्तापूर्ण देखभाल पर प्राथमिकता दी गई, ताकि हर व्यक्ति और दंपति को उनकी जरूरत के अनुसार गर्भनिरोधक तरीका उपलब्ध हो सके। डॉ. बीनू कुशवाह, जो कि एसएसएमसी, रीवा में प्रसूति और स्त्री रोग विभाग की प्रोफे सर हैं, ने सामाजिक-सांस्कृतिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला, जो विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं के लिए परिवार नियोजन को अपनाने में बाधा बनती हैं। डॉ. अर्चना कुमारी, प्रसूति और स्त्री रोग विशेषज्ञ, राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, रांची, ने भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी, जिसमें इंजेक्टेबल्स, इम्प्लांट, गर्भनिरोधक गोलियाँ, कंडोम, आईयूडी आदि शामिल हैं। उन्होंने यह भी जोर दिया कि परिवार नियोजन न केवल अनचाही गर्भावस्था को रोकने का एक तरीका है, बल्कि यह असुरक्षित गर्भपात से भी बचाव करता है, जो मातृ मृत्यु का एक प्रमुख कारण बन सकता है।

# पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह मनाया

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com





संस्कृति विभाग अंतर्गत संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह को मनाया जा रहा है, महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय, रायपुर स्थित कला वीथिका में छत्तीसगढ़ अंचल के लगभग 70 से 83 साल पुरानी ऐतिहासिक दस्तावेजों के प्रदर्शनी लगाई गयी है। परिसर में पांच दिवसीय ऐतिहासिक दस्तावेजों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन विभाग के संचालक विवेक आचार्य, मुख्य अतिथि वक्ता जयपुर के सहायक निदेशक डॉ एस.एल. साहू के द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में 1942 से लेकर 1953 के दस्तावेज शामिल किये गये है, 1942 में हवाई अड्डे का प्रस्ताव, 1947 में बस्तर की सनद, 1948 के वन विभाग के दस्तावेज, 1949 में बस्तर में महुआ निर्यात पर प्रतिबंध, 1948 का बस्तर समझौता, 1949 के कोण्डागांव के बड़े डोगर में दंतेश्वरी माई मंदिर का उदघाटन समारोह, 1949-50 में पुरातत्विक स्मारकों का संरक्षण, 1951 बस्तर में जमींदारी प्रथा के उन्मूलन एवं पी.डब्लू.डी. कर्मचारीयों के सरकारी विभाग में समायोजन से संबंधित दस्तावेज, 1951-52 में रायपुर स्थित संग्रहालय के पुस्तालय के लिये 50,000/- रू. की अनुदान राशि शासन द्वारा स्वीकृति से संबंधित दस्तावेज एवं 1953 में 20 से 28 मार्च 1953 तक राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का छत्तीसगढ़ दौरा जिसमें महंत घासीदास संग्रहालय के उदघाटन से संबंधित दस्तावेज भी शामिल है। प्रदर्शनी के उदघाटन पश्चात मुख्य अतिथि वक्ता जयपुर के सहायक निदेशक डॉ एस. एल. साहू जयपुर के सहायक निदेशक राष्ट्रीय अभिलेखागार जयपुर द्वारा अभिलेखागार सब के लिये सुलभ विषय पर व्याख्यान दिया गया जिसमें उन्होंनें बताया कि डिजिटाइजेशन के माध्यम से अभिलेखागार को सबके लिये सुलभ बनाया जा सकता है।

# ओला इलेक्ट्रिक ने रायपुर में रोडस्टर एक्स की डिलीवरी शुरू की

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की सबसे बड़ी ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने शुक्रवार से रायपुर में अपनी रोडस्टर एक्स मोटरसाइकिलों की डिलीवरी शुरू कर दी है। कंपनी ने अपने राइड द फ्यूचर अभियान के तहत पहले 5,000 ग्राहकों के लिए 10,000 रुपए मूल्य के ऑफर की भी घोषणा की। इन्हें एक्सटेंडेड वॉरंटी, मूवओएस+ और आवश्यक देखभाल फ्री में मिलेगी। रोडस्टर एक्स सीरीज़ में मिड-ड्राइव मोटर है, जो परफॉर्मेंस और सेफ्टी को बढ़ाती है। रोडस्टर सीरीज़ की पॉवरट्रेन में चेन ड्राइव और एक इंटीग्रेटेड एमसीयू भी है। यह टॉर्क को आराम से ट्रांसफर करता है। इससे बेहतर एक्सेलरेशन, यानि त्वरण और रेंज मिलती है। रोडस्टर एक्स सीरीज़ की मोटरसाइकिलों में फ्लैट केबल भी हैं। यह इंडस्ट्री फर्स्ट इनोवेशन है, यानि इसका इस्तेमाल बाइक इंडस्ट्री में पहली बार किया गया है। ये केबल्स बाइक को हल्का बनाते हैं, जगह बचाते हैं, और थर्मल परफॉर्मेंस को बढ़ाते हैं। यानि इनमें गर्मी को बेहतर तरीके से संभालने की क्षमता होती है। इससे बाइक ज्यादा टिकाऊ और भरोसेमंद बनती है। ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन और एमडी, भाविश अग्रवाल ने कहा, स्कूटर तो बस शुरुआत थी। रोडस्टर एक्स, मोटरसाइकिलिंग सेगमेंट में हमारे प्रवेश को चिह्नित करने वाली एक साहसिक छलांग है। रोडस्टर एक्स को भारत में एक ऐसी पीढ़ी के लिए डिज़ाइन, इंजीनियर और निर्मित किया गया है, जो भविष्य की बाइक चलाना चाहते हैं। से शुरू होने वाली डिलीवरी के साथ, रोडस्टर एक्स टू व्हीलर कैटेगरी में ईवी की वास्तविक क्षमता को अनलॉक करेगी।

# लगभग 97 लाख 72 हजार रुपए की लागत से झाल सबस्टेशन की क्षमता बढ़ाई

## 1900 से अधिक उपभोक्ता एवं किसान होंगे लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं एवं किसानों को पर्याप्त वोल्टेज के साथ निर्बाध विद्युत सप्लाई देने के लिए अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाई जा रही हैं। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र द्वारा विभागीय संभाग बेमेतरा के अंतर्गत स्थित 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र (सबस्टेशन) झाल में 05 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाकर 04 जून 2025 को उर्जीकृत किया गया, जिससे उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले लगभग 1955 उपभोक्ताओं एवं किसानों को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति मिलेगी। पूर्व से सबस्टेशन में 05-05 एमवीए के दो पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित हैं। 05 एमवीए के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से उपकेंद्र की क्षमता बढकर 15 एमवीए हो गई है, जिससे ओवरलोड की समस्या का निराकरण हो गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने बताया कि उक्त कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत लगभग 97 लाख 72 हजार रुपए की लागत से पूर्ण किया गया है। उन्होंने बताया कि सबस्टेशन में पहले से मौजूदा दोनों ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाते थे। खासकर धान की फसल के मौसम में लोड शेडिंग एवं लो वोल्टेज की समस्या होती थी एवं फीडर की लंबाई अधिक होने के कारण अंतिम छोर के उपभोक्ताओं तक सुचारु मात्रा में वोल्टेज नहीं पहुंच पाता था। उन्होंने कहा कि नया ट्रांसफार्मर लोड को पंडरभट्ठा एवं ढोलिया फीडर में समायोजित करेगा जिससे लो वोल्टेज एवं लोड शेडिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। खंडेलवाल ने उक्त कार्य को क्षेत्र में उपभोक्ताओं एवं किसानों के हित में सतत विद्युत आपूर्ति के लिए सराहनीय बताते हुए कहा कि 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन झाल में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के लग जाने से ग्राम पंडरभटठा, झाल, अतरिया, पेंडरीतरई एवं मजगांव आदि ग्रामों के लगभग 1955 उपभोक्ता एवं किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने अधीक्षण अभियंता वृत्त सलिल कुमार खरे, कार्यपालन अभियंता परियोजना मोहम्मद जलालुद्दीन, कार्यपालन अभियंता एसटीएम पी.के.पलसोकर तथा उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि पॉवर कंपनी के अधिकारी गुलाब राम साहू सहायक अभियंता रिचा राय कनिष्ठ अभियंता पिंकी पांडेय सहायक अभियंता सीएल वर्मा सहायक अभियंता एवं कर्मचारी उपभोक्ताओं एवं किसानों तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहें हैं।

अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से किसानों एवं उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। गुलाब राम साहू सहायक अभियंता ऋचा राय कनिष्ठ अभियंता पिंकी पांडेय सहायक अभियंता सीएल वर्मा सहायक अभियंता मौजूद रहे।

# अवंती बाई चौंक पर प्रमुख राइजिंग पाइप लाइन का संधारण कर 5000 घरों में पहुंचाया गया पानी

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



अवंती बाई चौक के समीप फरीदनगर टंकी से संयोजित 300 डाया प्रमुख राइजिंग पाइप लाइन गुजरती है। इसके माध्यम से फरीद नगर एवं उससे लगे हुए क्षेत्र में नियमित पानी सप्लाई लाइन किया जाता है। दो दिनों में लगभग 5000 घरों में जलापूर्ति बाधित थी। दो से तीन जगहों पर लीकेज था, उसे ठीक कराया गया , फिर भी सप्लाई में समस्या आ रही थी। उसे निगम के अभियंताओं द्वारा गहनता के साथ पता किया गया, तो पता चला कि अवंती बाई चौक के पास से जो राइजिंग पाइपलाइन गुजरती है वह पंचर हो गयी है। इसके कारण पानी सप्लाई 5000 घरों में बाधित हो रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निर्देश दिया कि गर्मी को देखते हुए बिना देर किए काम शुरू किया जाए। प्राप्त आदेशानुसार उपअभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा अपनी टीम को लेकर युद्ध स्तर पर कार्य करवाए। जिसका नतीजा यह रहा कि पाइप लाइन ठीक हो गया है। पहले पानी की टंकी भरी हुई थी, उसके माध्यम से 12:00 pm तक जलापूर्ति सुविधा सुचारू रूप से बहाल की गई। पानी का सप्लाई नियमित रूप से होगा। इस सप्लाई से उस क्षेत्र के 5000 से अधिक परिवारों को नियमित पीने का पानी मिलने लगेगा। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल लोगों से अपील किए है कि पानी बहुत कीमती है, अक्सर देखने में आता है कि लोग अपने घर का पानी भर लेने के बाद नल बंद नहीं करते हैं। व्यर्थ पानी नाली में डालकर बर्बाद कर देते हैं। एक जगह का नल खुला छोड़ देने से दूसरे जगह पानी का प्रेशर कम हो जाता है, जिससे पानी चढ़ नहीं पाता है। यह सभी के सहयोग से होगा। नगर निगम अपना प्रयास कर रहा है, नागरिक भी सहयोग करें।

### ग्राम बासीन में जैविक मेला सह कृषक सम्मेलन 10 जून को

**गरियाबंद।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की सहभागिता से 29 मई से 12 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में मंगलवार 10 जून को प्रातः 10.00 बजे से फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बासीन के बाजार चौक में जैविक मेला सह कृषक सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर बी.एस. उईके ने कार्य म के सुचारू रूप से संपादन के लिए कृषि, पशुधन, कृषि विज्ञान केन्द्र, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, जनपद पंचायत, कृषक उत्पादक विपणन सहकारी समिति मर्यादित सहित अन्य विभागों को विभिन्न दायित्व सौंपे गये हैं।

### प्राकृतिक आपदा के दो प्रकरण में 8 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के दो प्रकरण में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरा तहसील के ग्राम चरौदा निवासी 36 वर्षीय सुकली बाई गोंड उर्फ पुसली बाई की 17 जुलाई 2024 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम परिजन कंश लाल नेताम को 04 लाख रुपये तथा ग्राम पंडरीपानी निवासी 44 वर्षीय जोहतरीन बाई की 30 मई 2024 को तालाब में गिरकर डूबने से मृत्यु हो जाने से मृतिका का निकटतम परिजन हुमेश्वर सोरी को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग,**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, म.ज.प. डिसनेट संभाग क्र. 03, तिल्दा**

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना //**

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा सूचना क्रमांक **01**/ई-प्रोक्युरमेंट/**2024-25**, तिल्दा-नेवरा दिनांक **20.03.2025**, सिस्टम निविदा क्रमाक **165824 (प्रथम आमंत्रण)**, **(कार्य का नामः नई सिंचाई कालोनी एवं पुरानी सिंचाई कालोनी तिल्दा-नेवरा के आवासीय/कार्यालयीन भवनों का जीर्णोद्वार तथा बाउड्रीवाल का निर्माण कार्य)**, जिसका जी नंबर **242506092** है, उक्त निविदा के प्रथम आमंत्रण में केवल एक ही निविदाकार को योग्य पाये जाने के कारण केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ के निविदा पूर्व अर्हता निधारण समिति की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार मुख्य अभियंता, निविदा प्रकोष्ठ के पृष्ठांकन क्र.4263597/निविदा प्रकोष्ठ /2025/1378 **(TC)**, दिनांक 03.06.2025 के परिपालन निरस्त की जाती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**म.ज.प. डिसनेट संभाग क्र. 3, तिल्दा (छ.ग.)**
**कृते, मुख्य अभियंता महानदी परियोजना,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**

G-252601455/8

**न्यायालय तहसीलदार पण्डरिया**
**जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र........ ब121/वर्ष 2024-25

**आवेदक-मनोज कुमार चंद्रवंशी पिता जलेश चंद्रवंशी जाति कुर्मी निवासी ग्राम परसवारा तहसील पण्डरिया जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम परसवारा प.ह.नं. 44 को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार चंद्रवंशी पिता जलेश चंद्रवंशी जाति कुर्मी निवासी ग्राम परसवारा तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा आवेदक मनोज चंद्रवंशी पिता जलेश चंद्रवंशी का जन्म दिनांक 15/07/1981 को ग्राम परसवारा में हुआ है। जिसका जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया जाये।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 10/6/2025 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा। 23/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी आज दिनांक किया गया।

**जारी दिनांक - 23-05-2025**
**पेशी दिनांक - 10-06-2025**

मुहर

**तहसीलदार**
**पण्डरिया**

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली**
**जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन पिता कन्हाई जाति..........निवासी ग्राम सानपंधी तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम सानपंध्सी दिनांक ....... को आवेदक के दादा मगन की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 11/06/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 02/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**सरायपाली**

**न्यायालय तहसीलदार,**
**डौण्डी, जिला-बालोद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/214/प्र./तह./2025

डौण्डी, दिनांक 02/06/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर जिला बालोद (छ.ग.) का पत्र क्रमांक/3369/वारि.लि.-1/2025 बालोद दिनांक 22/05/2025 के अनुसार आवेदिका श्रीमती भिष्मक पोर्ते पति स्व. महेन्द्र कुमार पोर्ते निवासी ग्राम झींकाटोला तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा अपने पति स्व. महेन्द्र कुमार पोर्ते जो कि वन विभाग में वनरक्षक के पद पर कार्यरत थे, जिनकी सेवाकाल के दौरान सड़क दुर्घटना में दिनांक 25/05/2013 को मृत्यु हो जाने के कारण वैध वारिसान प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो कि जाँच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 16/06/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 02/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**डौण्डी**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग, नवा रायपुर (छ.ग.)**
Email - eepwd-brnavaraipur@gmail.com Add. - नवा रायपुर, सेक्टर-18, बी-2/18

**// प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //**

NIT-01/व.ले.लि./25-26 नवा रायपुर दिनांक 30/05/2025
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 19/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 24/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 25/06/2025 पूर्वान्ह 5.30 बजे तक
**निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक**

| निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)<br>अमानत राशि (रू. में)<br>बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| T0003 | इंजीनियरिंग कॉलेज उपसंभाग नवा रायपुर सेक्टर-18 के अंतर्गत भवनों का साधारण मरम्मत का कार्य। | 9.99<br>7,500.00<br>1,50,000.00 |
| T0004 | नवीन उपसंभाग नवा रायपुर सेक्टर-18 के अंतर्गत भवनों का साधारण मरम्मत का कार्य। | 9.99<br>7,500.00<br>1,50,000.00 |
| T0005 | इंजीनियरिंग कॉलेज उपसंभाग नवा रायपुर सेक्टर-18 के अंतर्गत भवनों में सेनेटरी, प्लबिंग एवं गार्डन मेंटेनेन्स का कार्य। | 9.99<br>7,500.00<br>1,50,000.00 |

आवेदन के साथ Registation Copy, GST Certificate, Bank Solvency, एवं जी.एस.टी. भुगतान की 3 बी प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाइड www.cg.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है। अन्य जानकारी हेतु संभागीय कार्यालय में संपर्क करें।

**कार्यपालन अभियंता,**
**लो.नि.वि.,(भ./स.)संभाग, नवा रायपुर (छ.ग.)**

G- 252601441/2

# युक्तियुक्तकरण के नाम पर प्रदेश सरकार का चल रहा है खेला : विधायक इंद्र साव

## विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने बीईओ कार्यालय का किया घेराव

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



युक्तियुक्तकरण के नाम पर प्रदेश सरकार बहुत बड़ा खेला कर रही है शिक्षक विहीन और अतिशेष के नाम पर शिक्षा विभाग में अधिकारियों को सामने रख कर तानाशाही पूर्वक भाजपा सरकार मनमानी की सारी हदे पार कर दी है। शिक्षा विभाग बिगड़े सांड की तरह हो गया है जो किसे के भी काबू में नहीं आ रहा है। उक्त बाते विधायक इंद्र साव ने ब्लाक कांग्रेस के द्वारा आयोजित बी ई ओ कार्यालय का घेराव के दौरान कही। विदित हो कि प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश सरकार के इस तुगलकी फरमान के खिलाफ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया है और इस आह्वान के बाद सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत स्थानीय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में ब्लाक शिक्षा कार्यालय का घेराव का नारेबाजी की गई।इस दौरान विधायक इंद्र साव ने कहा कि शिक्षको और छात्रों के हित में कांग्रेस पार्टी किसी भी प्रकार के अन्याय के खिलाफ सड़क की लड़ाई लड़ने तैयार है, भाजपा सरकार प्रदेश में पाठशाला बंद कर मधुशाला खोलने में आतुर नजर आ रही है ऐसे सरकार के तुगलकी फरमान को कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी और शिक्षकों,बच्चों और उनके पालकों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा आगे रहेगी। विधायक साव ने आगे कहा कि युक्तियुक्त करण के नाम पर किसी को भी कही खदेड़ा जा रहा है स्कूल की व्यवस्था को पूरी तरह बिगाड़ने का खेल शिक्षा विभाग में चल रहा है। शिक्षा विभाग में सरकार की बनाई नीति 2008 का खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षक विहीन और शिक्षक अतिशेष में भी अंतर नहीं कर पा रहे है। इस अवसर पर राकेश वर्मा, सतीश अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, सुशील शर्मा, अरुण यादव, अलोक मिश्रा, दिवाकर मिश्रा, नवीन बक्श, नितिन शुक्ला, मुकेश हेंवार, विक्की सिंह ठाकुर, सत्यजीत शेंडे, हरीश लहरे, गिरिराज चावड़ा व अनेक कांग्रेसी उपस्थित रहें।

# महापौर ने रायपुर नगर निगम जोन 8 कार्यालय में घुसकर किये गए उपद्रव के आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही करने किया आश्वस्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर नगर पालिक निगम कर्मचारी एकता संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव और पदाधिकारियों ने नगर निगम रायपुर के अधिकारियों सहित रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे से निगम मुख्यालय भवन के महापौर कक्ष में जाकर उन्हें विगत 4 जून 2025 को नगर निगम रायपुर के जोन 8 कार्यालय परिसर के भीतर की गयी उपद्रव की घटना को लेकर आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही करवाने की मांग की. इस पर महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम जोन 8 कार्यालय परिसर में हुई उपद्रव की घटना को अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक घटना निरुपित करते हुए रायपुर नगर पालिक निगम कर्मचारी एकता संघ के सभी पदाधिकारियों और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को आश्वस्त किया कि शीघ्र जिला पुलिस अधीक्षक से मिलकर उनसे प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए नगर निगम कार्यालय में उपद्रव की घटना के आरोपियों पर जमानतीय धाराओं के स्थान पर गैर जमानतीय धारायें लगाकर नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग की जाएगी. महापौर मीनल चौबे ने कहा कि प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कड़ी कार्यवाही आरोपियों पर करवाए जाने पहल और कार्य किया जायेगा। नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी पर फील्ड में पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था रायपुर जिला पुलिस अधीक्षक से मिलकर प्रशासनिक तौर पर विशेषकर कार्यवाही के दौरान पूर्व निश्चित करवाई जाएगी। महापौर मीनल चौबे से मिलने गए रायपुर नगर पालिक निगम कर्मचारी एकता संघ के प्रतिनिधि मण्डल में संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव, उपाध्यक्ष मोहित दर्रो, श्याम सोनी, नगर निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल सहित जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, विवेकानंद दुबे, खीरसागर नायक, उपायुक्त रमाकांत साहू, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, अंशुल शर्मा जूनियर, संघ के सभी पदाधिकारियों, नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# श्यामनगर रायपुर में सिखी स्वरूप एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न

- 200 से अधिक बच्चों ने लिया भाग, सिख इतिहास और संस्कृति से जुड़ी सवालों में दिखाई रुचि

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सिख संगठन लेडीज़ विंग द्वारा श्यामनगर, रायपुर में सिखी स्वरूप एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सिख धर्म, परंपराओं और इतिहास से जोड़ना तथा उनमें अपनी संस्कृति के प्रति गर्व की भावना विकसित करना था। लेडीज़ विंग की प्रदेश प्रधान अध्यक्ष श्वेता अरोरा के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में 1 वर्ष से लेकर 12 वर्ष तक के 200 से अधिक बच्चों ने पंजीकरण कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चे सिखी स्वरूप में सजे-धजे नजर आए और सिख इतिहास व संस्कृति पर आधारित प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से जज की भूमिका में ज्ञानी दया सिंह जी, ज्ञानी अमरीक सिंह, ज्ञानी अमर सिंह एवं ज्ञानी मलकीत सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के ज्ञान, प्रस्तुति और सिखी से जुड़ाव को सराहा। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रुप में बलदेव सिंग भाटिया, गुरुचरण सिंह होरा, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह चावला, गुरुप्रित सिंह बाबरा, रिकु होरा, परविंदर सिंह भाटिया, सुखबीर सिंघोत्रा तथा अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। बलदेव सिंह भाटिया ने छ.ग. सिक्ख संगठन की महिला विंग की प्रशंसा करते हुये कहाँ कि ऐसा आयोजन प्रतिवर्ष होना चाहिये जिससे समाज के बच्चों को सिक्ख गुरुओं एवं उनके इतिहास की जानकारी प्राप्त हो सके तथा वे आगे चल कर समाज के लिये उत्तरदायी हो सके। आयोजन के दौरान पर मुख्य में श्वेता अरोरा के साथ लेडीज़ विंग की महासचिव रूमी सलूजा, प्रदेश उपाध्यक्ष तरन अरोरा, कोषाध्यक्ष रुबी गांधी, संयोजिक गुरजीत छाबड़ा, सांस्कृतिक एवं कला अध्यक्ष गुरनीश कौर कौर, कार्यकारिणी अध्यक्ष गुरदीप कौर सहित संगठन के अन्य प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्य भी मौजूद रहे।

# कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर 13 जून को 'टॉपर्स सम्मान समारोह 2025' आयोजित करेगा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




कलिंगा विश्वविद्यालय शुक्रवार, 13 जून, को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा 2025 में 12वीं कक्षा में शीर्ष रैंक हासिल करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए टॉपर्स सम्मान समारोह 2025 आयोजित करने जा रहा है। यह कार्यक्रम कलिंगा विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से होगा। कलिंगा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. संदीप गांधी ने बताया कि संबलपुर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. नृपराज साहू इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम में संतोष राय कोचिंग संस्थान के प्रेरक वक्ता और संस्थापक डॉ. संतोष राय और एनएससीसी के संस्थापक और निदेशक नरेंद्र सिंह गिल का प्रेरक सत्र शामिल होगा। सीजीबीएसई और सीबीएसई के शीर्ष 10 रैंक धारकों को नकद पुरस्कार और कलिंग विश्वविद्यालय में उनके इच्छित किसी भी अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम पर 100% छात्रवृत्ति मिलेगी। जिन छात्रों ने 80% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें कलिंग विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति नीति 2025 के अनुसार प्रमाण पत्र और छात्रवृत्ति मिलेगी। डॉ. गांधी ने आगे बताया कि प्रथम रैंक धारक को सम्मानित किया जाएगा और उन्हें 12,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा, दूसरे रैंक धारक को सम्मानित किया जाएगा और उन्हें 10,000 रुपये दिए जाएंगे, तीसरे रैंक धारक को 8,000 रुपये और चौथे से दसवें रैंक धारकों को 4,000 रुपये दिए जाएंगे। छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए उपलब्धि का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान छात्र अपने अनुभव और सफलता के मंत्र दूसरों के साथ साझा करेंगे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के नया रायपुर में स्थित कलिंग विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता के लिए समर्पित एक प्रमुख संस्थान है शैक्षणिक विकास और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध, कलिंगा विश्वविद्यालय समग्र छात्र विकास के उददेश्य से विविध प्रकार के कार्यक्रम और पाठ्येतर गतिविधियाँ प्रदान करता है।

# मां गोदावरी आनंद वन आश्रम में मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




माँ गोदावरी आनंद वन आश्रम, ग्राम गोमची में स्थित बुजुर्गों के इस पवित्र सेवा स्थल में एक नई आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ जब आश्रम परिसर में निर्मित नव-निर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह बड़े ही भक्ति भाव, विधि-विधान और वेद मंत्रों की गूंज के साथ सम्पन्न हुआ। इस तीन दिवसीय आयोजन की विशेषता रही कि यह कार्यक्रम दंडी स्वामी गुरुदेव इन्दु भवानंद महाराज और आचार्य धर्मेन्द्र महाराज जैसे सुप्रसिद्ध संतों के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। मंदिर में श्रीराम, माता दुर्गा, हनुमान जी सहित अनेक देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत् पूजन एवं हवन के माध्यम से की गई। पूरे आयोजन के दौरान देश के प्रतिष्ठित आचार्यों एवं विद्वान पंडितों द्वारा वेद-पुराणों के मंत्रोच्चार, भागवत कथा, हवन और भक्ति संगीत की प्रस्तुति ने समस्त वातावरण को दिव्य बना दिया। आश्रम के सभी बुजुर्गों ने पूरे श्रद्धा भाव से भाग लिया और यह आयोजन उनके जीवन में एक अनोखा आध्यात्मिक अनुभव बन गया। इस आयोजन के प्रमुख कल्पना योगेश तिवारी, ट्रस्टी-माँ गोदावरी आनंद वन, योगेश तिवारी जी थे, जिनके मार्गदर्शन एवं सेवाभाव से यह दिव्य कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। साथ ही मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा में हीरा गुरुप से सिद्धार्थ अग्रवाल शामिल हुये और समारोह के दौरान भोजन प्रसादी, भजन कीर्तन, और मंदिर की भव्य सजावट ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। यह कार्यक्रम न सिर्फ आश्रम के बुजुर्गों बल्कि पूरे ग्राम गोमची और आसपास के क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक धार्मिक उत्सव बन गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शामिल हुए - प्रहलाद रजक,विजय सिन्हा, राजेंद्र शर्मा, परमेश्वर वर्मा, हर्षवर्धन तिवारी,संजीव तिवारी, राजा शिवहरे, गौरव साहू, विकास तंबोली, मोंटी साहू, धर्मेंद्र साहू,गोपी देवांगन, मधु राय, ललित साहू, सावित्री रजक, अंजलि नंदराम गंधर्व, लेखमणि पांडेय जय पांडेय, दीपक तिवारी, डीके तिवारी, संजय शर्मा उपस्थित रहे।

# अल्काटेल ने भारत में अपने बहुप्रतीक्षित वी3 सीरीज की लन्चिंग की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

फ्रांस की जानी-मानी टेक्नोलजी ब्रांड अल्काटेल ने भारत में अपने बहुप्रतीक्षित वी3 सीरीज़ की लन्चिंग की घोषणा की है। इस सीरीज़ में तीन नए स्मार्टफोन शामिल हैं वी3 अल्ट्रा, वी3 प्रो और वी3 क्लासिक, जिन्हें खास तौर पर भारत के युवाओं के लिए बनाया गया है। ये स्मार्टफोन भारत में पहली बार एनएक्सटीपेपर डिस्प्ले तकनीक के साथ आए हैं, जो डिस्प्ले टेक्नोलजी की दुनिया में एक बड़ी उपलब्धि है। लन्च पर बात करते हुए अतुल विवेक, चीफ बिजनेस अफिसर, नेक्स्टसेल इंडिया ने कहा अल्काटेल को गर्व है कि हम भारत में पहली बार पेटेंटेड एनएक्सटीपेपर डिस्प्ले तकनीक लेकर आ रहे हैं। इससे इनोवेशन, यूजर कंफर्ट और बेहतर प्रोडक्टिविटी मिलती है। ये लन्च स्मार्टफोन यूज करने का तरीका बदल देगा, चाहे पढ़ना हो, बनाना हो या फिर यादगार पल कैप्चर करना। हम ऐसे डिवाइसेस लेकर आ रहे हैं जो परफर्मेंस और डिजाइन में तो बेहतरीन हैं ही, साथ ही यूजर की सेहत और उनकी सहूलियत का भी पूरा ध्यान रखते हैं। अंश राठी, चीफ अपरेटिंग अफिसर, नेक्स्टसेल इंडिया ने कहा भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाते हुए हम पूरी तरह 'मेक इन इंडिया' विजन के साथ काम कर रहे हैं। अपनी मैन्युफैक्चरिंग यहीं लोकल करने से हम सप्लाई चेन को और बेहतर बना पाएंगे, क्वालिटी कंट्रोल मजबूत करेंगे और भारत की बढ़ती टेक्नोलजी इंडस्ट्री में अहम योगदान देंगे। ये इन्वेस्टमेंट हमारी लन्ग-टर्म प्लानिंग का हिस्सा है ताकि भारतीय यूजर्स को बेहतरीन क्वालिटी और सुलभ टेक्नोलजी मिल सके।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मुस्लिम समाज ने दी ईदुल अजहा की बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




मुस्लिम समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट कर ईदुल अज़हा की बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश में निवासरत मुस्लिम समाज को त्याग और बलिदान का प्रतीक ईदुल अज़हा त्यौहार की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री निवास में मिर्जा एजाज बेग,सदस्य भाजपा प्रदेश कार्यसमिति, मौलाना हसन अब्बास एवं मौलाना अमीर बेग ने साय को ईदुल अज़हा की मुबारकबाद देते हुए प्रदेश की तरक़्क़ी एवं खुशहाली के लिए दुआऐं की।

## प्रकोष्ठ का कार्य 2 जून 2025 से प्रभावशील

# आयुक्त ने नगर निगम रायपुर क्षेत्र हेतु बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन कर अधिकारियों को सौंपे दायित्व

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप द्वारा नगर निगम रायपुर क्षेत्र हेतु मानसून के दौरान अतिवृष्टि होने एवं निगम क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित होने पर जल निकासी व बचाव कार्य की व्यवस्था करने हेतु बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। प्रकोष्ठ मुख्यालय टिकरापारा पुलिस थाना के पास स्थित मोटर कर्मशाला कार्यालय बनाया गया है। दूरभाष नंबर 0771- 2272101, 2274101 में नागरिक बाढ संबंधी सूचनाएं दे सकते है। इसमें मोटर कर्मशाला कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव प्रभारी अधिकारी मोबाईल नंबर 9301953219 के तौर पर बाढ़ नियंत्रण से संबंधित सूचनाएं संबंधित निगम अधिकारियों व कर्मचारियों को तत्काल देने हेतु जवाबदेह रहेंगे। आयुक्त के आदेशानुसार नगर निगम रायपुर क्षेत्र हेतु बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का कार्य 2 जून से प्रभावशील हो गया है। ज्ञात हो कि नगर निगम आयुक्त ने आदेश जारी कर प्रकोष्ठ में 8-8 घंटे की 3 शिफ्ट में अधिकारियों, अभियंताओं, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। सम्पूर्ण कार्य के लिये निगम प्रभारी अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय मो.नं. 9424264100 को प्रभारी अधिकारी एवं उनका लिंक अधिकारी निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही मो. नं. 9691285715 को बनाया गया है। अतिवृष्टि / आपात की स्थिति में पूर्ण नियंत्रण की जवाबदेही संबंधित जोन के जोन कमिश्नर की रहेगी । सभी जोन कमिश्नर प्रकोष्ठ जोन प्रभारी के तौर पर बाढ़ नियंत्रण कार्य करेंगे। अतिवृष्टि के दौरान प्रत्येक वर्षा काल एवं जोन के अंतर्गत आने वाले वार्डो का भ्रमण कर वे प्रथम सूचना प्राप्त कर जल निकास करके तत्काल बाढ़ प्रभावित परिवारों का आवश्यक व्यवस्थापन करके अनिवार्य व्यवस्था उपलब्ध करायेंगे। जोन स्वास्थ्य अधिकारी प्रतिदिन जोन कमिश्नर से समन्वय रखकर कार्यों की रोजाना प्रगति से उन्हें अवगत करायेंगे। समस्त जोन कमिश्नर नगर के जर्जर भवनों की सूची तत्काल तैयार कर जर्जर भवन मालिकों को निगम अधिनियम के तहत नोटिस देने की नियमानुकुल कार्यवाही करेंगे। प्रत्येक जोन कमिश्नर यह प्रमाणित करेंगे कि उनके जोन क्षेत्र में सभी जर्जर भवनों के विरूद्ध कार्यवाही की जा चुकी है अन्य कोई जर्जर भवन शेष नहीं है। आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया कि बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ कार्यालय एवं प्रत्येक जोन कार्यालय में बाढ़ से संबंधित शिकायतों के लिये पृथक से शिकायत पंजी प्रविष्ठि कर संधारित की जाये । आयुक्त ने नगर के ऐसे आवासीय व्यवसायिक परिसरों, जिसमें अतिवृष्टि के समय बेसमेंट में पानी भर जाता है, उसे निकालने पंप फायर फाईटिंग उपकरण विद्युत के अवरोध से बचाव व बेसमेंट में पानी में करंट न हो ऐसे बचाव के उपाय हेतु तत्काल संबंधित भवन मालिकों को समय रहते अवगत करा कर सम्पूर्ण बचाव सुरक्षा व्यवस्था जनहित में जनजीवन सुरक्षा हेतु मानसून के दौरान पूर्व निश्चित करवाने निर्देश दिये है। उन्होने सभी जोन कमिश्नरों को प्रत्येक जोन में 100-100 बोरी रेत की व्यवस्था उनका तालाबों, नालों, नहरों के कटाव को रोकने के लिए सदूपयोग करने रखवाने के निर्देश दिये है। बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ मुख्यालय में तत्काल 200 बोरी रेत रखवाना सुनिश्चित करने प्रभारी कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा मो.नं. 7694930615 को दायित्व दिया है। प्रत्येक जोन एवं बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ में बाढ़ राहत सामग्री मोटर पंप, रस्सी, ट्यूब, टार्च, बाल्टियां, धमेला, सब्बल, कुदाल आदि की व्यवस्था जोन के द्वारा की जाये एवं बाढ़ नियंत्रण राहत शिविर भवनों, शाला भवनों में पेयजल प्रबंध व निचली बस्तियों के जल भराव वाले स्थानों में नागरिकों हेतु पानी पाउच की व्यवस्था करने का कार्य जोन कमिश्नर करें। आयुक्त ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के व्यवस्थापन की व्यवस्था का दायित्व सभी जोन कमिश्नरों को दिया है एवं भोजन की व्यवस्था भी जोन कमिश्नरो के दायित्व में दी गई है। बाढ़ से प्रभावित परिवारों के व्यवस्थापन के लिये शाला भवनों का उपयोग किया जायेगा। कार्यपालन अभियंता द्रोणी कुमार पैकरा मो. नं. 9926918382 प्रतिदिन 8 बजे एवं संध्या 6 बजे बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ मुख्यालय में उपस्थित होकर वहां की जानकारी लेंगे एवं शिविर में रहने वाले नागरिकों की सूची तैयार करके जिनके मकान क्षतिग्रस्त हो गये है उन्हें बाढ़ प्रभावित शिविरों में रखने की व्यवस्था करायेंगे। शिविरों में चिकित्सकों की व्यवस्था स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही करायेंगी। जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण अतिवृष्टि के पूर्व युद्ध स्तर पर अपने-अपने क्षेत्रो के नालो की सफाई पूर्ण कर की गई कार्यवाही से महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड एवं आयुक्त विश्वदीप को अवगत करायेंगे। पोर्टेबल डीजल पंप की आवश्यक मरम्मत एवं उन्हें चालू कराकर सबमर्सिबल पंपों की चालकों सहित व्यवस्था का कार्य कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव करायेंगे। पंपों व अन्य सामग्रियों को लाने ले जाने पिकअप वाहन, 2 अतिरिक्त चालकों, 4 मजदूरों की व्यवस्था कर बारिश प्रारंभ होते ही उन्हें अग्निशमन कार्यालय में मोटर कर्मशाला के सहायक अभियंता युवराज सिंह सिदार मो. नं. 7987734722 बारिश प्रारंभ होते ही उपलब्ध करवायेंगे। निरीक्षण वाहन की व्यवस्था चालक सहित सूची उपलब्ध कराने का कार्य बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ हेतु कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव करायेंगे। सफाई कामगारों की व्यवस्था स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही को दिया गया है। वे प्रत्येक शिफ्ट में 5 सफाई कामगार के मान से सफाई कामगार उपलब्ध करायेंगे। प्रत्येक जोन से 2-2 मजदूरो की व्यवस्था जोन कमिश्नर द्वारा बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ में करायी जायेगी एवं प्रभारी अधिकारी उनकी उपस्थिति दर्ज कराकर अपने निर्देशन में आवश्यकतानुसार कार्य करायेंगे। बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ मुख्यालय का उपकार्यालय प्रत्येक निगम जोन का कार्यालय भवन रहेगा, जहां प्रतिदिन जोन कमिश्नर व्यवस्था की समीक्षा कर उच्चाधिकारियों को वस्तुस्थिति की जानकारी देवेंगे। नालों, नालियों के अवरोध जिनके कारण जल निकास अवरूद्ध होता है या जिन क्षेत्रो की कच्ची नालियो के माध्यम से जल निकास किया जाना है की व्यवस्था प्रत्येक जोन कमिश्नर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी व जोन स्वच्छता निरीक्षक के साथ मिलकर सुनिश्चित करायेंगे। पंपों के ईंधन व्यवस्था, चालकों की व्यवस्था, चालकों की सूची सहायक अभियंता युवराज सिंह सिदार उपलब्ध करायेंगे।

# जल जीवन मिशन के कार्यों को गंभीरता एवं जिम्मेदारी से करें पूर्ण : मिशन संचालक

## जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न, जिले को राज्य में शीर्ष स्थान दिलाने निर्धारित समयसीमा में लक्ष्य पूर्ति के निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप हर घर तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने जल जीवन मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मिशन संचालक जितेंद्र शुक्ला ने की। इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता बिलासपुर संजय सिंह, प्रमुख अभियंता टी.डी. शांडिल्य, अधिकारीगण एवं अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मिशन संचालक शुक्ला ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन केवल एक विकास योजना नहीं, बल्कि आमजन के जीवन की मूलभूत आवश्यकता से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मिशन के अंतर्गत कार्यों को ओनरशिप की भावना के साथ गंभीरता व उत्तरदायित्व से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 हेतु शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्यों को छोटे-छोटे चरणों में विभाजित कर, समयबद्ध और समन्वित तरीके से आगे बढ़ाया जाए। तकनीकी बाधाएं जैसे पाइपलाइन लीकेज, विद्युत आपूर्ति, सोलर पंप या सड़क क्रॉसिंग से जुड़ी समस्याओं का विभागीय समन्वय से त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मिशन संचालक ने जून माह में तीनों विकासखंडों के 100 ग्रामों में जल आपूर्ति प्रारंभ कर योजनाओं को संबंधित ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करने के निर्देश। इसके साथ ही उन्होंने पीएम जनमन, पीवीटीजी ग्राम एवं धरती आबा योजना के अंतर्गत चिन्हित गांवों में 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मद्कूदीप एवं खुड़िया समूह जल प्रदाय योजना की प्रगति की समीक्षा की और बिंदुवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए मल्टी विलेज योजना के अंतर्गत 240 ग्रामों में जल आपूर्ति निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग, पीएमजीएसवाई, विद्युत एवं जल संसाधन विभाग से संबंधित क्लियरेंस की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया। मिशन संचालक ने कहा कि सभी अधिकारी जल जीवन मिशन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समर्पित भाव से कार्य करें, ताकि मुंगेली जिला प्रदेश में जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन में शीर्ष स्थान प्राप्त कर सके। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि मुंगेली जिला भौगोलिक दृष्टि से छोटा होने के कारण यहां योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की संभावना अधिक है। शासन द्वारा प्राप्त सभी लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने जनपद सीईओ की भूमिका को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताते हुए अधिकारियों को गंभीरता, निष्ठा और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुंगेली जिले में कुल 01 लाख 67 हजार 829 घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय करने का लक्ष्य निर्धारित है। वर्तमान में जिले में 02 समूह जल प्रदाय योजनाएं, 558 एकल ग्राम योजनाएं एवं 140 सोलर आधारित योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिले के 674 ग्रामों के लिए कुल 700 योजनाएं संचालित हैं, जिनकी नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

# मनोरा स्वास्थ्य केंद्र के औचक निरीक्षण पर पहुंचे

## सीएमएचओ डॉ. जात्रा 24 घंटे सुविधा के दिए निर्देश



पोस्ट मार्टम के लिए किसी को भटकना ना पड़े इसे लेकर सभी रहें गंभीर-डॉ. जात्रा

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जात्रा मनोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे उन्होंने कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार स्वास्थ्य केंद्र की टीम को ग्रामीणों के लिए निर्बाध 24 घंटे सर्विस देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, मरीज किसी भी वक्त अस्पताल पहुंचे तो उन्हें खाली और निराश जाने नहीं दिया जाए। चिकित्सा सुविधा के लिए सभी तत्पर रहें।

**बिना जांच के रेफर न करें-** सीएमएचओ डॉ. जात्रा ने कहा, स्वास्थ्य केंद्र की टीम को यह निर्देश दिया गया है कि इस मौसम में मरीजों की संख्या अधिक हो जाती है। सांप और अन्य जानवरों का खतरा अधिक रहता है। इसलिए स्नैक बाइट या डॉग बाइट के केस आने पर पहले उसका उचित प्राथमिक इलाज करें और गंभीर स्थिति होने के बाद ही उसे उच्च चिकित्सा सेंटर के लिए रेफर करें। अनावश्यक रेफर न करें लोग परेशान होते हैं।

**टीवी की जांच पर दिया जोर-** सीएमएचओ डॉ. जात्रा ने बताया कि अस्पताल आने वाले 10 प्रतिशत मरीजों की टीवी की जांच जरूर करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पीएम सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच के लिए भी निर्देशित किया गया है।

> मनोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 120 एंटी स्नैक वेनम और एंटी रेबिस इंजेक्शन है। मौसमी बिमारियों से इलाज के लिए अलर्ट रहने निर्देशित किया गया है।
> **-डॉ. जात्रा, सीएमएचओ जशपुर**

# जिले में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कम्यूनिटी एडवाइजरी बोर्ड गठित

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशानुसार जिले में कम्यूनिटी एडवाइजरी बोर्ड का गठन किया गया। यह बैठक परियोजना संचालक एवं संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला एवं कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार, राज्य एड्स नियंत्रण समिति के उपसंचालक विक्रांत वर्मा की अध्यक्षता में, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में कैब बोर्ड की भूमिका, कार्ययोजना और दिशा कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी गई। उपसंचालक वर्मा ने राज्य कार्यालय की ओर से कार्यक्रम की समीक्षा की और कैब बोर्ड को एचआईव्ही/एड्स रोकथाम से जुड़े निर्देश प्रदान किए। साथ ही, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, नई दिल्ली द्वारा एचआईव्ही की वर्तमान स्थिति, बचाव के उपायों और नवीनतम आंकड़ों को भी साझा किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ने बोर्ड के सभी सदस्यों से समुदाय स्तर पर प्रभावी कार्य कर सकारात्मक परिणाम लाने का आह्वान किया। वहीं जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ. सुदेश कुमार रात्रे ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि एचआईव्ही संक्रमित व्यक्तियों को निःशुल्क बस पास, अंत्योदय राशनकार्ड समेत कई योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम में आईसीटीसी परामर्शदाता दिलीप कुमार बसंत ने एचआईव्ही एक्ट 2017 के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, विधिक सेवा प्राधिकरण, सखी वन स्टॉप सेंटर, ग्रामीण विकास सहारा संस्था एवं जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खुड़िया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का मिशन संचालक शुक्ला ने किया निरीक्षण

## गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं, टीपीआई को कारण बताओ नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जल जीवन मिशन के तहत जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मिशन संचालक जितेन्द्र शुक्ला ने लोरमी विकासखंड के ग्राम खुड़िया में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने योजना के मैप एवं तकनीकी डिजाइनों का अवलोकन कर कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। मिशन संचालक शुक्ला ने निरीक्षण के दौरान रॉ वॉटर पंपिंग मशीनरी, डब्ल्यूटीपी (वाटर ट्रीटमेंट प्लान), पाइपलाइन कार्य और वॉटर ग्रेविटी सिस्टम की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों का मूल्यांकन किया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य में जलापूर्ति की कोई समस्या न हो। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता टी.डी. शांडिल्य, मुख्य अभियंता बिलासपुर संजय सिंह, कार्यपालन अभियंता मुंगेली कुन्दन राणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मिशन संचालक शुक्ला ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्माण में प्रयुक्त सामग्रियों की गुणवत्ता का भौतिक परीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य मानक अनुसार ही हो, प्रत्येक चरण का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर टीपीआई धीरज दुबे की कार्यशैली में लापरवाही पाए जाने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही टीपीआई की उपस्थिति की प्रभावी निगरानी के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस डिवाइस लगाने का निर्देश दिए गए। मिशन संचालक ने कहा कि निर्माण कार्य की गति बढ़ाने हेतु श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाए। सब स्टेशन वाले क्षेत्र को सुरक्षित रूप से घेरा जाए।

सामग्री के बिलों का नियमित परीक्षण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि अधिकारी हर सप्ताह स्थल का निरीक्षण करें एवं प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने स्वयं भी समय-समय पर निरीक्षण के लिए पहुंचने की बात कही। मिशन संचालक ने स्पष्ट किया कि जल जीवन मिशन के तहत कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि होगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गौरतलब है कि खुड़िया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से जिले के 206 ग्रामों के ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ होगा। उन्हें स्वच्छ और पर्याप्त जलापूर्ति की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे उनकी जीवनशैली में सुधार होगा।

# दिव्यांग सूरजनराम को मिली ट्राईसाइकिल अब कहीं भी आने जाने में हो रही है आसानी

## राशनकार्ड, पेंशन, और आयुष्मान कार्ड का भी मिल रहा है लाभ



पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

समाज कल्याण विभाग के निःशुल्क ट्राईसाइकिल का लाभ लेकर जशपुर विकास खंड के ग्राम हर्राडीपा निवास सूरजनराम को अब कही भी आने जाने में आसानी हो रही है। उन्होंने बताया कि पहले आने जाने के लिए दूसरों पर निर्भर होना पड़ता था ट्राई साइकिल मिलने के बाद स्वयं आत्मनिर्भर बन गए हैं। उन्होंने बताया कि उनका राशनकार्ड बन गया है और प्रत्येक माह राशन मिलता है। उनका आयुष्मान कार्ड भी बन गया है। और दिव्यांग पेंशन का भी लाभ मिल रहा है इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग जनों के लिए ट्राईसाइकिल बहुत उपयोगी और सहायक होता है। व्यक्ति अपने दैनिक कार्य जैसे स्कूल जाना, कार्यालय बाजार के कार्य को आसानी से कर लेता है और समाजिक कार्यक्रम में भी शामिल हो जाता है। सायकल चलाने से शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है। व्यक्ति का आत्मनिर्भरता के साथ आत्मविश्वास और आत्मसम्मान भी बढ़ता है। व्यक्ति अपनी सुविधा के अनुसार हाथ वाला ट्राई साइकिल बैटरी वाला ट्राईसायकल और तीन पहिया वाला ट्राईसायकल चलाकर अपना काम आसानी से कर सकता है।

# जशपुर में 12 जून को सुबह 11 बजे से आयोजित होगा वृहद कटहल मेला

## महिला समूहों, कृषक संगठनों एवं उद्यमियों को मिलेगा कटहल व्यवसाय में नवाचार का अवसर

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





जिला प्रशासन जशपुर एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में बृहद कटहल मेला का आयोजन आगामी 12 जून को प्रातः 11:00 बजे से, स्थानीय वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल, जशपुर में किया जा रहा है। यह मेला कलेक्टर रोहित व्यास के दिशा-निर्देश तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है। इस मेले में जिले के महिला स्व-सहायता समूहों, कृषक उत्पादक संगठनों, उत्पादक कंपनियों और कटहल व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। मेले में कटहल प्रसंस्करण से संबंधित विषय विशेषज्ञ एवं तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे, जो प्रतिभागियों को कटहल से बनने वाले विभिन्न उत्पादों जैसे - बिरयानी, अचार, कैंडी, बिस्कुट, चिप्स आदि के निर्माण, विपणन और व्यावसायिक संभावनाओं के विषय में प्रशिक्षण देंगे। साथ ही, कटहल आधारित खाद्य उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कटहल एक अत्यंत पौष्टिक फल है, जिसमें विटामिन सी, पोटैशियम, एंटीऑक्सीडेंट तथा फाइबर भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इससे कई प्रकार की स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक रेसिपियाँ तैयार की जा सकती हैं जिनकी स्थानीय और शहरी बाजारों में व्यापक माँग है। मेले में कटहल से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। विशेष रूप से, किसानों द्वारा लाए गए सबसे बड़े और सबसे लंबे कटहल को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कटहल पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जो प्रतिभागियों की जानकारी और समझ को बढ़ावा देगी। इस मेले में कृषि महाविद्यालय कुनकुरी, उद्यानिकी महाविद्यालय कुनकुरी, कृषि विभाग, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र, 10K योजना के अंतर्गत गठित कृषक उत्पादक संगठन, नाबार्ड द्वारा पोषित रीड्स संस्था एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत प्रत्येक विकासखंड के संकुल संगठनों से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भाग ले रही हैं। यह मेला न केवल कृषि आधारित व्यवसाय को बढ़ावा देने की दिशा में एक सशक्त पहल है, बल्कि गैर-कृषि क्षेत्र में भी स्वरोजगार एवं आर्थिक समृद्धि के अवसर प्रदान करेगा। जागरूकता कार्यक्रमों और प्रशिक्षण के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं ग्रामीण उद्यमियों को कटहल आधारित उद्योगों की स्थापना में सहायता प्रदान की जाएगी।

# एबीईओ होने के बावजूद दूसरे ब्लॉक के अपने करीबी एबीईओ को डीईओ ने बना दिया प्रभारी

## बम्हनीडीह ब्लॉक के साथ डीईओ की लगातार साजिश

पायनियर संवाददाता ‹ चांपा
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर अश्वनी भारद्वाज ने बम्हनीडीह ब्लॉक को टारगेट कर रखा है। अतिशेष शिक्षक के मामले में साजिश कर जहाँ कलेक्टर को गुमराह में रखकर बीईओ एम डी दीवान के खिलाफ प्रतिवेदन देकर निलंबित कराया जबकि बीईओ की सूची सही थी जिले में ही फेरबदल किया गया और जिम्मेदार बीईओ को ठहरा दिया गया। अब फिर से बम्हनीडीह ब्लॉक में पदस्थ एबीईओ रत्ना थवाईत की जगह दूसरे ब्लॉक केअपने करीबी एबीईओ ललित जाटवर को बीईओ बम्हनीडीह का प्रभार दे दिया गया जो पूरी तरह से नियम विरुद्ध है। ब्लॉक में एबीईओ के रहते दूसरे ब्लॉक के एबीईओ को प्रभार नही दिया जा सकता है। इससे ऐसा लगता है कि डीईओ बम्हनीडीह के खिलाफ साजिश रचने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। इसके पहले इसी जिले में अकलतरा ब्लॉक में बीईओ के हटने के बाद वही पदस्थ एबीईओ रत्नमाला सिंह को प्रभारी बीईओ बनाया गया जो अभी भी अकलतरा में कार्य कर रही है। एक ही जिले में अलग अलग ब्लॉक के लिए डीईओ का अलग नियम समझ से परे है। अपनो को उपकृत करने के लिए वे नियम कायदों को भी दरकिनार कर दे रहे है। उनकी जब जैसी मर्जी मनमाने ढंग से आदेश कर रहे है। जिला प्रशासन द्वारा शायद उन्हें खुली छूट दे दी गयी है। सब जगह महिलाओं को उनके अधिकार दिलाए जा रहे है लेकिन डीईओ भारद्वाज द्वारा महिला सशक्तिकरण का मजाक उड़ाया जा रहा है। उनके अधिकार का हनन कर अपने करीबी को बीईओ का प्रभार दे दिया गया जो पूरी तरह से नियम विरुद्ध है और एबीईओ रत्न थवाईत के अधिकार का हनन है। युक्तियुक्तकरण कॉउंसलिंग में भी डीईओ ने मनमानी की है इसके बाद भी जिला प्रशासन कोई कार्रवाई नही कर रहा है।

**कलेक्टर को कर रहे गुमराह-** डीईओ द्वारा युक्तियुक्तकरण में अतिशेष शिक्षको के मामले में कलेक्टर को गुमराह किया गया लगभग सभी ब्लॉकों में खामियां रही जिसे सुधार कर कॉउंसलिंग किया गया लेकिन बम्हनीडीह के खिलाफ प्रतिवेदन।

अब बीईओ प्रभार के मामले में भी कलेक्टर को गुमराह कर अपने करीबी एबीईओ को बीईओ बम्हनीडीह का प्रभार दे दिया गया।

## तहसीलदार मौके पर पहुंच कर मिक्सचर मशीन जब्त कर थाने को किया सुपुर्द

# शासकीय भूमि पर बना रहे आलीशान भवन पर बुलडोजर चलने का इंतजार है नागरिकों को

पायनियर संवाददाता ‹ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com





जांजगीर चांपा जिले के शिवरीनारायण में खरौद रोड स्थित रियान होटल के बगल में शासकीय भूमि ख.न. 629 पर बेजाकब्जा के संबंध में तहसीलदार से शिकायत हुई है कि शिवरीनारायण खरौद रोड़ में शासकीय भूमि खसरा नम्बर 629 रकबा 0.121हे.भूमि के कुछ अंश पर आनंद केडिया के द्वारा अवैध कब्जा कर उसमें निर्माण कार्य निरंतर जारी है। बताया जा रहा है कि कब्जा की भूमि लगभग 4 डिसमील है और यह शिवरीनारायण -खरौद मुख्य सड़क मार्ग व व्यावसायिक क्षेत्र में होने के कारण इसकी बाजार कीमत एक करोड़ रूपए से भी अधिक की आंकी जा रही है। लेकिन सत्ता पक्ष में बैठे नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत और नपं. जनप्रतिनिधियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। क्योंकि जो खसरा नंबर 629 के कुछ भू भाग पर कब्जा किया है वह भी भाजपा नेता है और नपं.अध्यक्ष खेमे से तालुक रखते हैं। वहीं नगर के एक युवा नेता गौरव केशरवानी ने हाल ही में इस मामले को बेहद गंभीरता से लेकर इसे नगर विकास में बाधा मानते हुए नगर की इस बेशकीमती भूमि से कब्जा हटवाने तहसीलदार शिवरीनारायण, अनुविभागीय अधिकारी जांजगीर तथा कलेक्टर जिला जांजगीर-चाम्पा से मांग की। जिस पर तहसीलदार अविनाश चौहान ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच उपरांत भवन निर्माण पर 6 जून को स्थगन आदेश जारी किया। लेकिन इस भाजपा नेता ने इस आदेश की धज्जी उड़ाते हुए भवन का निर्माण कार्य निर्बाध जारी रखे रहा। इसकी जानकारी होने पर तहसीलदार अविनाश चौहान ने उन्हे रविवार को समझाईश देकर भवन निर्माण कार्य बंद करा दिया था। इसके बावजूद भी ये तथाकथित भाजपा नेता अपने हरकत से बाज नही आया और आज सुबह लगभग 4 बजे से ही अपने भवन का ढलाई कार्य करने लगे। इसकी जानकारी तहसीलदार को हुई तो वे आर.आई.व पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य में उपयोग कर रहे मिक्सचर मशीन को जब्त कर थाने का सुपुर्द कर दिये। नगर में चर्चा व्याप्त है कि अब ये तथाकथित भाजपा नेता अपने मामला को रफा-दफा कराने अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव बना रहे है। एक ओर छ.ग. की भाजपा सरकार प्रदेश भर में सुशासन तिहार मना रहे हैं और वहीं दूसरी ओर भाजपा के कुछ ऐसे तथाकथित नेता अपने निजी स्वार्थ को पूरा करने अधिकारियों के आदेशों की धज्जियां उड़ाकर कानून व्यवस्था बिगाड़ने में लगे हैं। इन परिस्थितियों में अब देखना है कि इस सम्पूर्ण मामले में प्रदेश में बैठी सुशासन की सरकार भ्रष्टाचारी और अवैध कब्जा करने वाले पर क्या कार्यवाही करते है। इस बेशकीमती निर्माणाधीन आलीशान भवन को कब तक धराशायी करते हैं शासन प्रशासन इस पर कब बुलडोजर चलायेंगी, यह आने वाले समय बताएगा। फिलहाल नागरिकों में इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है।

> शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण के विरूध्द चार दिन पहले ही स्थगन आदेश जारी कर दिये थे।उसके बाद भी वहां निर्माण कार्य जारी था आज जानकारी मिलने पर सुबह मौके पर पहुंच कर मिक्सचर मशीन को जब्त कर पुलिस के सुपुर्द कर दिए हैं ।
> **- अविनाश चौहान तहसीलदार शिवरीनारायण**

# मृतक के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 04 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मीलपारा रिसाली बस्ती भिलाई तहसील व जिला दुर्ग निवासी स्व. कुंजलाल देशमुख की विगत 15 नवम्बर 2023 को डबरी तालाब रिसाली गांव नेवई में तालाब में उतरते समय पैर फिसलने से गिरने पर पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. कुंजलाल देशमुख की पत्नी परदेशनीन बाई को 04 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# जनदर्शन : मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट में होगा आयोजित

**मुंगेली।** आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार 10 जून को प्रातः 11 बजे से जिला कलेक्टोरेट में किया जाएगा। कायक्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनेंगे एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश देंगे। नागरिक अपनी समस्याएं जैसे राशन, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, नल-जल योजना, जाति,आय, निवास प्रमाणपत्र आदि से संबंधित आवेदन लेकर इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने चिंतन शिविर 2.0 के दूसरे दिन योग से की दिन की शुरुआत

## मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ विभिन्न आसनों का किया अभ्यास

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) नवा रायपुर परिसर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ योगासन कर चिंतन शिविर 2.0 के दूसरे दिन की शुरुआत की। उन्होंने योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बताते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांत करता है और हमें प्रकृति के अधिक समीप लाता है। यह योगाभ्यास न केवल एक प्रेरणादायक पहल थी, बल्कि प्रदेश में स्वास्थ्य एवं संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करने का भी सशक्त संदेश था। मुख्यमंत्री साय के साथ इस योग सत्र में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा तथा आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. रामकुमार काकानी भी शामिल हुए।

### सुशासन की नई परिभाषा गढ़ता चिंतन शिविर 2.0 तकनीक और नवाचार से गुड गवर्नेंस की राह

छत्तीसगढ़ सरकार के कामकाज को और अधिक प्रभावी एवं जन-हितैषी बनाने के उद्देश्य से भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रायपुर में चिंतन शिविर 2.0 का आयोजन किया गया। इस शिविर में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुँचाने के नवाचारों और सुशासन की आधुनिक तकनीकों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके मंत्रीमंडल के सहयोगियों ने विषय विशेषज्ञों के साथ सुशासन के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए। चिंतन शिविर के अंतिम दिन प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने आर्ट ऑफ गुड गवर्नेंस विषय पर व्याख्यान देते हुए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने, राज्य की क्षमताओं में वृद्धि करने, अनावश्यक नियमों को हटाने तथा सरकारी एजेंसियों के पुनर्गठन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरकारें अपने नीति-निर्धारण और कार्यान्वयन की गुणवत्ता को कैसे अधिक प्रभावी बना सकती हैं। डिजिटल हेल्थ विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने डिजिटल स्वास्थ्य तकनीकें और सुशासन के सम्बन्ध में बताया कि डिजिटल हेल्थ टेक्नोलॉजीज दूरदराज और पिछड़े क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम हैं। उन्होंने ई-हेल्थ रिकॉर्ड्स, टेलीमेडिसिन, मोबाइल हेल्थ ऐप्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के उपाय बताए।

# प्रदेश में नशीली दवाओं के खिलाफ चल रही मुहिम तेज, 25 मेडिकल स्टोरों की अनुज्ञप्ति निरस्त



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में नशीली दवाइयों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से राज्यभर में औषधि निरीक्षकों द्वारा पुलिस विभाग के सहयोग से संदेहास्पद मेडिकल संस्थानों में संयुक्त छापामार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के तहत नारकोटिक दवाओं के क्रय-विक्रय से संबंधित रिकॉर्ड, बिलिंग प्रणाली और सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। साथ ही, औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के अंतर्गत आवश्यक विधिक कार्रवाई भी की जा रही है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ द्वारा विगत दो माह में कुल 2920 मेडिकल स्टोरों का नियमित निरीक्षण किया गया है। इसके अतिरिक्त, 'नकॉर्ड' ( नेशनल नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन )की राज्य स्तरीय बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में 3610 मेडिकल संस्थानों के सीसीटीवी फुटेज का परीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान नारकोटिक दवाओं की बिक्री में अनियमितता पाए जाने पर 25 मेडिकल स्टोरों की अनुज्ञप्ति को निलंबित अथवा निरस्त कर दिया गया है। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 144 ब्लड सेंटर्स को ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकृत किया जा रहा है। भविष्य में इन केंद्रों से संबंधित समस्त आवेदन एवं प्रक्रियाएं केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार की जाएंगी। इस क्रम में सभी ब्लड सेंटर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं और पंजीयन की प्रक्रिया प्रगति पर है।

# राज्य सरकार ने दी अधिकारियों और कर्मचारियों को निजी विदेश यात्रा की अनुमति

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार ने अपने अधिकारी और कर्मचारियों को निजी विदेश यात्रा की अनुमति दे दी है। यह अनुमति 2011, 2015 और 2017 में जारी आदेशों को अधिक्रमित करते हुए दी गई है। इस संबंध में सचिव जीएडी अविनाश चंपावत ने सभी विभागों के सचिवों, विभागाध्यक्षों, कमिश्नर और कलेक्टरों को पत्र भेजकर कर शासन के फैसले से अवगत कराया है। जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य के समस्त विभागों/कार्यालयों में केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय के द्वारा 'कर्मयोगी भारत के माध्यम से विकसित इलेक्ट्रॉनिक मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (ई-एचआरएमएस) के क्रियान्वयन का निर्णय लिया गया है। सुशासन के दिशा में प्रयास करते हुए शासकीय सेवकों द्वारा निजी प्रयोजन से की जाने वाली विदेश प्रवास के अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया में आवश्यक संशोधन करते हुए इसे ई-एचआरएमएस प्रणाली से एकीकृत किया जा रहा है। अतः शासन द्वारा पूर्व में निजी विदेश प्रवाश हेतु जारी समस्त निर्देशों को अधिक्रमित कर निर्णय लिया गया है। निजी विदेश प्रवास की अनुमति के लिए स्वीकृति सक्षम अधिकारी अर्जित अवकाश स्वीकृतकर्ता अधिकारी होगा। ऐसे शासकीय सेवक जिनका ई-एचआरएमएस में ऑनबोर्डिंग हो चुका है वह सभी निजी विदेश यात्रा की अनुमति हेतु ई-एचआरएमएस के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करेंगे। प्राप्त आवेदन पत्र में यदि किसी प्रकार की कोई कमी या अतिरिक्त जानकारी की आवश्यकता होने पर एक सप्ताह के भीतर आवेदक को अवगत कराना अनिवार्य होगा। सभी पूर्ण आवेदनों पर 21 दिवस के भीतर स्वीकृति / अस्वीकृति का निर्णय लिया जाना आवश्यक होगा।

### सुकमा शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे की शहादत को नमन : डॉ. महंत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कोंटा सुकमा के पास नक्सली आईईडी ब्लास्ट में एएसपी आकाश राव गिरपुंजे के शहीद होने पर दुःख व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि दी है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि. नक्सलियों द्वारा यह अमानवीय नापाक हरकत है, शहीद आकाश राव की वीरता, बहादुरी और शहादत का प्रदेश सदैव ऋणी रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान दें परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। वही इस घटना में कोंटा थाना प्रभारी सोनल ग्वाला, एसडीओपी भानू प्रताप चंद्राकर सहित कुछ और भी जवानों के घायल हुये है, उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।

# 11 को जगन्नाथ महाप्रभु करेंगे स्नान, 26 को नेत्र उत्सव व 27 को निकलेगी भव्य रथयात्रा, राज्यपाल मुख्यमंत्री सहित मंत्रीगण होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु जी की द्वादश यात्राओं में से एक स्नान यात्रा 11 जून को पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न की जायेगी। जेष्ठ पूर्णिमा के दिन श्री विग्रहों की पवित्र स्नान यात्रा अनुष्ठित होती है। प्रातः काल में मंगलार्पण के उपरांत विग्रहों को डोर लगाने के बाद घण्टा, काहाल और छत्री सहित स्नान मण्डप के लिये यात्रा की शुरुआत होगी। 26 जून को नेत्र उत्सव मनाया जाएगा व 27 जून को गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से भव्य रथयात्रा निकलेगी। राज्य के संरक्षक महामहिम राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित समस्त मंत्रीगण, स्थानीय विधायक एवं गणमान्य नागरिकगण इस दौरान उपस्थित रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के संस्थापक, अध्यक्ष एवं विधायक पुरन्दर मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि 11 जून को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभू की स्नान यात्रा जगन्नाथ संस्कृति के अनुरूप सम्पन्न की जायेगी। देवी शीतला के सामने होने वाले सुना कूअ नाम के कूप से 108 कलशों के अभिमंत्रित जल से शास्त्रोक्त विधि के अनुसार श्री विग्रहों का स्नान सम्पन्न होगा। इसके बाद स्नानवेदी पर विराजमान श्री विग्रहों को हाथीवेश या गजानन वेष से अलंकृत किया जाएगा। स्नान पूर्णिमा से आषाढ़ अमावस्या तक श्री विग्रह अणसर (अस्वस्थ या क्वारंटाईन) में श्री जगन्नाथ प्रभू चले जाएंगे। 26 जून को जगन्नाथ का नेत्र उत्सव होगा, इसके पश्चात 27 जून को रथ यात्रा अत्यंत ही धूम धाम से निकाली जाएगी।

# आबकारी आरक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन 27 जून तक

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग के आरक्षक के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन 4 जून से शुरू हो गई है। नियंत्रक छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार उक्त पद के लिए 27 जुलाई को परीक्षा आयोजित की जाएगी। आबकारी आरक्षक परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 27 जून को शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। उक्त आवेदन पत्र के त्रुटि सुधार हेतु आवेदन करने की तिथि 28 जून से 30 जून शाम 5 बजे तक निर्धारित है। नियंत्रक छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन करते समय परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाईन पद्धति से किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी, जो परीक्षा में उपस्थित होते हैं, उनका परीक्षा शुल्क व्यापम द्वारा वापस कर दिया जाएगा।

### नक्सलियों के कायरतापूर्ण हमले में शहीद रायपुर निवासी एएसपी आकाश राव गिरपुजे की पार्थिव देह पर महापौर मीनल चौबे ने दी विनम्र आदरांजलि



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने नक्सलियों द्वारा किये गए कायरतापूर्वक हमले में सुकमा जिले के कोंटा क्षेत्र में शहीद एएसपी रायपुर निवासी आकाश राव गिरपुजे की पार्थिव देह पर उनके निवास स्थान पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें समस्त राजधानी वासियों की ओर से विनम्र आदरांजलि अर्पित की है। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि शहीद आकाश राव गिरपुजे द्वारा मातृभूमि की सेवा करते हुए दी गयी शहादत को युगों-युगों तक ससम्मान स्मरण किया जाता रहेगा और नागरिकों को उनके साहस और वीरतापूर्ण कार्यों से सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा शक्ति प्राप्त होती रहेगी। शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुजे ना सिर्फ रायपुर शहर के बल्कि सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के गौरव पुरुष है।

### अर्थव्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, विदेश नीति, रोजगार, कृषि सभी क्षेत्र में मोदी सरकार नाकाम : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार के 11 सालों के अपने कार्यकाल में हर क्षेत्र में विफल साबित हुई। देश की विकास दर 6.5 से कम है, जो कोविड के बाद सबसे कम है। मेक इन इंडिया फेक इन इंडिया साबित हुआ। 2024 में 12700 से अधिक स्टॉर्टअप बंद हो गये। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून व्यवस्था मोदी सरकार के 11 साल सालो में बर्बाद हो गयी। मणिपुर जल रहा प्रधानमंत्री मोदी नजर चुराते है, पहलगाम हत्याकांड में खुफिया इनपुट को मोदी सरकार ने नजरअंदाज किया, ऑपरेशन सिंदूर का संघर्ष विराम अमेरिकी राष्ट्रपति के घोषणा के बाद किया गया। डोनाल्ड ट्रंप दावा करते है युद्ध विराम उन्होंने कराया। मोदी सरकार उस मौन है। चीन, भारत की जमीन पर कब्जा करता है लेकिन चीन के साथ भारत का व्यापार 99 अरब डालर का आंकड़ा पार कर चुका है।

### दीपक बैज ने दी शहीद एएसपी गिरिपुंजे को श्रद्धांजलि

**रायपुर।** सुकमा के कोंटा के पास नक्सली ब्लास्ट में एएसपी आकाश राव गिरिपुंजे के शहीद होने तथा एसडीओपी एवं टीआई के घायल होने की खबर पर कांग्रेस ने गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह नक्सलियों की कायराना हरकत है, शहीद आकाश राव गिरिपुंजे बेहद ही ईमानदार और कर्मठ अधिकारी थे।

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. Nursing | 2 Years |
| **Paramedical Course** | **Duration** |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech, Ortho tech | 1 Year |
| **Pharmacy Course** | **Duration** |
| D Pharmacy | 2 Years |

क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटों का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु
7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु
9201641200, 9201631200, 9201622400

10 June 2025 Pride Of Raipur

ROYAL PUBLIC SCHOOL
In Pursuit of Excellence
Admission Open
For Play Group, Nursery, Pre-Primary, Classes 1st to 12th
(Maths, Bio, Com. Arts)
Play, Learn and Grow... Together!
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre-Primary Classes
Chourasiya Coloney Near, Simran City Santoshi Nagar, Raipur
Call - 0771-4913336, 9589085558, 9329621221

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY RAIPUR
(Approved/ Affiliated-CSVTU-DTE-PCI)
SANTOSHI NAGAR MATHPURENA, RAIPUR (C.G.)
1 KM FROM RAIPUR BUS STAND
रायपुर शहर में स्थित एक मात्र कॉलेज
D.PHARMA
B.PHARMA
B.PHARMA (Lateral Entry) (2nd Yr. Direct Admission)
(THE ONLY COLLEGE IN RAIPUR CITY)
HOSTEL/SCHOLARSHIP FACILITY
एडमिशन के लिए संपर्क करें या ऑनलाइन रजिस्टर करें
www.makazadpharmacy.com
CONTACT FOR ADMISSION OR REGISTRATION
0771-4913335, 9425214413, 9329621221

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH
(Biology, Maths, Commerce)
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
Safe & Reliable Transport with Surveillance
Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
Monthly Seminars & Interactive Discussions
Audio, Visual, and Play-Way Method of Teaching for Pre Nursery Pre-Primary Classes
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221

हिप्नोसिस
● पूर्व जन्म दर्शन
● मानसिक अवसाद से मुक्ति
● किसी भी प्रकार का तनाव चिंता रिश्ते की समस्या
● ऐसा लगता है कि कोई है साथ में पर वो सिर्फ डर है खुद का
● भविष्य की चिंता
ऐसे सभी कारणों का निदान संभव है हिप्नोसिस के द्वारा
S. Nitin
Astrology & Numerology Expert
प्रथम मंजिल अशरफ इंग्लिश क्लासेज बिल्डिंग फव्वारा चौक बैरन बाजार रायपुर छत्तीसगढ़
www.snitinnumerological.com 7000074769

R.B.PLUS TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
Tensile + Membrane + Structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रीकास्ट
चैनलिंक जाली
पोल फेंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें ।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

CHHAYA APPLICATIONS
Waterproofing
With 3 to 10 Years Gurantee
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Bathroom waterproofing
Terrace waterproofing
Terrace garden waterproofing
External wall waterproofing
आपके घर को रखें लिक प्रूफ
9301117779

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403